▸▸ वर्ष 73 ▸▸ अंक 02 ▸▸ पृष्ठ 12
रीवा, सोमवार 29 सितंबर, 2025
▸▸ आश्विन शुक्ल पक्ष 07, विक्रम संवत् 2082
▸▸ नगर ▸▸ मूल्य 5 रुपए

विश्व का सर्वाधिक पढ़ा जाने वाला अखबार

# दैनिक जागरण

www.dainikjagranmpcg.com

विश्व हृदय दिवस आज






## पाकिस्तान को पांच विकेट से परास्त कर टीम इंडिया ने 9वीं बार जीता एशिया कप

# भारत के भाल पर विजय 'तिलक'




दुबई, जेएनएन। भारतीय क्रिकेट टीम ने नौवीं बार एशिया कप खिताब जीतकर एक बार फिर अपनी बादशाहत साबित कर दिया। वर्ल्ड चैंपियन टीम इंडिया ने एशिया कप टी-20 के फाइनल में पाकिस्तान को दो गेंद शेष रहते हुए पांच विकेट से परास्त कर खिताब अपने नाम कर लिया। अजेय भारत की इस टूर्नामेंट में पाकिस्तान पर यह तीसरी जीत है। इससे पहले उसने ग्रुप स्टेज और सुपर-4 में पाकिस्तान को परास्त किया था। एशिया कप के 41 सालों के इतिहास में पहली बार भारत और पाकिस्तान के बीच फाइनल खेला गया।

टॉस जीतने के बाद पहले गेंदबाजी करते हुए स्पिनर्स की बदौलत पाकिस्तान को केवल 19.1 ओवर में 146 के स्कोर पर समेटने के बाद शायद ही भारत ने सोचा होगा कि उन्हें जीत हासिल करने के लिए इतना जोर लगाना पड़ेगा। तिलक वर्मा की नाबाद 69 रनों की शानदार पारी की बदौलत भारत ने यह रोमांचक मैच अपने नाम किया।

पाकिस्तान के 147 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी टीम इंडिया की शुरुआत काफी खराब रही। पूरे सीरीज के दौरान फार्म में रहे अभिषेक 5 रन बनाकर पवेलियन लौट गए। उनके जोड़ीदार शुभमन गिल और कप्तान सूर्यकुमार भी सस्ते में चलते बने। एक समय 20 रन पर तीन विकेट खोने के बाद भारत पर संकट के बादल गहराने लगे थे। लेकिन तिलक वर्मा ने धैर्य के साथ पारी को एक छोर से संभाला। संजू सैमसन और शिवम दुबे ने बखूबी साथ दिया। आखिरी ओवर की चौथी गेंद पर रिंकू सिंह का चौका लगते ही भारतीय ड्रेसिंग रूम और मैदान में मौजूद दर्शक खुशी से झूम उठे। कोच गौतम गंभीर भी उत्साह छुपा नहीं सके। तिलक और रिंकू सिंह ने बल्ला लहराकर जश्न मनाया।




स्पिनर्स के बाद तिलक ने लिखी जीत की कहानी पेज-10

टीम इंडिया ने पीसीबी चीफ मोहसिन नकवी से ट्रॉफी नहीं ली।

### आखिरी ओवर की चार गेंदों का रोमांच

आखिरी ओवर में भारत को जीत के लिए 10 रन चाहिए थे और पहली दो गेंदों पर तिलक ने एक छक्का और दो रन की मदद से आठ रन बना दिए थे। अगली गेंद पर सिंगल लेकर उन्होंने रिंकू सिंह को विजयी रन बनाने का मौका दिया। एशिया कप में अपनी पहली गेंद पर रिंकू ने चौका लगाते हुए भारत को खिताबी जीत दिलाई। जीत के बाद रिंकू ने कहा- इस टूर्नामेंट में एक ही गेंद खेली। यह मायने नहीं रखता, टीम के लिए जितनी भी गेंद खेलने के लिए मिले तो उसमें अपना योगदान देने की कोशिश करता हूं।

### पाक पर जीत की हैट्रिक

**03** बार भारत ने पाकिस्तान को इस टूर्नामेंट में हराया है।

**07** वीं जीत भारत की एशिया कप टी-20 टूर्नामेंट 2025 में है। ग्रुप स्टेज, सुपर-4 में टीम ने सभी मुकाबले जीते थे।

**16** वीं भारत ने पाकिस्तान को टी-20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में शिकस्त दी है। दोनों के बीच 16 मुकाबले खेले गए हैं, जिसमें पाक ने सिर्फ 3 मैच जीते हैं।

**भारत** पहला ऐसा देश बन गया है, जिसने दो-दो बार टी-20, वनडे फॉर्मेट एशिया कप जीता है। भारत ने सात बार वनडे एशिया कप की ट्रॉफी जीती है, जबकि 2025 और 2016 में टी-20 फॉर्मेट का एशिया कप जीता। टी-20 फॉर्मेट में एक ट्रॉफी श्रीलंका ने जीती है।

**सूर्यकुमार** यादव भारत के छठे कप्तान बन गए हैं, जिन्होंने एशिया कप की ट्रॉफी उठाई है। मो. अजहरुद्दीन, एमएस धोनी, रोहित शर्मा ने 2-2 बार एशिया कप पर कब्जा किया, जबकि एक-एक बार दिलीप वेंगसरकर, सुनील गावस्कर सूर्य कुमार यादव ने एशिया कप कप्तानी में भारत को जिताया है।

**कुलदीप** ने एशिया कप के एक संस्करण में सर्वाधिक विकेट के रिकॉर्ड की बराबरी कर ली। इस सीजन में कुलदीप ने 17 विकेट लिए। 2007 में अजंता मेंडिस श्रीलंका ने ऐसा करनामा किया।

**तमिलनाडु भगदड़ :** विजय की पार्टी पर एफआईआर दर्ज

# सियासी रैली: बदइंतजामी ने ली 40 लोगों की जान

चेन्नई, जेएनएन। तमिलनाडु के करूर में शनिवार को मची भगदड़ के दौरान अभिनेता और टीवीके चीफ विजय की रैली के लिए १०००० लोगों की परमिशन थी, जबकि रैली में लाखों में लोगों की भीड़ जुट गई। भीड़ को काबू करने सिर्फ ५०० पुलिसकर्मी ही तैनात किए गए। ऐसे में प्रशासन के इंतजाम नाकामी साबित हुए और एक अफवाह ने ८ बच्चों और १६ महिलाओं सहित ४० लोगों की जान ले ली। हादसे में १०० से अधिक लोग घायल हैं। अब विजय की पार्टी तमिलगा वेट्री कजगम (टीवीके) ने इस मामले में मद्रास हाई कोर्ट का रुख किया है। पार्टी ने भगदड़ को साजिश बताते हुए किसी स्वतंत्र एजेंसी या सीबीआई से जांच की मांग की है। कोर्ट ने तत्काल सुनवाई की मांग वाली टीवीके की याचिका स्वीकार कर ली है। टीवीके की कानूनी शाखा के स्टेट कॉर्डिनेटर अरिवाझगन ने कहा,वे कल हाईकोर्ट की मदुरै पीठ के सामने यह मामला उठाएंगे। करूर की घटना में आपराधिक साजिश थी, इसलिए हाईकोर्ट से मामले की स्वतंत्र रूप से जांच करने का अनुरोध किया है, न कि किसी राज्य एजेंसी से। वकील ने कहा, आपराधिक साजिश थी। ■ शेष पृष्ठ 7 पर



करूर में रैली में भगदड़ के बाद बचीं भयावह निशानियां।

### भगदड़ से 20 सालों में 1,500 मौतें

तमिलनाडु के करूर में अभिनेता और नेता थलापति विजय की रैली में भगदड़ मचने से 39 लोगों की मौत हो गई है और दर्जनों लोग घायल हुए हैं। 51 अभी अस्पताल में भर्ती हैं। इस साल की ये छठी बड़ी भगदड़ है। इससे पहले मंदिरों, रेलवे स्टेशन और धार्मिक आयोजनों में हुई भगदड़ों ने उत्साह के पलों को मातम में बदल दिया है।

**इस साल 5 भगदड़, 71 मरे**

- **8 जनवरी:** तिरुमाला के वेंकटेश्वर स्वामी मंदिर में धक्का-मुक्की, 6 की मौत
- **3 मई:** गोवा के लैराई देवी मंदिर में भगदड़, 6 की मौत।
- **15 फरवरी:** नई दिल्ली स्टेशन पर भगदड़, 18 की मौत।
- **29 जनवरी:** महाकुंभ में भगदड़ से 30 तीर्थयात्रियों की मौत।
- **4 जून:** बेंगलुरु के चिन्नास्वामी स्टेडियम के बाहर भगदड़, 11 की मौत।

**मुरैना में ऑनर किलिंग**

## नाबालिग बेटी को गोली मारकर नदी में फेंका

जागरण, मुरैना। प्रदेश के मुरैना में ऑनर किलिंग का मामला सामने आया है। प्रेम-प्रसंग से नाराज पिता ने पहले नाबालिग बेटी को गोली मार दी, फिर लाश को नदी में फेंक दिया। बेटी दूसरी जाति के लड़के से शादी करना चाहती थी। इससे नाराज पिता ने उसकी जान ही ले ली। पड़ोसी के संदेह पर पुलिस ने पिता से पूछताछ की। सख्ती पर वह टूट गया और हत्या की बात कबूल ली। रविवार को क्वॉरी नदी से शव बरामद किया है। आरोपी पिता भरत उर्फ बंटू सिकरवार को पुलिस ने हिरासत में लिया है। वारदात मुरैना के शिवनगर में रहने वाली 17 साल की 12वीं की छात्रा दिव्या के साथ हुई। पुलिस के मुताबिक, सिकरवार के पड़ोसी ने सिविल थाने में फोन कर बताया कि भरत की बड़ी बेटी दिव्या गायब है। गुरुवार को भरत के घर से गोली और किसी के चीखने की आवाज सुनी है। इस पर पुलिस भरत के घर पहुंची। उससे पूछताछ की। पूछताछ के दौरान पुलिस को पता लगा कि भरत के घर में पांच सदस्य हैं। पत्नी, दो बेटियां और एक बेटा। बड़ी बेटी दिव्या घर से गायब थी, उसके बारे में पूछने पर भरत ने पुलिस को गोलमोल जवाब दिया, जिससे पुलिस का शक गहरा गया। इसके बाद भरत को थाने लाकर पूछताछ की गई। पुलिस के मुताबिक, भरत ने दिव्या को छोटी बेटी के सामने गोली मारी। ■ शेष पृष्ठ 7 पर

**सर्वे** युवा प्रोफेशनल्स पर ताजा सर्वेक्षण में सामने आई वजह

# वेतन असमानता की बड़ी वजह मातृत्व अवकाश



नई दिल्ली, जेएनएन। एक सर्वेक्षण रिपोर्ट में नौकरी की तलाश कर रहे युवाओं में से लगभग आधे युवाओं (45 प्रतिशत) की राय है कि भारत में लैंगिक वेतन अंतर 20 प्रतिशत से अधिक है, जिसमें मातृत्व से संबंधित करियर अवकाश और कार्यस्थल पर पूर्वाग्रह को सबसे बड़ा कारण बताया गया है। युवा प्रोफेशनल्स पर किए गए एक सर्वेक्षण की रिपोर्ट में कहा गया है कि युवा पेशेवरों, नए कर्मचारियों और मध्यम स्तर के पेशेवरों ने स्पष्ट रूप से माना कि नियोक्ताओं द्वारा लैंगिक वेतन अंतर किया जा रहा है और आईटी क्षेत्र को इसका सबसे बड़ा उदाहरण बताया गया है। सर्वेक्षण में शामिल आधे पेशेवरों ने आईटी को सबसे ज्यादा लिंग-भेद वेतन अंतर वाला उद्योग बताया। 80 उद्योगों में किए गए नौकरी सर्वेक्षण के अनुसार, 51 प्रतिशत पेशेवरों ने मातृत्व अवकाश को लिंग-भेद के बीच वेतन असमानता का प्रमुख कारण बताया। लगभग 27 प्रतिशत ने कार्यस्थल पर महिलाओं के प्रति पूर्वाग्रह की ओर इशारा किया, जिस तरह से उन्हें काम पर देखा जाता है, कि वे महिला होने की वजह से पूर्ण क्षमता से कार्य नहीं कर सकतीं। उत्तरदाताओं में आईटी (56 प्रतिशत), फार्मा (55 प्रतिशत) ■ शेष पृष्ठ 7 पर

रीवा का पहला फार्मेसी कॉलेज जहां पर दो ब्रांच में मास्टर ऑफ फार्मेसी की सुविधा उपलब्ध है
SHREE KRISHNA PHARMACY COLLEGE MANGAWAN, REWA
B. Pharma ← 4 Yrs. | 2 Yrs. → D. Pharma
PCI Approved Eligibility : 12th Passed (Maths/Biology)
M. Pharma
(2 Year PCI Approved Eligibility : B Pharma)
1. Pharmaceutics
2. Pharmaceutical Chemistry
नोट: प्रवेश हेतु संस्था रविवार एवं अन्य अवकाश के दिनों में खुला रहेगा।
FOR ADMISSION AND QUERY
Call US : 9111100486, 9755102929
City Office: In Front of IG Office Sirmour Chowk, Rewa.
Campus: Prayagraj Road, Mangawan, Rewa (M.P.) | Visit: www.skpcrewa.com


वादे नहीं भूलते... तो पॉलिसी प्रीमियम क्यों भूलें?



एलआईसी ऑफ इंडिया प्रस्तुत कर रहा है स्पेशल रिवाइवल कैम्पेन लेट फ़ी में कन्सेशन के साथ.
अवधि 18/08/2025 से 17/10/2025
जल्दी! इस मौके को जाने न दें.
आपके बीमे की सुरक्षा को वापस हासिल करने और उसका लाभ लगातार लेते रहने का मौका.

| कुल देय प्रीमियम | % विलम्ब शुल्क में रियायत | रियायत की अधिकतम सीमा* |
|---|---|---|
| ₹1,00,000 तक | 30% | ₹3000 |
| 1,00,001 से 3,00,000 तक | 30% | ₹4000 |
| 3,00,001 व अधिक | 30% | ₹5000 |

*नियम व शर्तें लागू
पॉलिसियों को अदा न किए गए पहले प्रीमियम की तिथि से 5 वर्षों के अंदर पुनर्चलित किया जा सकता है.
कृपया अपनी नज़दीकी एलआईसी शाखा या एजेंट से संपर्क करें. हमसे जुड़े रहें. एलआईसी में अपना मोबाइल नंबर, ईमेल, एनईएफटी और पैन नंबर अपडेट करें.
डाउनलोड कीजिए एलआईसी मोबाइल ऐप LIC digital | विज़िट करें:licindia.in | कॉल सेन्टर सर्विस (022) 6827 6827 | IRDAI Regn No.: 512
अधिक जानकारी के लिए अपने एजेंट/नज़दीकी एलआईसी शाखा से संपर्क करें या अपने शहर का नाम SMS करें 56767474 पर.
हमें फौलो करें: LIC India Forever
हमारा वॉट्सएप नं. 8976862090 कहिए 'Hi'
धोखेधड़ी वाले फ़ोन कॉल्स तथा झूठे/भ्रामक प्रस्तावों से सावधान रहें. आईआरडीएआई या इनके कर्मचारी बीमा व्यवसाय जैसे कि बीमा पॉलिसियों की बिक्री, बोनस की घोषणा या प्रीमियम्स के निवेश, राशियां लौटाना जैसी कोई भी गतिविधियों में शामिल नहीं होते हैं. जिन पॉलिसीधारकों या संभावित ग्राहकों को ऐसे फ़ोन कॉल्स मिलें, वे कृपया पुलिस में इसकी शिकायत दर्ज करें. कृपया बिक्री के समापन से पहले बिक्री पुस्तिका को ध्यान से पढ़ लें.
LIC भारतीय जीवन बीमा निगम LIFE INSURANCE CORPORATION OF INDIA
हर पल आपके साथ
LIC/MI/2025-26/15/Hin




# मां की आस्था का महोत्सवः आराधना में लीन भक्त, कहीं जगराता तो कहीं कन्या भोज



## कोठी शिवमंदिर से रानी तालाब तक निकाली गई चुनरी यात्रा

### उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल भी हुए शामिल

**जागरण, रीवा।** मां की आस्था का महोत्सव अब चरम पर है। भक्त मां की आराधना में लीन हैं। कहीं जगराता हो रहा है तो कहीं कन्या भोज। शहर में तीन बड़े गरबा कार्यक्रमों के साथ ही मां के हर पंडालों में गरबा-डांडिया के साथ ही समधुर देवी भजनों का आयोजन किया जा रहा है। दुर्गोत्सव के अब तीन दिन ही बचे हैं इसलिए हर भक्त मां की मन से भक्ति करना चाह रहा है।

### अभा ब्राह्मण महासभा ने निकाली 51 मीटर की चुनरी यात्रा

रविवार को कोठी शिवमंदिर से रानी तालाब तक मां की चुनरी यात्रा निकाली गई। चुनरी यात्रा में मप्र सरकार के उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल भी शामिल हुए और मां की आराधना की। 51 मीटर की चुनरी यात्रा का आयोजन अभा ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पं. विजय तिवारी के संयोकत्व में किया गया। आस्था की आध्यात्मिक यात्रा शिल्पी प्लाज़ा, कला मंदिर रोड, अस्पताल चौराहा, धोबिया टंकी होते हुए मां कालिका मंदिर पहुंची। चुनरी यात्रा में डॉ. प्रभाकर चतुर्वेदी, वेंकटेश पांडे, प्रमोद व्यास, मनीषा पाठक, श्याम नारायण शर्मा रावेंद्र मिश्रा, जितेंद्र मिश्रा, कौशलेंद्र मनी त्रिपाठी, पूर्व प्राचार्य राजेंद्र सिंह सहित अन्य श्रद्धालु शामिल रहे। कार्यक्रम में अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा से पंडित दलवीर द्विवेदी, पंडित राकेश शर्मा, आरती मिश्रा सुनीति व्यास, निर्मला उपाध्याय, शकुंतला मिश्रा, पुष्पा द्विवेदी प्रतिमा मिश्रा,प्रभा मिश्रा, सुनीता मिश्रा, उर्मिला त्रिपाठी, अंजू पांडे, प्रभा मिश्रा हजारों श्रद्धालु चुनरी यात्रा में सम्मिलित हुए।

## धर्म परिवार के गरबा महोत्सव में पहुंची इंडिया फेम मुस्कान, किया गरबा





नवरात्र पर्व में धार्मिक भक्ति के साथ गरबा महोत्सव में बतौर मेहमान-ए- खास उपस्थित हुई छत्तीसगढ़ राज्य के रायपुर निवासी मिसेज इंडिया इंटरनेशनल 2025 की विजेता मुस्कान जिज्ञासी। गरबा आयोजन स्थल में हिंदू उत्सव समिति धर्म परिवार के गरबा महोत्सव 2025 के विशाल मंच में जैसे ही मिसेज जिज्ञासी पहुंची और रीवा के गरबा कलाकारों के गरबा नृत्य भी किया। कहा -रीवा को पहले हम सफेद शेर के नाम से जानते थे लेकिन यहां आने के बाद पता चला की रीवा गरबा महोत्सव में भी अपनी एक अलग पहचान विंध्य व प्रदेश में बना लिया। रीवा के कलाकारों का गरबा नृत्य व उनकी वेशभूषा देखकर एक पल ऐसा लगा कि जैसे हम गुजरात के गरबा पंडाल में खड़ी हूं। शानदार आयोजन के लिए कलाकारों को विशाल मंच उपलब्ध कराने वाले धर्म परिवार के अध्यक्ष गुरमीत सिंह मंगू को साधुवाद भी दिया। विशिष्ट अतिथि के रूप में गीतांजलि पब्लिक स्कूल के डायरेक्टर अरुणा प्रधान व वरुण प्रधान, वरिष्ठ समाजसेवी जितेन्द्र मिश्रा व अन्य मौजूद रहे। अध्यक्ष मंगू ने कहा कि कला व परंपरा को संरक्षित कर स्थानीय कलाकारों को मंच प्रदान करने का यह एक प्रयास है।

## लक्ष्मण ने सूपर्णखा की काटी नाक, रावण को दी चुनौती

### नृत्य राघव शरण मंदिर में किया गया रामलीला का मंचन



**रीवा।** नृत्य राघव शरण मंदिर घोघर रीवा में प्रबुद्ध वर्ग एवं आम जनमानस द्वारा आयोजित 185वां रामलीला का मंचन सनातन धर्म प्रचारक रामलीला मंडल के द्वारा रामलीला का मंचन किया जा रहा। जिसमें शनिवार को भगवान लक्ष्मण द्वारा शूपर्णखा का नाक काटने व मां सीता हरण का मंचन हुआ। जबकि रविवार को सुग्रीव मिलन और वाली वध का मंचन हुआ। कार्यक्रम में मुख्य रूप से नगरनिगम कमिश्नर सौरभ सोनवड़े व संयुक्त संचालक सह अधीक्षक एसजीएमएच डॉ राहुल मिश्रा, पूर्व अधीक्षक सी.बी.शुक्ला व नृत्य राघव शरण मंदिर रामलीला महोत्सव समिति एवं मानस मंडल के अध्यक्ष सुभाष बाबू पांडेय विशेष रूप से रामलीला देखी। इसके साथ ही राजभान सिंह, दीपक द्विवेदी, मनीष सरार, रीवा राजपरिवार के देवेश सिंह, दीपक तिवारी, समाजसेवी बृजेन्द्र तिवारी,सोनोग्राफी प्रभारी विष्णु शर्मा, राजेश द्विवेदी राजा भैया, जीतेन्द्र पाण्डेय, अरुण शुक्ला, सुशीला सिंह चौहान,मंदिर के पुजारी शीतला शरण जी महाराज,धर्मानुरागी देवेंद्र शुक्ला सहित शहर के सैकड़ों भक्तजन मौजूद रहे।

## 51 फीट रावण के पुतले का किया जाएगा दहन



### आयोजकों ने कहा परंपरागत तरीके से उल्लास पूर्वक आयोजित होगा विजयादशमी समारोह

नगर विजयादशमी उत्सव समिति द्वारा आगामी 2 अक्टूबर दशहरा पर्व पर एनसीसी ग्राउंड पर 51 फीट रावण के पुतले के साथ ही बाहर से आए करीगरों द्वारा मेघनाद व कुंभकरण का 45-45 फीट का पुतलों का दहन किया जाएगा। नगर विजयादशमी उत्सव समिति के संस्थापक संरक्षक सियाराम गुप्ता, संरक्षक वीरेन्द्र गुप्ता, महेन्द्र सर्राफ, अध्यक्ष प्रकाश तरानी, कोषाध्यक्ष अमित डिगवानी, उपाध्यक्ष मोहित गुप्ता, महासचिव देवेश कुमार सोनी, मीडिया प्रभारी प्रमोद दीक्षित व सह मीडिया प्रभारी सुमित डिगवानी ने प्रेस वार्ता में संयुक्त रूप से जानकारी देते हुए बताया कि शोभा यात्रा शाम 6 बजे किला से निकलकर स्टैच्यू चौराहा, प्रकाश चौराहा, प्रकाश चौराहा, अस्पताल चौराहा होते हुए सिरमौर चौराहा से एनसीसी ग्राउंड पहुंचेगी। आयोजकों ने कहा कि विजया दशमी समारोह दुगुने उत्साह के साथ परंपरागत तरीके से आयोजित किया जायेगा। पिछले दिनों पूर्व सदस्यों द्वारा लगाए गए आरोपों को खारिज करते हुए खर्च का पूरा ब्यौरा भी दिया और कहा कि जनसहयोग से समिति धार्मिक परंपरा का निर्वहन कर रही है कारोबार नहीं। आयोजन समिति द्वारा नगरवासियों एवं प्रशासनिक अधिकारियों को आमंत्रण पत्र साथ ही प्रवेश की सुविधा के लिए गेटपास जारी किए जाएंगे। आयोजन स्थल में शाम साढ़े 6 बजे से 9 बजे तक प्रवेश होगा जहां कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की सुमधुर भजनों, संगीतधुनों की प्रस्तुति दी जाएगी। शाम साढ़े 6 बजे से सबरीमाला नाट्य मंचन का आयोजन किया जाएगा।

विन मेडिसेल फार्मा - हेल्थ केयर
रीवा शहर एवं गांवों में
दवाइयों की
फ्री होम डिलीवरी
(मिनिमम ऑर्डर 500रू.)
आज ही संपर्क करें 7898391090, 8085222741
नियर विकास आटा चक्की, मझियार रोड, नीम चौराहा, रीवा

शासन द्वारा मान्यता प्राप्त
कामता सोनोग्राफी सेन्टर
(अल्ट्रासाउण्ड)
डॉ. रश्मी शुक्ला
M.D. (Radio Diagnosis) G.S.V.M. Medical College Kanpur
Ex. J.R. AIIMS New Delhi
Ex. Consultant Radiologist Alpha Imaging & MRI Kanpur
Ex. Consultant Radiologist Noble Hospital Kanpur
ए-ब्लॉक, समदड़िया सेन्टर प्वाइन्ट, न्यू बस स्टैण्ड, रीवा (म.प्र.) 07662-451599,9399312433

विंध्य प्रदेश का पहला होम्योपैथिक अस्पताल एवं डे-केयर यूनिट
डॉ अभय मिश्रा
M.D., Ph.D. Homoeopathy
क्यों चुनें हमें?
- 15+ वर्षो का अनुभव
- पूरी तरह वैज्ञानिक होम्योपैथिक इलाज
- काउंसलिंग +डाइट + लाइफस्टाइल मैनेजमेंट
- कोई साइड इफेक्ट नहीं

- क्रॉनिक बीमारियों का इलाज (Asthma, Diabetes, Arthritis, Skin & Hair andi)
- Pain Management Therapy
- Skin Care & Liver Detox Therapy
- Weight Management (Obesity/Fat Loss)
- महिला एवं शिशु स्वास्थ्य (PCOD/ Infertility) Menopause Care
- मानसिक स्वास्थ्य (Stress, Anxiety, OCD, Depression)
- Folli plus therapy

किरण होमियोपैथिक हेल्थ, वेलनेस & हीलिंग-सेंटर रीवा
पता:MIG 3/3/47, ऑक्सफोर्ड स्कूल के सामने, नेहरू नगर (नया बस स्टैंड), रीवा
07662454132 | 9406752495

# दैनिक जागरण

विश्व का सर्वाधिक पढ़ा जाने वाला अखबार

www.dainikjagranmpcg.com

वर्ष 73 ▸ अंक 02 ▸ पृष्ठ 12

रीवा, सोमवार 29 सितंबर, 2025 ▸ आश्विन शुक्ल पक्ष 07

विक्रम संवत् 2082 ▸ नगर ▸ मूल्य 5 रुपए


"हर वक्त आप जोश से काम नहीं ले सकते, कभी-कभी होश से भी काम लेना जरूरी है।"

## संक्षिप्त खबरें

### मासूम को तालाब में फेंक कर, मां फंदे पर झूली



**जागरण, टीकमगढ़।** घरेलू कलह ने एक बार फिर परिवार को मिटा दिया। पति से विवाद के बाद टीकमगढ़ के बल्देवगढ़ में मां ने तीन साल के बेटे को तालाब में फेंक दिया फिर तीन किमी दूर जाकर पेड़ पर साड़ी से फांसी लगा ली। पुलिस ने दोनों के शव बरामद कर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिए हैं। महिला की पहचान केलपुरा गांव निवासी संतोषी राजपूत (24) के रूप में हुई है। बच्चे का नाम अभिजीत है। पुलिस के मुताबिक, रविवार सुबह करीब 8 बजे गांव वालों ने महिला का शव पेड़ पर लटका देखा। इसके बाद थाने में सूचना दी। मौके से करीब तीन किलोमीटर दूर तालाब में बच्चे का शव उतराता दिखा तो लोगों ने भी बलदेवगढ़ थाना पुलिस को सूचना दी थी।

### जल्द कुछ एक्टर-क्रिकेटर की संपत्ति जब्त करेगी ईडी

**नई दिल्ली, जेएनएन।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) जल्द ही कुछ खिलाड़ी और अभिनेताओं की करोड़ों की संपत्तियां जब्त करने की तैयारी में है। यह कार्रवाई मनी लॉन्ड्रिंग रोकथाम कानून के तहत ऑनलाइन बेटिंग एप 1×बेट के प्रमोशन मामले में होगी। इस एप से मिले एडवर्टाइजमेंट पैसों का इस्तेमाल कुछ सेलिब्रिटीज ने संपत्ति खरीदने में किया है। इन्हें प्रोसीड्स ऑफ क्राइम यानी अपराध से कमाई गई संपत्ति माना गया है। ईडी जल्द ही सेलिब्रिटीज की चल-अचल संपत्तियों को जब्त करने का आदेश जारी करेगी। कुछ सेलिब्रिटीज की संपत्तियां यूएई जैसे देशों में भी हैं। इनकी कीमत और मूल्यांकन किया जा रहा है। पिछले कुछ हफ्तों में ईडी ने क्रिकेटर युवराज सिंह, सुरेश रैना, रॉबिन उथप्पा और शिखर धवन, अभिनेता सोनू सूद, अभिनेत्री मिमी चक्रवर्ती और अंकुश हाजरा (बंगाली सिनेमा) से पूछताछ की है।

जगदीशपुर में सुनी पीएम के मन की बात, सीएम बोले

# हमारा ध्येय समग्र विकास हर संकल्प को करेंगे पूरा



बैरसिया के जगदीशपुर में मन की बात सुनते सीएम डॉ. यादव।

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि अगर हम स्वदेशी वस्तुएं खरीदेंगे, तभी हमारे सूक्ष्म, लघु, मध्यम एवं कुटीर उद्योगों को प्रोत्साहन मिलेगा, जिससे हम प्रदेश को आर्थिक रूप से और मजबूत कर सकेंगे। हमारी सरकार सबके समग्र विकास का ध्येय लेकर आगे बढ़ रही है। हम अपने हर संकल्पों को पूरा करके दिखाएंगे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव रविवार को बैरसिया विधानसभा क्षेत्र के ग्राम जगदीशपुर के चमन महल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मन की बात कार्यक्रम सुनने के बाद ग्रामीणों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा, किसान, गरीब, युवा, महिलाओं के कल्याण एवं विकास के लिए पृथक-पृथक मिशन चलाए जा रहे हैं। सबका विकास हमारा संकल्प है और इस संकल्प की पूर्ति के लिए हम अपना हर वादा पूरा करके दिखाएंगे। उन्होंने कहा, त्यौहारों में सिर्फ स्वदेशी और भारत में निर्मित वस्तुएं ही खरीदें। डॉ. यादव ने ग्रामीणों को स्वदेशी संकल्प की शपथ दिलाई और अपील की कि जीवन में अधिकतम भारतीय उत्पादों का उपयोग करें और आयातित वस्तुओं की जगह देशी अपनाएं। उन्होंने जगदीशपुर स्थित चमन महल की तारीफ करते हुए कहा, गोंडवाना साम्राज्य का सदियों पुराना यह किला आज भी हमें उस गौरवशाली अतीत की याद दिलाता है।

### उज्जैन में बोले-सरकार किसानों की हितैषी है

उज्जैन में मुख्यमंत्री ने कहा, राज्य सरकार किसानों की हितैषी सरकार है। किसानों के हित के लिए सरकार के पास राशि की कोई कमी नहीं है। किसान-कल्याण हमारी पहली प्राथमिकता में है। किसानों के लिए राज्य सरकार अनेक योजनाएं भी संचालित कर रही है। किसानों द्वारा भावांतर योजना प्रारंभ करने पर किसानों ने सीएम का स्वागत कर आभार व्यक्त किया। इसके बाद किसानों से कहा, सोयाबीन उत्पादक किसानों को उनकी उपज का वाजिब दाम मिले, इसके लिए भावांतर योजना शुरू की गई है। ऐसे किसान जिन्हें निर्धारित समर्थन मूल्य से कम दर मिली है। उसके अंतर की राशि राज्य सरकार द्वारा दी जाएगी। किसानों को किसी प्रकार का कोई नुकसान नहीं होने दिया जाएगा। डॉ. यादव ने हर घर स्वदेशी घर-घर स्वदेशी अभियान के अंतर्गत पीएम मोदी द्वारा किए गए आह्वान पर खादी ग्राम उद्योग मंडल द्वारा स्वदेशी प्रदर्शनी का अवलोकन किया। वहीं खादी ग्रामोद्योग मंडल और भारतीय ज्ञानपीठ परिवार द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी को सराहा। उन्होंने कहा, ऐसी प्रदर्शनियों को प्रदेश में सभी जगह पर लगाया जाना चाहिए, जिससे जनता स्वदेशी अभियान को आगे बढ़ाए और और स्वदेशी उत्पादों के प्रति जागरूक होकर उनका लाभ लें।







संस्थापक › गुरुदेव गुप्त

संपादकीय

## ट्रंप के फैसले से भारतीय फार्मा उद्योग संकट में

*भारत और अमेरिका के बीच लंबे समय से लंबित व्यापार समझौते को अंतिम रूप देने के लिये नए सिरे से जारी बातचीत के बीच, राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने फार्मा उत्पादों पर टैरिफ लगाने की घोषणा की है। ट्रंप ने ब्रांडेड और पेटेंटेड दवा उत्पादों पर सौ फीसदी टैरिफ लगाने की घोषणा की है, बशर्ते कि दवा निर्माता कंपनियां अमेरिका में उत्पादन सुविधाएं स्थापित न करें। आशंका है कि ट्रंप के इस कदम का प्रभाव भारत के फार्मा उद्योग पर पड़ सकता है, जिसने देश को 'दुनिया की फार्मेसी' के रूप में स्थापित किया है। दुनिया भर से अमेरिका को निर्यात किए जाने वाले तीस अरब डॉलर के फार्मा उत्पादों में से दस अरब डॉलर से अधिक का निर्यात भारत से होता है। भारत मुख्य रूप से अमेरिका को कम लागत वाली जेनेरिक दवाओं की आपूर्ति करता है। यह अच्छी बात है कि ये जेनेरिक दवाइयां नई टैरिफ व्यवस्था के दायरे में नहीं आती हैं। हालांकि, अभी तक सक्रिय दवा सामग्री यानी एपीआई पर कोई स्पष्टता नहीं है। वैसे भारत से भारतीय ब्रांडेड दवाइयों का भी निर्यात होता है। व्यापार अनुसंधान एजेंसी ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनीशिएटिव के अनुसार फॉर्मास्यूटिकल क्षेत्र में भारत सबसे बड़ा निर्यातक है, लेकिन ये अधिकांशतः गैर-ब्रांडेड दवाइयां हैं। वैसे अमेरिका द्वारा भारतीय आयात पर पचास फीसदी टैरिफ लगाने के बाद भी आशंका जताई गई थी कि इससे जेनेरिक व ब्रांडेड दवाएं महंगी हो सकती हैं। उल्लेखनीय है कि अमेरिका में भारत की फार्मा कंपनियों की आय का बड़ा जरिया होने के कारण ये काफी कम मार्जिन पर काम करती हैं। ऐसे में यदि उन पर टैरिफ लगता है, तो उनका कारोबार करना कठिन हो सकता है। उल्लेखनीय है कि अमेरिका के दवा बाजार में बड़े ब्रांड वाली दवाइयों के सस्ते प्रारूप वाली जेनेरिक दवाइयों का आधे से अधिक हिस्से पर अधिकार है, जिससे अमेरिका की स्वास्थ्य सेवा लागत में अरबों रुपये की बचत होती है।*

*आशंका जतायी जा रही है कि यदि भारत व अमेरिका में व्यापार समझौता नहीं होता तो भी टैरिफ के कारण कुछ भारतीय जेनेरिक दवा कंपनियों को बाजार से बाहर होना पड़ सकता है। लेकिन यह स्थिति अमेरिका के लिये भी संकट बढ़ा सकती है। भारतीय जेनेरिक दवा कंपनियों की अनुपस्थिति में अमेरिका में पहले ही दवाओं की कमी का संकट और गहरा सकता है। लेकिन ट्रंप के फार्मा उद्योग पर सौ फीसदी टैरिफ लगाए जाने से भारतीय दवा उद्योग में निराशा जरूर व्याप्त हुई है। देश के बड़े दवा शेयरों में अचानक आई गिरावट इसका ही नतीजा है। अब चाहे यह गिरावट अल्पकालिक हो, लेकिन इसमें दोराय नहीं कि ट्रंप के अगले कदम को लेकर अनिश्चितता बनी हुई है। दवा उद्योग को आशंका है कि ट्रंप आने वाले दिनों में जेनेरिक दवाओं पर भी टैरिफ लगा सकते हैं, जबकि अमेरिकी प्रशासन को पता है कि ऐसे किसी प्रतिबंध से वहां स्वास्थ्य सेवाओं की लागत में इजाफा होगा। वहीं दूसरी ओर, गंभीर बीमारियों से जूझ रहे मरीजों की इन दवाओं तक पहुंच सीमित हो जाएगी। निश्चित रूप से अमेरिका से चल रही बातचीत के दौरान भारत को इस मुद्दे को प्राथमिकता देनी चाहिए। हालांकि, अमेरिका को भी पता है कि ये निषेधात्मक टैरिफ खुद उसके लिये भी प्रतिकूल साबित हो सकते हैं। साथ ही, अमेरिकी स्वास्थ्य सेवा प्रणाली पर प्रतिकूल असर डाल सकते हैं, जो पहले ही ट्रंप के विघटनकारी फैसलों का शिकार है। ऐसे में अमेरिका को सस्ती दवाओं को एक प्रमुख आपूर्तिकर्ता भारत को यह सुनिश्चित करना होगा कि आगामी समझौते में उसके दवा क्षेत्र के लिये पर्याप्त सुरक्षा उपाय सुनिश्चित हों। इसके साथ ही भारत को अपनी दवाओं के लिये नये बाजार तलाशने चाहिए। साथ ही, प्रमुख भारतीय दवा कंपनियों को जटिल जेनेरिक दवाओं पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए, जो मुख्य रूप से ब्रांडेड श्रेणी में आती हैं। इससे दवा कंपनियों को उच्च मूल्य वाले बाजार में पहुंच बनाने में मदद मिल सकती है।*

# आत्मनिर्भरता की रणनीति से उद्योग की दिशा परिवर्तन का वक्त

राष्ट्रीय व्यापार नीति

रिटा. ले. जनरल एसएस मेहता



> अक्सर, हम मात्रा को कीमत समझ बैठते हैं। हम स्केल का जश्न मनाते हैं, न कि ठोस हकीकत का। भारत कारें असेंबल करता है, लेकिन एक भी स्वदेशी 300-350 एचपी इंजन व्यावसायिक रूप से उपलब्ध नहीं। रेलवे आज भी विदेशी डिजाइंड डीजल इंजनों पर निर्भर है। रक्षा उत्पादन क्षेत्र बिजली संयंत्र विहीन है। हॉर्सपावर उधार की, कंप्यूटर चिप्स आयातित, एपीआई में विदेशी निर्भरता, दूरसंचार तंत्र पट्टे पर, बैटरियां खरीदी जा रही...। आत्मनिर्भरता की रणनीति उधार ट्रांसमिशन चेन और हॉर्सपावर पर नहीं चल सकती।

ग्लोबल साउथ में आकार और प्रतिभा के मामले में कोई भी राष्ट्र नेतृत्व करने के लिए हमसे बेहतर स्थिति में नहीं है। मौजूदा वैश्विक स्थितियों का फायदा उठाकर नेतृत्वकारी भूमिका के लिए उद्योग के लिए देश के खुद के 4.0 यानी अन्वेषण, समावेश, निवेश, नवाचार वाले दिशा सूचक होने चाहिये। वहीं आत्मनिर्भरता जरूरी है। मूलभूत जरूरतों के लिए पराश्रित देश विश्व में स्वायत्तता का दावा नहीं कर सकता। दुनिया के बारे में अब पहले से कोई अनुमान नहीं लगा सकते हैं। यूरोप और पश्चिम एशिया में युद्ध खिंचते ही जा रहे। आपूर्ति श्रृंखला को हथियार बनाया जा रहा है, कंप्यूटर चिप्स से लेकर एपीआई और ऊर्जा तक। समझौतों से ज्यादा तेजी से टैरिफ की दीवारें खिंच रही हैं। डब्ल्यूटीओ निष्प्रभावी सा है; हमारे पड़ोसियों खाड़ी देश, पाकिस्तान, चीन इनसे जुड़े हमारे जोखिम बढ़ रहे हैं। इस मामले में भारत अकेला नहीं। अमेरिका अपने उद्योगों का संरक्षण टैरिफ और अब एच-1बी से कर रहा है। यूरोप आयात पर कार्बन-टैक्स लगा रहा है, अफ्रीकी मुल्क दूसरों पर निर्भरता से व आसियान देश सप्लाई चेन की कमजोरी से जूझ रहे हैं। हर भूभाग अपना बाजार दूसरों के माल से बचा रहा है। केवल वे देश जो अपनी आंतरिक लोच बना लेंगे, दूसरों को स्थिरता दे सकेंगे।

**आत्मनिर्भरता बतौर दिशासूचक :** भारत के लिए अब केवल अस्तित्व काफी नहीं। आत्मनिर्भरता महज नारा न होकर एक मिशन है। मूल जरूरतों के लिए पराश्रित देश इस विभाजित विश्व में स्वायत्तता का दावा नहीं कर सकता। इसीलिए वित्त मंत्री का उद्योग जगत को आह्वान खास तात्कालिकता रखता है- निवेश करें और दिशा बदलें। विश्व स्तर पर उद्योग 4.0 स्मार्ट कारखाने, ऑटोमेशन और डिजिटल एकीकरण का लघु प्रारूप है। भारत के लिए इसका अर्थ कुछ गहरा चाहिए। उद्योग 4.0 हमारा अपना दिशासूचक है – अन्वेषण, समावेश, निवेश, नवाचार। यह पश्चिम का उद्योग 4.0 न होकर भारतीय संस्करण है, विवेक और स्केल पर आधारित, जिसका उद्देश्य दक्षता व बैसाखी रहित समावेशिता बनाना है।

**दुष्चक्र तोड़ना :** मार्जिन मामूली होता है क्योंकि स्केल छोटा होता है, और स्केल इसलिए छोटा है कि क्रयशक्ति कम है। इसका हल है अधिक मार्जिन वाला वैश्विक बाज़ार, तुलनात्मक लाभ और अनुसंधान एवं विकास में पुनर्निवेश करने में। हमारा बहुचर्चित आईटी उद्योग अन्य मिसाल है, एक उच्च लाभकारी बिजनेस जो ट्रांसलेशनल एआई मॉडल बनाने की बजाय नकद मुनाफे को तरजीह देता रहा है। परिणाम- सेवा क्षेत्र में अग्रणी, किंतु वैश्विक उत्पादों में नहीं।

**आईना :** अक्सर, हम मात्रा को कीमत समझ बैठते हैं। हम स्केल का जश्न मनाते हैं, न कि ठोस हकीकत का। भारत कारें असेंबल करता है, तथापि एक भी स्वदेशी 300-350 एचपी इंजन व्यावसायिक रूप से उपलब्ध नहीं। रेलवे आज भी विदेशी डिज़ाइंड डीजल इंजनों पर निर्भर है। रक्षा उत्पादन क्षेत्र बिजली संयंत्र विहीन है। रणनीति उधार ट्रांसमिशन चेन और हॉर्सपावर पर नहीं चल सकती। स्टैनफोर्ड अध्ययन में भारत को एआई जीवंतता में चौथा स्थान मिला है, गिट हब में इंजीनियरों की बाढ़ सी है, विमर्श सक्रिय है, कौशल प्रचुर है। लेकिन पेटेंट, निवेश, बुनियादी ढांचा और आधारभूत मॉडलों में हम पिछड़े हैं। एआई में योगदान तो करते हैं, लेकिन मालिक नहीं। हॉर्सपावर उधार की, कंप्यूटर चिप्स आयातित, एपीआई में विदेशी निर्भरता, दूरसंचार तंत्र पट्टे पर, बैटरियां खरीदी गयी-इंजीनियरों का देश अभी भी रॉयल्टी चालित है। विकल्प स्पष्ट है- अपने खुद के उत्पादों के बिना आईटी सेवा आधारित आर्थिकी बने रहें या उधार के पुर्जों पर चलने वाला इंजीनियरिंग बेस या फिर अन्वेषण, नवाचार और स्वामित्व की दिशा में बदलाव लाकर आत्मनिर्भरता साबित करें।

**सफलता अपरिहार्य :** ऐसा नही है कि हर मोर्चे पर असफलता ही है, जब कभी अन्वेषण, निवेश और संकल्प एक साथ आए हैं, तो भारत ने परिणाम दिए हैं। इसरो ने वैश्विक लागत के एक अंश जितने खर्च में मंगल और चंद्रमा पर अंतरिक्ष यान पहुंचा दिए। आधार, यूपीआई, कोविन बड़े पैमाने का डिजिटल समावेशन दर्शाते हैं। एपीआई पर निर्भरता के बावजूद, फार्मा कंपनियों ने भारत को दुनिया का विश्वसनीय जेनेरिक दवा सप्लायर बनाया दिया। फिनटेक, लॉजिस्टिक्स, एसएएएस में यूनिकॉर्न कंपनियों ने उद्यमशीलता की ललक साबित की। क्वांटम कम्प्यूटिंग पर काम जारी हैं। ये सफलताएं साबित करती हैं- जब-जब नीति, लाभ और शेयरधारक के मूल्य एक साथ आए, तब-तब भारत ने अच्छा प्रदर्शन किया।

**दिशा बदलने का मौका :** उद्योग मूकदर्शक बना नहीं रह सकता। उसे महज एक यात्री की बजाय सहयात्री होना पड़ेगा। सरकारी मदद जोखिम कम कर सकती है, लेकिन जोखिम केवल उद्योग ही उठा सकता है। वे नेतृत्व करने, सरकार संग सह-निवेश करने व विदेश में झंडा बुलंद करने का लक्ष्य रखें। देश की दिशा तय करने की जिम्मेदारी उन पर है। आह्वान टैरिफ के पीछे छिपने का न होकर, आत्मविश्वास के साथ वैश्विक बाज़ारों में उतरने का होना चाहिए। अगर उद्योग इस रास्ते पर चलेंगे, तो वे अकेले नहीं होंगे, बल्कि उनके साथ नीति, पूंजी और लोग होंगे। साथ मिलकर, यह चौकड़ी आत्मनिर्भरता का सच्चा इंजन बनाती है। उद्योग को नीति पर चलने के लिए नहीं बुलाया जा रहा; उसे इतिहास रचने और वह ज्वार लाने के लिए आमंत्रित किया जा रहा है जो सभी नावों को एक साथ ऊपर उठाए।

**वैश्विक व्यवहार से सीख :** एप्पल, माइक्रोसॉफ्ट, गूगल जोखिम भरे शोध में अरबों डॉलर झोंक देते हैं; कुछेक में मिली सफलता उनकी प्रमुखता सुनिश्चित कर देती है। अमेज़ॉन लॉजिस्टिक्स और क्लाउड में पुनर्निवेश कर रहा है। हुआवे और बीवाईडी दूरसंचार और मोबिलिटी में पारिस्थितिकी तंत्र का निर्माण करने में लगे हैं। इजराइल रक्षा आरएंडडी को स्टार्टअप में बदल रहा है। हर जगह, मुनाफे को बीज रूप में लिया जाता है, न कि जेब में डालने वाले लाभांश के रूप में।

**फायदे का द्वार खोलना :** जहां नीति, शेयरधारक और पूंजी एक साथ आएं। यही वह जगह है जिसमें भारत की असली बढ़त निहित है। नीति और पूंजी मिलकर वैश्विक खिलाड़ी बनाएं, न कि महज घरेलू अस्तित्व। यदि दोनों पक्ष इस समझौते पर पहुंचते हैं, तब भारत का लाभ विडंबनापूर्ण न बनकर; सहकार; मिसाल योग्य बन मुनाफे, लोच और पहुंच में परिवर्तित हो जाएगा। तिमाही परिणामों के साथ-साथ एक वार्षिक 'विवेक आह्वान' भी हो, जो समावेशिता और उत्तरदायित्व मापे।

**जोखिम में कमी लाने वाली नीति लाजिमी :** इसके लिए जरूरी हैःन केवल पूंजीगत व्यय को, बल्कि दीर्घकालिक अनुसंधान एवं विकास को भी पुरस्कृत करना। संप्रभु नवाचार निधियों के जरिए सह-निवेश बनाना। नियमों का सरलीकरण ताकि स्टार्टअप विकसित हों, न कि अनुपालन करने में ही डूब जाएं। बौद्धिक संपदा संरक्षण की त्वरित गारंटी हो। कार्बन टैरिफ सम्मत भारतीय निर्यात तैयार करना। पेंशन और बीमा निधियों का निवेश नवाचारकों को पूंजी देने में लगाना। मानदंड निर्धारित करना; उच्च मानक कंपनियां बनाना, अनुपालन प्रोत्साहन; अच्छा प्रदर्शन करने वाली कंपनियों को वैश्विक खिलाड़ी बनाना।

**आह्वान का बिगुल :** यह सभी के लिए है – यहां आत्मनिर्भरता का अर्थ अलग-थलग के बजाय सृजन है। ज्ञान का वह भंडार जो गैर-दखलअंदाज, आमंत्रित करता, साझेदारी एवं देखभाल बनाने वाला है।भारत का उद्योग तब-तब हमेशा उभरा है जब-जब दुनिया को संदेह हुआ है, वर्ष 2000 में,आईटी बूम में,डिजिटल सार्वजनिक वस्तुओं में। आज, असमंजस भीतर है, क्या हम असेम्बलिंग और पुनर्लेबलिंग करने भर से संतुष्ट हैं या डिज़ाइन करेंगे और स्वामित्व बनाएंगे? इसका उत्तर केवल नीति से नहीं आ सकता, बल्कि उन बोर्डरूमों से आएगा जो आरामतलबी की बजाय नागरिक साहस चुनेंगे।

भौगोलिक दृष्टि से लाभान्वित, हिंद महासागर में हमारी स्थिति वैश्विक समुद्री जीवनरेखा में काफी अहम है; सफलताएं और असफलताएं, दोनों के प्रमाण के साथ अब समय आ गया है कि हम अपनी दिशा बदलें। हमारे आकार और प्रतिभा वाला कोई अन्य देश नहीं है जो विश्व के इस दक्षिणी भाग का नेतृत्व करने में हम से बेहतर स्थिति में हो। उद्योग जगत के लिए अनूठा अवसर केवल 2047 तक ले जाने वाले राजमार्ग पर चलने में नहीं है, बल्कि इसकी नींव रखने, अपने विस्तार का परीक्षण करने और दुनिया के लिए अपने टोल गेट खोलने का है।

# बेरोजगार युवाओं का भरोसा तोड़ा पेपर लीक श्रृंखला ने

चयन परीक्षाएं

वेद विलास उनियाल




> उत्तराखंड स्थापना आंदोलन के दौरान रोजगार प्रमुख मुद्दों में शामिल था ताकि नये राज्य में युवाओं का भविष्य बेहतर हो। राज्य स्थापना के 25 साल बाद अब फिर युवा उसी तरह सड़कों पर उतरा है। भर्ती परीक्षा में पेपर लीक होना तंत्र से भरोसे को डिगाता है।

उत्तराखंड राज्य के आंदोलन को मातृशक्ति और युवा शक्ति का आंदोलन कहा गया था। एक स्वयंस्फूर्त आंदोलन में युवाओं की ऐसी भागीदारी थी, जिसमें वे निजी हितों को तिलांजलि देकर बड़े उद्देश्य के लिए आंदोलन में कूद पड़े थे। राज्य स्थापना के आंदोलन के पीछे कई पहलुओं को देखा गया, लेकिन दशकों से चले आ रहे आंदोलन को नब्बे के दशक में चिंगारी रोजगार के मसले पर ही मिली थी। युवाओं ने महसूस किया था कि जिस आरक्षण को राज्य के पर्वतीय क्षेत्रों में लागू किया जा रहा है, वह उनके रोजगार छीन लेगा। राज्य स्थापना के 25 साल बाद अब फिर युवा उसी तरह सड़कों पर उतरा है। बेशक उसका यह आंदोलन किसी आरक्षण या किसी तकनीकी आधार के विरोध पर नहीं, लेकिन उत्तराखंड में फिर से पेपर लीक की घटना से वह आहत हुआ है। उसे फिर लगा कि उसके जीवन से खिलवाड़ हो रहा है। सियासी पार्टियों के अपने-अपने बयान हैं, लेकिन यह हकीकत है कि राज्य में ऐसा ढांचा बना है जो पेपर लीक करने वालों में डर पैदा नहीं कर पा रहा। उत्तराखंड में अधीनस्थ सेवा चयन आयोग की स्नातक स्तरीय परीक्षा के दौरान पेपर लीक हुआ है। परीक्षा शुरू होने के 35 मिनट के अंदर पेपर के तीन पेज सोशल मीडिया पर वायरल हो गए। हालांकि पेपर लीक होना या भर्ती घोटाला इस राज्य के लिए नई बात नहीं रही। राज्य बनने के साथ ही ऐसी घटनाएं समय-समय पर होती रही हैं। राज्य की शुरुआत के साथ ही 2003 में पटवारी भर्ती घोटाला और दारोगा भर्ती घोटाला सामने आये। पेपर लीक का यह पहला मामला नहीं। साल 2021 में स्नातक स्तरीय परीक्षा में पेपर लीक का मामला सामने आया था। इसमें कई आरोपी गिरफ्तार हुए तथा जांच के आदेश दिए थे। राज्य में पटवारी, लेखपाल, ग्राम विकास अधिकारी जैसी कई परीक्षाओं में पेपर लीक के आरोप लगे। वन दारोगा भर्ती में भी पेपर लीक व ऑनलाइन नकल के आरोप लगे। जांच हेतु राज्य सरकार ने विशेष जांच दल गठित किया।

2023 में सरकारी भर्ती परीक्षाओं में पेपर लीक और कथित घोटालों के खिलाफ छात्रों के जगह-जगह विरोध प्रदर्शन के बाद राज्य सरकार 'उत्तराखंड प्रतियोगी परीक्षा अधिनियम 2023' लेकर आई थी। तब इसे पेपर लीक और नकल रोकने के लिए सबसे सख्त कानून बताया गया। इसमें ऐसी कड़ी धाराएं थी जो ऐसी गतिविधियों में संलिप्त व्यक्तियों को सोचने पर विवश करें। लेकिन हाल ही में फिर उत्तराखंड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग की स्नातक स्तरीय परीक्षा दौरान पेपर लीक की बात सामने आई है, जिसने सबको चौंकाया। हर कोई हैरान है कि कड़े कानून और समय-समय पर कार्रवाई होने के बावजूद ऐसे तत्वों पर फर्क नहीं पड़ा है। निश्चित ही ऐसे काम को अंजाम देने वाली एक बड़ी लॉबी सक्रिय है, और इस पूरे तंत्र से निपटना किसी भी सरकार के लिए बहुत बड़ी चुनौती है। ऐसे तत्वों का फैलाव इतनी दूर तक है कि सरकार का मजबूत तंत्र उनसे निपट नहीं पा रहा है। दरअसल यह किसी एक राज्य की नहीं, बल्कि पूरे देश की भी चिंता है। ऐसे कई सवाल उत्तराखंड के छात्रों के मन में उठना स्वाभाविक है कि छोटे-छोटे कबूतर नहीं, असली बाज कौन हैं? उत्तराखंड सामाजिक आंदोलनों के लिए जाना जाता है। कभी यहां की निरक्षर महिलाओं ने दुनिया भर को पर्यावरण के महत्व से जागरूक किया। यहीं महिलाओं ने अपने बच्चों के लिए विश्वविद्यालय की स्थापना के लिए आंदोलन किया। युवाओं को शिक्षा व रोजगार के लिए मातृशक्ति ने नब्बे के दशक में ऐसा आंदोलन खड़ा किया, जिससे एक नहीं, तीन राज्यों की स्थापना करा दी। इन सबके मूल में एक आदर्श राज्य बनाने की सोच थी, जहां युवाओं के रोजगार सुरक्षित हों, अवसर मिलें। लेकिन आज भी लोगों की आंखों की नमी कम नहीं हुई।

पच्चीस साल बाद उत्तराखंड का युवा फिर उसी जद्दोजहद में फंसा दिख रहा है, तो मानना चाहिए कि इसके पीछे कई पेच हैं। उसके स्वर आज भी यही हैं कि 'हमारे साथ अन्याय हो रहा है।' जिस जवानी को उत्तराखंड के भविष्य के साथ जोड़कर देखा जा रहा है, उसके सीधे सवाल हैं- इस पूरे मामले की सीबीआई जांच कराई जाए, परीक्षा को रद्द किया जाए, अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाए। वे यह भी कह रहे हैं कि अब पुलिस ने जो कार्रवाई की है, वह उनके दिए तथ्यों के आधार पर की है। पुलिस ने अपने स्तर पर क्या किया है? और सरकार का ठोस कानून युवाओं के हितों का संरक्षण क्यों नहीं कर पा रहा है? निश्चित ही युवा यह भी चाहते हैं कि उनके खिलाफ दर्ज मुकदमें वापस लिये जाएं। आखिर उन्हें लगता है कि अन्याय हुआ है, तो आवाज़ उठाने से उन्हें क्यों रोका जाए? यह सवाल पूरे उत्तराखंड में उठ रहा है कि असल चूक कहां हो रही है? इस पूरे जाल को कैसे ध्वस्त किया जा सकता है? युवाओं में शासन के प्रति विश्वास कायम रहना चाहिए। कुछ ताकतें स्थितियों को अराजकता की ओर ले जाने के लिए तत्पर रहती हैं। ऐसे में सावधानी बरतते हुए युवाओं को अपनी बात सक्षम तरीके से रखनी होगी। लेकिन इसके लिए सरकारों से भी उनके प्रति संवेदनशीलता की अपेक्षा की जाती है। अब युवाओं में भरोसा जगना चाहिए कि एक चुनी हुई सरकार उनके साथ खड़ी है, उनकी चिंता को समझ रही है।

प्रसंगवश

## लद्दाख आंदोलन को 'जेन जी' से जोड़ना अतार्किक

> बेशक सोनम वांगचुक लद्दाख के एक विख्यात चेहरा हैं। वह भी क्षुब्ध बताए जा रहे हैं, क्योंकि हिंसक आंदोलन उनकी मानसिकता के अनुरूप नहीं था। यह भी बताया जाता है कि लद्दाख के युवाओं और छात्रों के भीतर, बीते कुछ समय से, एक उबाल हिलोरें मार रहा था।

लेह-लद्दाख जैसे शांत और शीतल क्षेत्र में अचानक आगजनी, पत्थरबाजी, सरकारी वाहनों का दहन और उत्तेजित-भड़काऊ नारे! अचानक यह हिंसक माहौल देख-सुन कर देश चौकन्ना हो गया होगा! लद्दाख 2250 मीटर से 7742 मीटर की ऊंचाई पर स्थित ऐसा क्षेत्र है, जहां रूहानियत और सुकून बसते हैं। यह सीमावर्ती क्षेत्र भी है। वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) के आसपास भारत और चीन के हजारों सशस्त्र सैनिक, कुछ समय पहले तक, तैनात थे। अब सेनाएं काफी पीछे हट चुकी हैं, क्योंकि दोनों देशों के बीच समझौता-वार्ता के दौर जारी हैं। पहले तो युद्ध-सा माहौल था। लद्दाख में जिस तरह विरोध-प्रदर्शन किए गए, उन्हें देख कर चीन की निगाहें भी फैल गई होंगी! बेशक आमरण अनशन पर 15 दिन से बैठे सोनम वांगचुक ने विरोध-प्रदर्शन की तुलना अरब स्प्रिंट और नेपाल के 'जेन ज़ी' विद्रोह से की, लेकिन यह देश-विरोधी बयान है, क्योंकि युवा इससे और भी ज्यादा भड़क सकते हैं। सोनम ने अपना अनशन भी वापस ले लिया और शांति की अपील भी की। यह कैसा दोगलापन है! लद्दाख को केंद्र शासित क्षेत्र का दर्जा मोदी सरकार ने ही दिया था, अलबत्ता यह क्षेत्र दशकों से जम्मू-कश्मीर की छाया तले अपने स्वतंत्र अस्तित्व के विकास और विस्तार के लिए तरस रहा था। 2019 के बाद अब जम्मू-कश्मीर और लद्दाख दोनों ही केंद्रशासित क्षेत्र हैं। आंदोलन हिंसक क्यों हुआ, जिसमें 4-5 मौतें हो गईं और 70 से अधिक लोग घायल हो गए? प्रशासन को कर्फ्यू लगाना पड़ा, इंटरनेट की सप्लाई रोकनी पड़ी और 4 या उससे अधिक लोगों के एकत्र होने पर पाबंदी चस्पां करनी पड़ी। अर्थात लेह-लद्दाख में अब रैलियों, विरोध-प्रदर्शनों और जलसे-जुलूस पर फिलहाल पाबंदी है। पुलिस को आंसू गैस के गोले दागने पड़े, लाठियां भांजनी पड़ी और प्रदर्शनकारियों ने स्थानीय भाजपा दफ्तर को फूंक दिया। भाजपा नेतृत्व ने इस हिंसक आयोजन के पीछे स्थानीय कांग्रेस पार्षद की साजिश का आरोप लगाया है। बेशक सोनम वांगचुक लद्दाख के एक विख्यात चेहरा हैं। वह अभियंता, नवाचारी और शिक्षा सुधारक हैं और जलवायु परिवर्तन पर भी उनके खास सरोकार हैं। वह भी क्षुब्ध बताए जा रहे हैं, क्योंकि हिंसक आंदोलन उनकी मानसिकता के अनुरूप नहीं था। वह इसके पक्षधर नहीं हैं, लिहाजा उन्होंने अनशन भी तोड़ा। यह भी बताया जाता है कि लद्दाख के युवाओं और छात्रों के भीतर, बीते कुछ समय से, एक उबाल हिलोरें मार रहा था। वे लद्दाख को पूर्ण राज्य का दर्जा देने और उसे छठी अनुसूची में रखने की मांग लगातार कर रहे थे। हालांकि 2019 में जब लद्दाख को केंद्रशासित क्षेत्र बनाया गया, तो पूर्ण राज्य बनाने का कोई राजनीतिक और प्रशासनिक आश्वासन नहीं दिया गया था। लद्दाख बहुत छोटा क्षेत्र है। उसकी आबादी करीब 2.75 लाख है। क्षेत्रफल 59,146 वर्ग किमी. है। राजधानी लेह के जिले में 113 छोटे-छोटे गांव हैं। कारगिल जिले में भी 98 गांव बताए जाते हैं। लद्दाख में बौद्ध धर्म सबसे ज्यादा महत्वपूर्ण है। सभ्यता-संस्कृति भी काफी प्राचीन है। क्या भारत सरकार उसे पूर्ण राज्य का दर्जा देगी, जबकि जम्मू-कश्मीर और दिल्ली के ऐसे मांग-पत्र अब भी विचाराधीन हैं। केंद्र और लेह शीर्ष निकाय के बीच चार माह के अंतराल के बाद 6 अक्तूबर को बैठक तय थी, लेकिन उससे पहले ही यह हिंसक विरोध-प्रदर्शन कर दिया गया। वांगचुक की शिकायत है कि लोग निराश हैं, क्योंकि अगले चुनाव होने वाले हैं और केंद्र ने पिछले चुनावी वायदे अभी तक पूरे नहीं किए। सवाल है कि 'जेन ज़ी' की तर्ज पर छेड़े गए आंदोलन और हिंसक प्रदर्शन के जरिए लद्दाख को पूर्ण राज्य का दर्जा दिलाया जा सकता है? भारत नेपाल के बीच जमीन-आसमान का अंतर है।

### ।।गीता।।



**श्लोक**

**अनेकशास्त्रं बहुवेदितव्यम, अल्पश्च कालो बहवश्च विघ्नाः।**
**यत् सारभूतं तदुपासितव्यं, हंसो यथा क्षीरमिवाम्बुमध्यात॥**


**भावार्थ**

संसार में अनेक शास्त्र, वेद है, बहुत जानने को है लेकिन समय बहुत कम है और विद्या बहुत अधिक है। अतः जो सारभूत है उसका ही सेवन करना चाहिए जैसे हंस जल और दूध में से दूध को ग्रहण कर लेता है।

जीवन दर्शन

## यों भी खुश हुआ जा सकता है, कोई कारण होना जरूरी नहीं

सहज रूप से भी खुश हुआ जा सकता है। इसके लिए कोई कारण होना जरूरी नहीं। यही तो मनुष्य का मौलिक स्वभाव है। खुशी महज एक क्षणिक भावना नहीं है, बल्कि यह कई महत्वपूर्ण बदलावों को जन्म देती है, जो हमारे शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बना सकते हैं। खुशी हमारी दूसरी भावनाओं से बहुत अलग है। यह लंबे समय से इच्छित काम को पूरा करने से जुड़ी है, जिसका नतीजा हमारी उम्मीदों से बढ़कर होता है। खुशी अक्सर जीवन से संतुष्टि की व्यापक भावना को दर्शाती है। खुशी से एक ऐसी सच्ची मुस्कान पैदा होती है, जो अनैच्छिक होती है और हमारी आंखों तक पहुंचती है। खुशी हमारे शरीर में भी कई तरह के बदलाव लाती है। मसलन, खुश होने पर हमारी सांसें तेज हो जाती हैं, दिल की धड़कन बढ़ जाती है, और पूरा शरीर गर्म महसूस होता है। ये अनुभूतियां एड्रेनालाइन के स्राव के कारण होती हैं, जिससे हम जीवन की चुनौतियों का सामना करने के लिए मानसिक रूप से अधिक तैयार महसूस करते हैं। दिलचस्प बात यह है कि



खुशी यानी आनंद एक गुण भी है और अवस्था भी। यानी, जहां हममें से कुछ लोग इसे किसी सुखद परिस्थिति की वजह से अनुभव करते हैं, वहीं कुछ लोगों में अकारण भी इसी अवस्था में रहने की क्षमता होती है। कुछ शोध बताते हैं कि यह क्षमता आनुवंशिक होती है, और अनुमान है कि लगभग 30 फीसदी लोगों में 'जेनेटिक प्लास्टिसिटी' नामक क्षमता होती है। यानी वे अपने बाहरी वातावरण से असमान रूप से प्रभावित होते हैं और आनंद उत्पन्न करने की तकनीकें सीखने के बाद, उन्हें इसका अनुभव करना आसान लग सकता है। इस प्रकार, सकारात्मक अनुभवों के लिए उनकी आनुवंशिक प्रवृत्ति अधिक आनंद का कारण बन सकती है। खुशी की भावना को बढ़ाने के कई तरीके हो सकते हैं। मसलन, दूसरों के साथ कुछ बांटने से हमें ज्यादा खुशी का अनुभव हो सकता है और ऐसा सिर्फ इसलिए नहीं है कि दूसरों की संगति से हमारी खुशी बढ़ती है। दोस्तों और परिवार के साथ समय बिताना भी खुशी बढ़ा सकता है। इसलिए अगर आप अपनी रोजमर्रा की जिंदगी में कुछ बदलाव चाहते हैं, तो दोस्तों के साथ डिनर पार्टी का आयोजन करें, जहां आप सब मिलकर खाना तैयार करें। दूसरों के साथ दौड़ते या टहलते समय, हमें अकेले दौड़ने या टहलने की तुलना में ज्यादा आनंद का अनुभव होता है। खुशी की भावना को बढ़ाने का एक सरल तरीका यह है कि आप अपनी भावनाओं को कागज पर लिखने की आदत डालें। खुशी की अनुभूति अद्भुत है, लेकिन यह हमारे जीवन की एकल भावना नहीं है। इसलिए जरूरी है कि हम अपनी बाकी सभी भावनाओं से घिरे होने के बावजूद भी खुश रहना सीखें।

# एपीएसयू में मनाया जा रहा विश्व पर्यटन सप्ताह समारोह

## दूसरे दिन आयोजित हुई विभिन्न प्रतियोगिताएं



रीवा। विश्व पर्यटन सप्ताह के द्वितीय दिवस में एपीएसयू के पर्यटन अध्ययन केन्द्र के छात्र-छात्राओं के मानसिक एवं शारीरिक क्षमता के विकास हेतु विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिनमें प्रमुख रूप से एयर गन शूटिंग, कुर्सी दौड़, मटकी फोड़, छात्राओं की स्लो स्कूटी रेस, छात्रो की स्लो बाइक रेस (थ्री लेग) रेस रस्सा-कस्सी आदि विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। पर्यटन विभाग के बी.बी.ए. (टी.एड.एच) एम.बी.ए. (टी.ए.) के छात्र छात्राओं ने उत्साह पूर्वक सहभागीता दी। इन प्रतियोगिताओं के माध्यम से विद्यार्थियों के मध्य एकाग्रता, सामंजश्य, धैर्य एवं शारीरिक क्षमताओं के विकास का मुख्य उद्देश्य रहा। साथ ही पर्यटन के आयामों जिसमे प्रमुख रूप साहसिक पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए विंध्यं क्षेत्र में पर्यावरण से जुटी गतिविधियों जैसे रॉक कैमिंग माउनटैनिंग ट्रैकिंग आदि के लिए एक सकारात्मक महौल बनाने के लिए छात्र-छात्राओं को प्रो. महेश चन्द्र श्रीवास्तव जी ने दिशा निर्देशित किया साथ ही उन्हें इस पर्यटन सप्ताह को विंध्यं पर्यटन के विकास की रीढ़ बताया साथ ही उन्होनें कहा पर्यटन का अर्थ है कि विराट जंगलो से लेकर महानगरों की चकाचोंध तक समुद्र की गहराईयों से लेकर रेगिस्तान के अंधणो तक और हिमालय के बर्फ के पहाड़ों से लेकर जल प्रदाय पवित्र नदियों तक व्यक्ति ज्ञान प्राप्त कर सके। प्रतियोगिता में डॉ. गोविन्द सिंह दागी जी और डॉ. अनुराग तिवारी, डा. अनुराग मिश्रा, निशा गुप्ता, रूकमणी द्विवेदी, सुमित भारती, रीना तिवारी, सोनम सिंह, एवं राहुल प्रताप सिंह, निशांत कुमार सिंह ने समस्त क्रीड़ा विधाओं में संचालन, निर्देशन एवं निर्णय में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। साथ ही छात्र-छात्राए अर्जुन, कीर्णका, आंशिका, सिमरन, आयुष, शुभम, शिवानी, मांशी, ध्रुव, अमन, अक्षत, सत्यव्रत, पायल आदि ने उत्साह पूर्वक योगदान दिया।

# सेवा पखवाड़ा: आजाक छात्रावासों व आश्रमों में हुई विभिन्न गतिविधियाँ





रीवा। सेवा पखवाड़ा 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक मनाया जा रहा है। अभियान अन्तर्गत अनुसूचित जाति जनजाति छात्रावासों व आश्रमों में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। जिला संयोजक जनजातीय कार्य विभाग मंगलेश्वर सिंह ने बताया कि शिक्षण संस्थाओं, आश्रमों व छात्रावासों में व्यक्तिगत तथा परिसर की साफ-सफाई की गयी। संस्थाओं में विकसित भारत थीम पर निबंध, रंगोली, चित्रकला, वाद विवाद एवं भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत 210 पेड़ रोपित किये गये। अभियान के तहत संस्थाओं में खेल प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया। गोविंदगढ़ में छात्रावास अधीक्षिका रेखा सिंह द्वारा कई कार्यक्रम आयोजित कराए गए।

# नवरात्रि में रजिस्ट्री करानी है तो सिर्फ एक दिन ही बचा

**जागरण,रीवा।** नवरात्रि पर्व में प्रॉपर्टी खरीदी-बिक्री को लेकर लोग खासे उत्साहित रहते हैं। इस बार नवरात्रि में अन्य वर्षों की तुलना में प्रॉपर्टी कारोबारियों को अपेक्षाकृत कम दिन मिले हैं। नवरात्रि के पर्व के समापन होने तक लोगों के पास अब सिर्फ सोमवार का दिन ही शेष है। इस दिन पक्षकार रजिस्ट्री करा सकते हैं। मंगलवार को जिला प्रशासन ने नवमी के चलते स्थानीय अवकाश घोषित किया है, जबकि शनिवार व रविवार को भी पंजीयक कार्यालय बंद थे। बता दें कि सोमवार को रजिस्ट्री कराने के लिए पक्षकारों ने खरीदी-बिक्री के लिए रविवार को ही डीड आदि का कार्य अपने वकील या सर्विस प्रोवाइडर की मदद से करवाया है। यदि वे सोमवार को ही सारा कार्य करवाना चाहते तो समस्या हो सकती थी। सर्विस प्रोवाइडर के जरिए स्लॉट बुक कराने में मुसीबत होती। पिछले वर्ष शारदेय नवरात्रि के दौरान प्रॉपर्टी कारोबार को पंजीयन विभाग को करोड़ों का राजस्व प्राप्त हुआ था। इस बार यह आंकड़ा और भी बढ़ सकता है। इस बार राजस्व बढ़ने की मुख्य वजह यह बताई जा रही है कि लोग मॉर्गेज प्रॉपर्टी के तहत ज्यादा सौदे कर रहे हैं। बताया जा रहा है कि रजिस्ट्री कार्यालय का समय आम दिनों की भांति सुबह साढ़े 10 बजे से शाम साढ़े 5 बजे तक का रहेगा। इसमें हर आधे घंटे का सर्किट है, जिसमें 20 स्लॉट बुक किए जा सकते हैं। पक्षकारों की संख्या ज्यादा होने के कारण लोगों को पहले से ही अपने दस्तावेज तैयार करवाने होंगे, ताकि उनकी रजिस्ट्री समय पर हो सके।

# आज आंगनवाड़ी केन्द्रों में अभिभावक संवाद बैठकें होंगी आयोजित

**रीवा।** सेवा पखवाड़ा 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक मनाया जा रहा है। इस अवधि में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा महिलाओं तथा बच्चों के पोषण और स्वच्छता से जुड़ी विभिन्न गतिविधियाँ तथा महिला सशक्तीकरण के कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। जिला कार्यक्रम अधिकारी नयन सिंह ने बताया कि इसी कड़ी में 29 सितंबर को आंगनवाड़ी केन्द्रों में अभिभावक संवाद बैठकें आयोजित की जायेंगी। उच्च शिक्षा विभाग द्वारा महाविद्यालय में अध्ययनरत छात्राओं की स्वास्थ्य की जांच के लिए 29 और 30 सितंबर को स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान के तहत स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित किये गये हैं।

# लीवर से संबंधित सभी इलाज संजय गांधी अस्पताल में होंगे : उप मुख्यमंत्री

## एनसीएल द्वारा सीएसआर मद से 6.4 करोड़ रूपये की मिलेंगी गैस्ट्रोलॉजी व इंडोस्कोपी जांच मशीनें



**जागरण,रीवा**

संजय गांधी अस्पताल के मेडिसिन विभाग में संचालित गैस्ट्रोलॉजी और हेपेटोलॉजी, इंटरवेंशन, एंडोस्कोपी डिवीजन के लिए एनसीएल से 6.4 करोड़ रूपये के अनुबंध पर हस्ताक्षर रविवार को किए गए। उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने श्यामशाह चिकित्सा महाविद्यालय के शरीर क्रिया विज्ञान विभाग के रिसर्च लैब का भी फीता काटकर उद्घाटन किया। इस दौरान उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि श्यामशाह चिकित्सा महाविद्यालय के संजय गांधी अस्पताल में सुपर स्पेशलिटी अस्पताल की तरह मरीजों को चिकित्सीय सुविधाएँ मिलेंगी। गैस्ट्रोलॉजी विभाग में अत्याधुनिक मशीनों के उपलब्ध हो जाने से लीवर संबंधित सभी इलाज संजय गांधी अस्पताल में होंगे और मरीजों को बाहर नहीं जाना पड़ेगा। संजय गांधी अस्पताल में आयोजित कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री ने कहा कि लीवर से जुड़ी बीमारियों के लिए मरीजों को सुविधाएं देने की शुरूआत हो गई है। आने वाले दिनों में सभी संसाधनों की पूर्तिकर आवश्यक उपकरण मशीनों की उपलब्धता हो जाने से लीवर से संबंधित सभी प्रकार के इलाज होने लगेंगे और लोगों को बाहर जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि रीवा में पदस्थ चिकित्सक पूरे मनोयोग से कार्य कर रहे हैं। उन्हें उपकरण व संसाधन मुहैया कराये जा रहे हैं। डॉक्टरों की इच्छाशक्ति से ही हमें कार्य करने का प्रोत्साहन मिल रहा है। उन्होंने कहा कि अब रीवा में सभी प्रकार की बीमारियों का इलाज हो रहा है और अब रीवा से मरीजों को बाहर रेफर नहीं किया जाता। श्री शुक्ल ने कहा कि अन्य प्रदेशों में पदस्थ चिकित्सक भी रीवा आने में रूचि ले रहे हैं। हमारा संकल्प है कि रीवा मेडिकल हब बनें। उन्होंने कहा कि मेडिकल कॉलेज तथा उससे संबंद्ध चिकित्सालय में 322 करोड़ रूपये की लागत से नवीनीकरण तथा डॉक्टर्स कॉलोनी का निर्माण का कार्य करायें जायेंगे। प्रदेश के सभी संभागीय मुख्यालयों के चिकित्सालयों को भी पर्याप्त धन राशि से सेंटर ऑफ एक्सीलेंस बनाया जा रहा है ताकि वहां सभी प्रकार की चिकित्सीय सुविधाएं उपलब्ध रहें और मरीजों को बाहर न जाना पड़े। उप मुख्यमंत्री ने एनसीएल सिंगरौली को पुनीत कार्य के लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि एनसीएल द्वारा रीवा में नैकनिहाई शौर्य स्मारक के पुर्नरूद्धार कार्य के लिए भी एक करोड़ रूपये दिये गये हैं। एनसीएल स्वास्थ्य, पर्यावरण तथा सांस्कृतिक विरासत को सहेजने के लिए मदद कर रहा है जो बधाई के पात्र हैं। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि सेवा पखवाड़ा के स्वस्थ नारी सशक्त परिवार की थीम पर महिलाओं की जांच की जा रही है। इसके साथ ही किशोरी बालिकाओं का स्वास्थ्य परीक्षण भी किया जा रहा है।

### स्वास्थ्य सेवाओं के लिए बड़ी उपलब्धि: सांसद

इस अवसर पर सांसद जनार्दन मिश्र ने कहा कि एनसीएल द्वारा सीएसआर मद से जो धन राशि दी जा रही है वह स्वास्थ्य सेवाओं के लिए बड़ी उपलब्धि है। रीवा में उप मुख्यमंत्री के प्रयासों से चिकित्सा के क्षेत्र में सुविधाओं में तेजी से वृद्धि हुई है। अब ऐसी कोई भी बीमारी नहीं है जिसका इलाज रीवा में न हो सके। उन्होंने कोरोना काल में रीवा के डॉक्टर्स व चिकित्सा स्टाफ द्वारा किये गये सेवाभाव की प्रशंसा की। रीवा संभाग के कमिश्नर बीएस जामोद ने कहा कि प्रधानमंत्री का संकल्प उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल के नेतृत्व में किये जा रहे चहुमुखी विकास से पूरा हो रहा है। उन्होंने कहा कि रीवा में चिकित्सा के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति हुई है। उप मुख्यमंत्री के प्रयासों से ही चिकित्सकों, उपकरणों, संसाधनों तथा स्टाफ की उपलब्धता सुनिश्चित हो रही है।

### स्वीकृत किए गए 6.4 करोड़ रुपए

इससे पूर्व एनसीएल के जीएम राजीव रंजन ने बताया कि उप मुख्यमंत्री के निर्देश पर 4 माह से भी कम समय में प्रशासनिक प्रक्रियाओं की पूर्ति कराते हुए सीएसआर मद से 6.4 करोड़ रूपये स्वीकृत किये गये हैं। हमारा प्रयास है कि इसी वित्तीय वर्ष में इस राशि का उपयोग हो। डीन मेडिकल कॉलेज डॉ. सुनील अग्रवाल ने कहा कि गैस्ट्रोलॉजी में उपकरणों के प्राप्त हो जाने से मरीजों को सुविधा मिलेगी। उप मुख्यमंत्री के नेतृत्व में रीवा को मेडिकल हब बनाने के लिए हम सब कृत संकल्पित हैं। डॉ. मनोज इंदुलकर ने कहा कि वर्ष 2018 में प्रारंभ की गई पहल अब पूर्ण होने जा रही है। डॉ एमएच उसमानी ने जानकारी देते हुए बताया कि 6.4 करोड़ रूपये से प्राप्त होने वाली मशीनों से लीवर से संबंधित इलाज आसानी से किये जा सकेंगे। आने वाले समय में गैस्ट्रोलॉजी के उच्चतर पाठ्यक्रम भी रीवा में प्रारंभ हो जायेंगे। आभार विभागाध्यक्ष मेडिसिन डॉ.पीके बघेल ने किया। कार्यक्रम में अधीक्षक डॉ राहुल मिश्रा, डॉ, प्रदीप निगम, डॉ.अनुराग चौरसिया, एनसीएल के शाजिद नसीम सहित महाविद्यालय के चिकित्सक तथा विद्यार्थी व गणमान्य जन उपस्थित रहे।

**120 से अधिक प्रतिभागी हुए शामिल:** इस सम्मेलन में विभिन्न जगहों से 120 प्रतिभागियों ने भाग लिया। विशेषज्ञ वक्ताओं में प्रो. डॉ. वाणी गुप्ता (लखीमपुर खीरी, उ.प्र.), डॉ. त्रिपतदीप सिंह (पंजाब), डॉ. अरुणा सिंह ( रीवा), डॉ गौरव जैन (ग्वालियर), डॉ. रमेश कुमार शर्मा (सतना), डॉ. निपुन सप्रू, डॉ. सुनील अहुजा, डॉ. बीरभान सिंह (रीवा) तथा डॉ. धीरेंद्र मिश्रा (सतना) शामिल रहे। सभी वक्ताओं ने अपने व्याख्यानों से नींद के महत्व और स्वास्थ्य पर उसके प्रभाव को विस्तार से समझाया। आयोजन को सफल बनाने में डॉ. अमिता सिंह, संदीप काम्बले, डॉ शैलजा तिवारी, डॉ. संतोष कुमार पाठक, डॉ. पवन, डॉ. हरिओम गुप्ता ,डॉ. प्रभाकर सिंह एवं डॉ बृजेश सिंह का उल्लेखनीय सहयोग रहा।

# दो नई शाखाओं में एम-फार्मा पाठ्यक्रम शुरु

## श्रीकृष्णा फार्मेसी कॉलेज को मिली नई उपलब्धि



**जागरण,रीवा।** दो नई शाखाओं में एम-फार्मा पाठ्यक्रम को फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया से मान्यता दी गई है। यह कोर्स श्रीकृष्णा फार्मेसी कॉलेज मनगवां में शुरु किए गए है। फार्मास्यूटिक्स एवं फार्मास्यूटिकल केमिस्ट्री प्रारंभ करने की मान्यता प्रदान की गई है। जिले का यह पहला संस्थान है, जिसे एक साथ फार्मेसी के इन दोनों उन्नत कोर्सो की मान्यता मिली है। इससे जिले ही नहीं बल्कि पूरे विंध्य अंचल के फार्मेसी विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के नए अवसर मिलेंगे। संस्था के चेयरमैन डॉ.एसएस तिवारी ने इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि यह उपलब्धि रीवा संभाग के विद्यार्थियों के लिए सुनहरा अवसर है। अब फार्मेसी की उच्च स्तरीय पढ़ाई के लिए बाहर जाने की आवश्यकता नहीं होगी। वहीं कॉलेज की प्राचार्या डॉ. मनीषा पटेल ने कहा कि फार्मास्यूटिक्स और फार्मास्युटिकल केमिस्ट्री की पढ़ाई छात्रों को न केवल शोध और उद्योग जगत में अवसर प्रदान करेगी। बल्कि दवा निर्माण और फार्मास्यूटिकल साइंस के क्षेत्र में नई ऊँचाइयाँ छूने में भी सहायक होगी।

# सांदीपनि पीके स्कूल में मिनर्वा हॉस्पिटल ने लगाया नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर



**रीवा।** समाज सेवा और स्वास्थ्य जागरूकता की दिशा में मिनर्वा द मेडिसिटी हॉस्पिटल द्वारा दो दिवसीय नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया। इस विशेष शिविर में केवल विद्यालय की छात्राओं और स्कूल स्टाफ का स्वास्थ्य परीक्षण एवं उपचार किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में छात्राओं और शिक्षकों ने हिस्सा लिया और विशेषज्ञ डॉक्टरों से परामर्श लिया। विद्यालय प्रबंधन ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि यह उनके लिए गर्व का विषय है कि मिनर्वा हॉस्पिटल सीधे स्कूल परिसर में आकर छात्राओं और स्टाफ की सेवा कर रहा है। प्रिंसिपल ने कहा हमारे विद्यालय में पहली बार इतने व्यवस्थित और वैज्ञानिक तरीके से स्वास्थ्य जांच हुई है। छात्राओं और स्टाफ को व्यक्तिगत स्वास्थ्य रिपोर्ट और परामर्श प्राप्त हुआ, जो निश्चित रूप से उनके स्वास्थ्य सुधार और जागरूकता में सकारात्मक बदलाव लाएगा। इस शिविर ने उन्हें स्वयं की सेहत पर ध्यान देने की प्रेरणा दी। छात्राओं ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि पहले उन्हें स्वास्थ्य संबंधी जांच और परामर्श के लिए बाहर अस्पताल जाना पड़ता था, जो कई बार संभव नहीं हो पाता। लेकिन इस शिविर ने उन्हें अपने ही विद्यालय परिसर में विशेषज्ञ चिकित्सकों की देखरेख और परामर्श उपलब्ध कराया। कई छात्राओं ने कहा कि इस पहल से उन्हें स्वस्थ जीवनशैली अपनाने की दिशा मिली है। शिविर का नेतृत्व मिनर्वा द मेडिसिटी हॉस्पिटल के विशेषज्ञ डॉ. अरविंद ने किया। उन्होंने प्रत्येक छात्रा और स्टाफ को व्यक्तिगत स्वास्थ्य रिपोर्ट दी और उन्हें सही आहार, नियमित व्यायाम और पर्याप्त नींद जैसी आदतों को अपनाने की सलाह दी। डॉ. अरविंद ने कहा हमारा उद्देश्य केवल जांच करना नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ी और शिक्षकों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना है। यदि विद्यार्थी और शिक्षक स्वस्थ होंगे तो समाज की नींव भी मजबूत होगी। मिनर्वा द मेडिसिटी हॉस्पिटल प्रबंधन ने बताया कि यह पहल केवल एक शिविर तक सीमित नहीं रहेगी, बल्कि आगे भी समय-समय पर ऐसे शिविर आयोजित किए जाएंगे। यह पहल आने वाली पीढ़ियों के लिए वरदान साबित होगी और अन्य संस्थानों को भी प्रेरणा देगी।

# स्वदेशी अभियान को बढ़ावा देकर ही भारत को बनाया जा सकता है सशक्त



**रीवा।** स्वदेशी अभियान को बढ़ावा देकर ही भारत को सशक्त बनाया जा सकता है। स्वदेशी वस्तुओं के उपयोग से जहां एक ओर हमारा पैसा हमारे देश में रहेगा वहीं दूसरी ओर स्थानीय लोगों को उनके उत्पाद का लाभ मिलेगा। उक्त उद्गार व्यक्त करते हुए उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि रीवा में गत 5 वर्षों से आयोजित हो रहे कला उत्सव में स्थानीय हस्तशिल्प, लोककला और परंपराओं को बढ़ावा मिल रहा है जिससे यह आयोजन न सिर्फ शॉपिंग फेस्टिवल है बल्कि एक सामाजिक आंदोलन भी है जो शिक्षा, महिला सशक्तीकरण और लोक संस्कृति को प्रोत्साहित करता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री जी का भी आह्वान है कि स्वदेशी अपनाओं राष्ट्र भक्त कहलाओं। लक्ष्मी एजुकेशन एवं ट्रेनिंग समिति द्वारा कृष्णा राजकपूर ऑडिटोरियम में कला उत्सव मेले में ड्रेस, ज्वेलरी, होमडेकोर, गिफ्टस एवं हस्तशिल्प आदि वस्तुऐं प्रदर्शित की गयी। इस आयोजन के माध्यम से 100 से अधिक महिला उद्यमियों, कलाकारों और कारीगारों को आर्थिक आत्मनिर्भरता एवं सामाजिक पहचान मिली। संस्था के अध्यक्ष राजेन्द्र श्रीवास्तव ने बताया कि गत 5 वर्षों में इस आयोजन ने रीवा सहित पूरे विन्ध्य में अपनी पहचान बनाई है। सचिव सोनाली श्रीवास्तव ने बताया कि इस चैरिटेवल एग्जिविशन से प्राप्त आय अंकुर पाठशाला के माध्यम से जरूरतमंद बच्चों की निरूशुल्क शिक्षा पर खर्च की जायेगी। सेवा पखवाड़ा अन्तर्गत स्वच्छ भारतए स्वच्छ रीवा अभियान के तहत कला उत्सव का आयोजन महिला सशक्तीकरण व स्वदेशी अभियान को बढ़ावा देना है। इस अवसर पर अध्यक्ष नगर निगम व्यंकटेश पाण्डेय, परमजीत डंग सहित बड़ी संख्या में स्थानीय जन उपस्थित रहे।

# असहाय बच्चों के साथ हुई कन्या पूजा, समाजसेवियों के साथ पुलिस की रही सहभागिता

## घोघर बालक स्कूल के सीडब्लूएसएन, छात्रावास में आयोजित हुआ कार्यक्रम

**जागरण, रीवा।** नवरात्रि के अवसर में रविवार को घोघर स्कूल के सीडब्लूएसएन छात्रावास में कन्या पूजन का आयोजन किया गया। असहाय बच्चों के साथ पुलिस एवं समाजसेवियों ने मिलकर उनको उपहार का वितरण किया गया। नवरात्रि के अवसर पर विभिन्न स्थानों पर अब कन्या पूजा की परंपरा निभाई जा रही है इस अवसर पर असहाय बच्चों के साथ कन्या पूजा कार्यक्रम मनाने के लिए समाजसेवी एवं पुलिस अधिकारी घोघर स्कूल प्रांगण में पहुंचे थे। थाना प्रभारी सिटी कोतवाली ने अपने हाथों से जहां बच्चों को खाना खिलाया वही व्यापारी संघ के और से बंसी साहू के द्वारा कन्याओं का परंपरागत तरीके से पूजा करने के बाद उन्हें भोजन और उपहार वितरित किए गए।

# संभागीय अभियोजन कार्यशाला संपन्न



**रीवा।** जिला अभियोजन संचालनालय द्वारा अभियोजन दक्षता संवर्धन की संभागीय कार्यशाला प्रदेश के लोक अभियोजन संचालनालय के संचालक बीएल प्रजापति के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुई। कार्यशाला में रीवा संभाग के सभी जिलों के लगभग 70 अभियोजन अधिकारी उपस्थित रहे। उद्घाटन अवसर पर प्रधान न्यायाधीश राकेश मोहन प्रधान एवं पुलिस अधीक्षक शैलेन्द्र सिंह चौहान भी उपस्थित रहे। कलेक्ट्रेट के मोहन सभागार में आयोजित कार्यशाला में संचालक श्री प्रजापति ने नये कानून के बारे में जानकारी देते हुए साइबर अपराध में न्याय पालिका की भूमिका के विषय में बताया। जिला एवं सत्र न्यायाधीश यशपाल सिंह ने वर्तमान समय में हो रहे साइबर अपराध से सावधान रहने तथा न्यायालय के समक्ष प्रभावी अभियोजन की बात कही। जिला अभियोजन अधिकारी अजाक हनुमंत किशोर शर्मा द्वारा प्रभावी अभियोजन के संबंध में जानकारी दी गयी। वरिष्ठ एडीपीओ सूर्य प्रसाद पाण्डेय ने अभियोजन अधिनियम में न्यायालय के उत्तरदायित्व भूमिका के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम में मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट वैशाली शर्मा एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण समीर मिश्रा सहित प्रशासनिक व अन्य गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। कार्यक्रम में संचालक ने प्रमाण पत्र वितरित किये। आभार प्रदर्शन मुख्य आयोजक सहायक निदेशक सुशील कुमार शुक्ला द्वारा किया गया।

# आजाद अध्यापक शिक्षक संघ का धरना 1 अक्टूबर से

## संविलियन सहित विभिन्न मांगों को लेकर जताएंगे विरोध



**जागरण,रीवा।** आजाद अध्यापक शिक्षक संघ मध्यप्रदेश के प्रान्ताध्यक्ष भरत पटेल एवं प्रांतीय कार्यकारिणी के आह्वान पर आजाद अध्यापक शिक्षक संघ जिला इकाई के जिलाध्यक्ष रमेश प्रताप सिंह की अध्यक्षता मे संघ के पदाधिकारियों की बैठक इटौरा बायपास रीवा में सम्पन्न हुई। बैठक के सम्बक में जानकारी देते हुए मीडिया प्रभारी पुष्पेन्द्र द्विवेदी ने बताया कि बैठक में प्रमुख रूप से नियुक्ति दिनांक से सेवा अवधि की गणना कर ग्रेज्युटी बीमा योजना का लाभ दिलाए जाने, पुरानी पेंशन लागू कराए जाने, दोषपूर्ण ई-अंटेनडेंस बंद किये जाने, अनुकंपा नियुक्ति सरलीकरण सहित विभिन्न मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की है। बैठक को सम्बांधित करते हुए प्रांतीय उपाध्यक्ष राजेश सिंह ने बताया कि जिले के लंबित मामले के समाधान हेतु कई बार संघ वरिष्ठ अधिकारियों से मिलकर चर्चा की लेकिन समस्या निराकरण नहीं होने से शिक्षक व्यथित है। बैठक में उपस्थित प्रान्तीय, संभागीय, जिला,ब्लाक, तहसील, संकुल के पदाधिकारी,संघ के आजीवन सदस्य एव जिले के समस्त गुरूजी, अध्यापक शिक्षक संवर्ग के कर्मचारियों के समक्ष निर्णय लिया गया है कि जवा सहित अन्य ब्लॉकों के लंबित सहायक अध्यापकों का प्रथमिक शिक्षक पद पर नियुक्ति एवं क्रमोन्नति आदेश जारी किए जाने को लेकर आगामी 01 अक्टूबर से जिला कलेक्ट्रेट कार्यालय के समक्ष धरना प्रदर्शन किया जाकर 02 अक्टूबर गांधी जयंती पर सामूहिक उपवास कर जनप्रतिनिधियों को ज्ञापन सौंपा जाएगा। निराकरण नहीं होने पर 18 अक्टूबर से अनिश्चितकालीन क्रमिक भूख हड़ताल/आमरण अनशन किए जाने का सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया। उक्त बैठक में जिला अध्यक्ष रमेश प्रताप सिंह, आनंद उर्फ लोली तिवारी, संजय सिंह, धरणीश द्विवेदी, रामायण पाण्डेय, चिंतामणि कोल, दिनेश द्विवेदी, बुद्धिलाल सिंह, प्रमोद चतुर्वेदी, रघुवंशमणि पाण्डेय, मुन्नीलाल वर्मा, दयानंद द्विवेदी, ओमप्रकाश मिश्रा, दयाशंकर मिश्रा, बद्री प्रसाद चतुर्वेदी, हरगोविंद नामदेव सहित अन्य मौजूद रहे।

# स्वदेशी से ही राष्ट्रशक्ति का निर्माण होगा

## जन अभियान परिषद् ने आयोजित की स्वदेशी संगोष्ठी व जागरुकता यात्रा

## जन अभियान परिषद् ने दिया आत्मनिर्भर भारत का संदेश



**जागरण, रीवा।** स्वदेशी शक्ति ही राष्ट्र शक्ति है। स्वदेशी अपनाकर ही आत्मनिर्भर भारत का निर्माण संभव है। इसी संकल्प के साथ मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा स्वदेशी जागरण सप्ताह मनाया जा रहा है। स्वदेशी सप्ताह अंतर्गत स्वदेशी जागरुकता संगोष्ठी एवं यात्रा का आयोजन मार्तण्ड स्कूल सभागार में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रवीण पाठक संभाग समन्वयक, जन अभियान परिषद ने कहा कि स्वदेशी केवल आर्थिक नहीं बल्कि सांस्कृतिक और राष्ट्रीय अस्मिता का प्रतीक है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे विदेशी उत्पादों के मोह से बाहर आकर, स्थानीय उत्पादों को अपनाएँ, जिससे गाँव से लेकर शहर तक आर्थिक मजबूती आएगी। सेवा प्रमुख रमेश साहू ने अपने संबोधन में कहा कि विकसित भारत का निर्माण स्वदेशी के मार्ग पर चलकर होगा तभी देश मे आत्मनिर्भता आएगी। उन्होंने महात्मा गांधी और पं दीनदयाल उपाध्याय के विचारों को याद करते हुए कहा कि आत्मनिर्भर भारत का सपना तभी पूरा होगा जब हर नागरिक स्वदेशी उत्पादों का उपयोग करेगा। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में एमएसडब्ल्यू व बीएसडब्ल्यू छात्र, नवांकुर समिति और प्रस्फुटन समिति के सदस्य एवं सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। युवाओं ने स्वदेशी को जीवनशैली में अपनाने का संकल्प लिया। जागेश्वर ताम्रकार ने कहा कि जन अभियान परिषद समाज में स्वदेशी और आत्मनिर्भरता की चेतना जगाने के लिए लगातार प्रयासरत है। अमित अवस्थी ब्लॉक समन्वयक ने आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन राजेंद्र गौतम ने किया।

भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA
www.rbi.org.in

**मध्य प्रदेश राज्य सरकार की 20 और 23 वर्षीय प्रतिभूतियों की नीलामी**


मध्य प्रदेश राज्य सरकार ने नीलामी के माध्यम से कुल **₹3,000 करोड़ (अंकित मूल्य)** राशि की प्रतिभूतियों की बिक्री का प्रस्ताव किया है।

एकाधिक मूल्य प्रारुप के अंतर्गत प्रतिफल आधारित नीलामी भारतीय रिज़र्व बैंक के कोर बैंकिंग सोल्यूशन **(ई-कुबेर)** पर **30 सितंबर 2025 (मंगलवार)** को आयोजित की जाएगी। व्यक्तिगत निवेशक भी **रिटेल डायरेक्ट पोर्टल (https://rbiretaildirect.org.in)** के माध्यम से गैर-प्रतिस्पर्धी योजना के अनुसर बोली लगा सकते हैं।

अधिक जानकारी के लिए कृपया भारतीय रिज़र्व बैंक की वेबसाइट **(www.rbi.org.in)** पर **26 सितंबर 2025 (शुक्रवार)** की प्रेस प्रकाशनी देखें।

''पैसे का वादा करने वाले ई-मेल/एसएमएस/कॉल द्वारा धोखा न खाएं''

# प्रयागराज, बनारस एवं कटनी के कचरे से रीवा में बन रही बिजली



## रीवा क्लस्टर के 22 निकायों से आने वाले कचरे को पहड़िया में किया जा रहा डंप

## नगर निगम रीवा ने एम.एस.डब्लू मैनेजमेन्ट सॉल्यूशन को नोटिस देकर मांगा जवाब

**जागरण, रीवा।** नगर निगम सहित रीवा संभाग के 22 निकायों से निकलने वाले कचरे को पहड़िया में एकत्र कर डंप किया जा रहा है और प्रयागराज, बनारस एवं कटनी जिले से कचरा लाकर वेस्ट-टू-एनर्जी प्लांट पहड़िया में बिजली बनाई जा रही है। राज्य शासन के सहयोग से रैमकी कंपनी द्वारा पहड़िया में 158 करोड़ की लागत से पहड़िया में वेस्ट-टू-एनर्जी प्लांट की स्थापना की गई है ताकि रीवा संभाग के निकायों से निकलने वाले कचरे के निष्पादन के साथ-साथ बिजली का उत्पादन भी हो सके। लेकिन कंपनी द्वारा अन्य प्रदेशों एवं जिलों से कचरा लाकर बिजली का निर्माण किया जा रहा है और रीवा कलस्टर के कचरे को पहड़िया में ही डंप किया जा रहा है। रैमकी कंपनी के इस रवैये से पहड़िया सहित आसपास के अन्य गांवों में कचरे की सड़ांध फैल रही है और लोग विरोध करने पर उतर आये हैं। इसे रोका नहीं गया तो इसके खिलाफ बड़ा आंदोलन खड़ा हो सकता है। नगर निगम के स्वच्छ भारत मिशन के नोडल अधिकारी द्वारा रैमकी की ही कचरा एकत्र करने वाली कंपनी रीवा एम.एस.डब्लू मैनेजमेन्ट शॉल्यूशन लिमिटेड पीटीएस चौराहा को नोटिस देकर इस संबंध में जवाब चाहा गया है। कंपनी को दिए गए नोटिस में कहा गया है कि एकीकृत ठोस अपशिष्ट प्रबंधन योजना क्लस्टर रीवा अन्तर्गत 22 नगरीय निकायों से निकलने वाले कचरे का परिवहन आपके द्वारा किया जा रहा है एवं रीवा क्लस्टर के अलावा भी अन्य निकायों प्रयागराज, बनारस एवं कटनी से कचरे का भारी मात्रा में परिवहन आपके द्वारा किया जा रहा है। इण्डिपेन्डेट इंजीनियर इन्फाइन इण्डिया द्वारा जानकारी दी गई है कि रीवा क्लस्टर के 22 निकायों से आने वाले कचरे का निष्पादन न किया जाकर प्रयागराज, बनारस एवं कटनी से आने वाले कचरे के द्वारा वेस्ट टू एनर्जी प्लांट संचालित किया जा रहा है। निगमाायुक्त द्वारा भी कई बार निर्देश देने के बाद भी लैंडफिल में उपलब्ध कचरे का निष्पादन नहीं किया जा रहा है एवं उसे खाली करने में रूचि नहीं दिखाई जा रही है।

### कचरे का निष्पादन नहीं करने पर की जाएगी राशि में कटौती

नोटिस के माध्यम से चेतावनी दी गई है कि लैंडफिल और कोस्टा साइट में कचरे की पर्याप्त मात्रा उपलब्ध है, जिसका प्रसंस्करण नहीं किया जा रहा है और प्रयागराज, बनारस एवं कटनी से आने वाले कचरे का उपयोग किया जा रहा है। अगर इसे बंद नहीं किया गया एवं प्लांट के अंदर रीवा क्लस्टर से आने वाले कचरे एवं पूर्व से एकत्रित कचरे का निष्पादन अग्रिम 15 दिवस में नहीं किया गया तो कन्सेशनायर एग्रीमेंट अनुसार देयक से नियमानुसार कटौती की जायेगी।

### नगर निगम रीवा की छवि हो रही धूमिल

एकीकृत ठोस अपशिष्ट प्रबंधन योजना एवं नगर निगम रीवा के मध्य किये गये अनुबंध के मुताबिक नगर निगम रीवा क्षेत्रान्तर्गत डोर-टू-डोर कचरे का शत-प्रतिशत परिवहन करना था। इण्डिपेन्डेट इंजीनियर इन्फाइन इण्डिया द्वारा अपने पत्र में लेख किया गया है कि कंपनी द्वारा जो कचरा उठाव किया जाता है कि उसमें सिल्ट, मिट्टी भी पाई गई है जो अनुबंध का उल्लंघन है। नोटिस में लेख किया गया है कि शत-प्रतिशत कचरे का उठाव किया जाता है तो सेकेण्डरी प्वॉइंट में कोई भी कचरा नहीं आना चाहिये। शत-प्रतिशत कचरे का उठाव न किये जाने पर शहर में जगह-जगह सेकेण्डरी प्वॉइंट बन गये हैं। जिससे नगर निगम रीवा की छवि भी धूमिल हो रही है। इसमें सुधार नहीं करने पर अग्रिम कार्यवाही प्रस्तावित की जाएगी।

### कचरे के कारण पानी हो गया जहरीला

पहड़िया में कचरे के लगे अंबार के चलते आसपास का पानी भी जहरीला हो गया है और इसे पानी को पीकर जानवर बीमार होकर मर रहे हैं। यहीं पर पास में बक्क्षेरा गौशाला स्थापित है। गौशाला में रहने वाले जानवर इस पानी को पीकर असमय काल के गाल में समा रहे हैं। कंपनी के इस रवैये का आसपास के क्षेत्र में कड़ा विरोध भी प्रारंभ हो गया है। आदमी इससे निकलने वाली दुर्गंध से परेशान हैं। यहां के लोगों को भ्रम में रख कर प्लांट की स्थापना की गई है जिसका खामियाजा अब लोग भुगत रहे हैं।

# एशिया कप फाइनल मैचः रोमांच से टीवी पर गड़ी रही आंखें, जीत पर मनाया जश्न

## मैच का रोचक मुकाबला देखने जगह-जगह जुटी खेल प्रेमियों की भीड़



**जागरण, रीवा।** एशिया कप 2025 टी-20 फाइनल मुकाबले में रविवार को भारत-पाकिस्तान पुनः सामने आए, जिसमें भारत ने पाकिस्तान को एक बार फिर मात दी। भारत-पाक के बीच टी-20 का रोचक मुकाबला देखने मैच शुरू होने से पूर्व ही खेल प्रेमियों का मजमा जगह-जगह जमा हो गया था। रीवा में भी क्रिकेट प्रेमियों का उत्साह देखने को मिला। जब से खेल शुरू हुआ टीवी पर आंख गड़ाए रहे जैसे ही भारत की जीत हुई जमकर जश्न मनाया। दरअसल पाकिस्तान को महज 146 रनों पर समेटने के बाद खेल प्रेमी भारत की जीत को लेकर उत्साहित थे, किन्तु शुरूआत में ही भारत के तीन विकेट गिर जाने से कुछ समय सन्नाटा देखने को मिला, किन्तु तिलक वर्मा व शिवम दुबे के मैदान पर आते ही खेल प्रेमियों का उत्साह देखते ही बन रहा था। प्रत्येक बाउंड्री पर जहां तालियां ठोंक रहे थे वही भारत की लगातार जीत को बरकरार रखे जाने का दावा भी कर रहे थे। हालाकि अंमित समय में शिवम दुबे मैदान से बाहर हो गए, किन्तु तिलक वर्मा व रिंकु सिंह ने आखरी ओवर में दो गेंद शेष रहते हुए मैच भारत की झोली में डाल दिया।

# पीएम आवास-2 के लिए किये गये 6000 से अधिक आवेदन

## पीएम आवास योजना के तहत 95 फीसदी मकानों का निर्माण हो चुका है पूरा

**जागरण, रीवा।** पीएम आवास योजना-2 के लिए पिछले कई महीने से आनलाइन आवेदन किये जा रहे हैं। पीएम आवास योजना के दूसरे चरण में अब तक 6000 से अधिक हितग्राहियों ने आवेदन किया है। पीएम आवास के लिए आनलाइन आवेदन की प्रक्रिया अभी चल रही है। इसकी वास्तविक संख्या का पता आवेदन की प्रक्रिया बंद होने के बाद ही पता चल पाएगी। आवेदन की प्रक्रिया के साथ-साथ इनका सत्यापन भी किया जा जा रहा है। ये पीएमआवास कब तक उपलब्ध हो पाएगे इसकी कोई सीमा निर्धारित नहीं है। इतना अवश्य है कि हितग्रहियों को आवास अवश्य मिलेगा। गौरतलब है कि सरकार ने प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ देने के मामले में द्वारा काफी उदारता बरती है। इस योजना के तहत शहर में अब तक 8968 हितग्राहियों को लाभान्वित किया जा चुका है। शहर में बीएलसी योजना के तहत अब तक कुल 7232 हितग्राहियों का पीएम आवास योजना का लाभ दिया जा चुका है। इनमें में 95 प्रतिशत आवासों का निर्माण पूरा भी हो चुका है। इसके अलावा ईडब्ल्यूएस योजना के तहत शहर में गोल क्वार्टर बिछिया, एसएएफ कालोनी के पास, चिरहुला मार्ग पर ललपा साइट, इंजीनियरिंग कालेज के पास सुंदरनगर एवं रतहरा में 1736 पीएम आवास बनाये गये हैं। इनमे में 1500 से अधिक आवासों का आवंटन किया जा चुका है। शेष आवंटन की प्रक्रिया में हैं। इसके अलावा एसएएफ कालोनी के पास 48 एवं ललपा साइट में 96 एमआईजी एवं गोल क्वार्टर में 60 एलआईजी आवास का निर्माण किया गया है। ईडब्ल्यूएस आवासों को 3.20 लाख रुपये में दिया गया है। एमआइजी आवासों को 18 लाख रुपये से अधिक में दिया गया है तथा एलआईजी आवासों को 15 लाख रुपये में दिया गया है। ऊपरी मंजिल के आवासों को क्रमशः एक लाख रुपये कम कीमत में दिया गया है। बीएलसी योजना के तहत सभी हितग्राहियों को ढाई लाख रुपये की राशि किश्तों में उपलब्ध कराई गई है। सूत्रों का दावा है कि अगर पीएम आवास का औसत सर्वेक्षण कराया जाय तो रीवा नगर निगम में सबसे अव्वल आएगा।

# शांति विलास कॉलोनी में मची है नवरात्रि पर्व की धूम



**रीवा।** शहर के शांति विलास कॉलोनी में प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी भक्तों के बीच अद्भुत श्रद्धा और जनआकर्षण का केंद्र बनी हुई है। इस बेहद आकर्षक, नैनाभिराम और मनमोहक मूर्ति को देखकर लोगों में हर्ष व भावविभोरता देखने को मिल रहा है। सुबह से शाम तक इस स्थान पर भक्तों की भारी भीड़ उमड़ रही है, जो इस अनुपम प्रतिमा को देखती रह जाती है। मातारानी के दर्शन मात्र से सभी श्रद्धालु उनकी सुंदरता के कायल हो रहे हैं। यहां पर रोजाना नये-नये कार्यक्रमों का आयोजन भी किया जा रहा है। जिसमें कॉलोनी के अलावा आसपास के लोग भी भारी संख्या में दर्शन के लिये आ रहे हैं। कार्यक्रम को सफल बनाने में उपेन्द्र सिंह, अनिरुद्ध सिंह, डॉ. जेएल मिश्रा, राज मल्होत्रा, बृजेन्द्र सिंह, अरुण सिंह आदि लोग भक्तिभाव से लगे हैं।

# प्रमुख पेंशनर एसोसिएशन की बैठक सम्पन्न



**जागरण, रीवा।** प्रमुख पेंशनर एसोसिएशन की बैठक जेल मार्ग में डॉ. अशोक चतुर्वेदी की अध्यक्षता मे आशुतोष तिवारी के प्रमुख आतिथ्य मे सम्पन्न हुई। बैठक का संचालन महासचिव रजनीश तिवारी द्वारा किया गया। प्रमुख एजेंडा था केंद्र द्वारा घोषित मंहगाई आठवें वेतनमान में पेंशनर को लाभ देने, कोषालय के सभी कार्यालयों को यथावत क़ायम रखने तथा सभी रिटायर हुए को शीघ्र पेंशन चालू करने, ग्रेच्युटी, बीमा, जीपीएफ राशि का शीघ्र भुगतान करने की मांग कमिश्नर एवं कलेक्टर से की गयी है। शासनादेश के वावजूद पेंशनर फोरम स्वास्थ्य समिति का गठन कलेक्टर द्वारा नहीं करने पर खेद व्यक्त किया गया। अंत में सभी मृतकों को श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। बैठक में रजनीश तिवारी, सुभाष चंद्र दुबे, अवधराज सिंह तिवारी, व्हीजी पयासी, यादवेन्द्र शुक्ला, किरण पाण्डेय, मालती सप्रे, सुशील तिवारी, आशा वर्मा, राजेंद्र शुक्ला, गणेश द्विवेदी, डॉ.आरपी उपाध्याय, विद्याकांत तिवारी, दुर्गा प्रसाद चतुर्वेदी, आरबी दुबे, रमेश चतुर्वेदी, यमुना प्रसाद शुक्ला, वीरेंद्र सिंह, डॉ. नरेन्द्र पाण्डेय आदि उपस्थित थे।

# महिलाओं की गैंग ने बढ़ाई सक्रियता

## सर्राफा दुकान में ग्राहक बनकर लगा रही चूना

## कोष्टा में सामने आई वारदात सीसीटीवी में कैद हुई महिलाएं



**जागरण, रीवा।** सर्राफा दुकानों में आभूषण लेने ग्राहक की भेष में पहुंची दो महिलाओं ने दुकान संचालक को अपनी बातों के जाल में फंसाया और बड़ी सफाई से आभूषण लेकर चंपत हो गई। पूरी घटना दुकान में लगे सीसीटीवी फुटेज में कैद हो गई है। घटना रायपुर कर्चुलियान थाना क्षेत्र के कोष्टा मोड़ के पास स्थित सर्राफा दुकान की बताई गई है। बताया गया कि महिलाएं दुकान में पहुंची थी जिन्होंने कान की बाली सहित आभूषण दिखवाने को कहा। इसके बाद कहीं पायल तो कहीं बाली दिखवाने को कहती रही और दुकानदार उन्हें आभूषण दिखवाता गया। दुकानदार को अपनी बातों में उलझाकर महिलाओं ने बड़ी ही सफाई से चार जोड़ी पायल पार कर दी। दुकान संचालक ने घटना की शिकायत रायपुर कर्चुलियान थाना में दर्ज करवाई है। महिलाएं दुकान में लगे सीसीटीवी फुटेज में नजर आ रही हैं, जिसके आधार पर पुलिस अब उनकी तलाश कर रही है। बहरहाल एक बार फिर महिलाओं की गैंग की सक्रियता सामने आई है। पूर्व में भी ग्राहक बनकर पहुंची महिलाओं ने कई सर्राफा दुकानदारों को चूना लगाया था। बीते वर्ष जनेह पुलिस ने कुछ महिलाओं को ऐसे मामलों में पकड़ा था जिसके बाद इस तरह की घटनाएं सामने नहीं आई थी। कोष्टा में मोड़ में सर्राफा दुकान चला रहे व्यापारी सुखनंदन सोनी निवासी रतहरा ने बताया कि वो दुकान में नहीं थे। जरूरी काम से रीवा आ गए थे, दुकान में उनका भाई था, तभी दो महिलाएं पहुंची जो सोने की बाली दिखवाने को बोली, इसके बाद दूसरी महिला पायल दिखवाने को बोली। इस दौरान वह उनकी बातों में उलझ गया और मौका पाकर महिलाओं ने चार जोड़ी पायल पार कर दी। जब वह पहुंचा तो पायल की गिनती की जिसमें चार जोड़ी पायल कम मिली। पीड़ित ने काफी समय तक आसपास उक्त महिलाओं की तलाश की लेकिन पता नहीं चला। जिसके बाद उन्होंने घटना की शिकायत रायपुर कर्चुलियान थाना में दर्ज करवाई है।

**सूचना**

जागरण पब्लिकेशन प्रा. लि. किसी तृतीय पार्टी के उत्पादकों वस्तुओं या सेवाओं का समर्थन नहीं करती है और न ही किसी तृतीय पार्टी के विज्ञापनों में छपी किसी जानकारी की सच्चाई या विश्वसनीयता की पुष्टि करती है। जागरण पब्लिकेशन प्रा. लि. पाठकों को प्रेरित करती है कि वे ऐसे किसी भी विज्ञापनदाता के साथ कोई भी लेन-देन करने की कार्रवाई से पहले उचित व जरूरी समझे जाने वाली जांच पड़ताल कर लेवे।

**आवश्यकता है**

ऑफिस कार्य हेतु लड़की एवं महिलाओं की आवश्यकता है। वेतन 5,000 से 10,000+कमीशन बोनस उम्र 18 वर्ष से 35 वर्ष
पता-न्यू बस स्टैंड रीवा मध्यप्रदेश
संपर्क नं.-9752075387
आर-84258 (3/10)

**आवश्यकता है**

ऑफिस कार्य हेतु लड़कियों एवं महिलाओं की योग्यता 10वीं, 12वीं पास, मान्य सैलरी 5,000 कमीशन के आधार पर कमाएं 10 से 15000 रु. महीनें और अपनी जरूरतों को जल्द ही पूरा करें- जल्द से जल्द संपर्क करें : 7803062902, 8434331007, 9294580861
पता :- सिरमौर चौराहा पी.के. स्कूल के पीछे, हनुमान डेयरी के पास, रीवा।
आर-83805 (28/9)

**आवश्यकता है**

कर्मचारी/हेल्पर
संपर्क करें : 8770231515
आर-83806 (29/9)

# नगर निगम सभागार में स्ट्रीट फूड वेंडरों को दिया गया विशेष प्रशिक्षण



**जागरण, रीवा।** सेवा पखवाड़ा के तहत नगर निगम रीवा के सभागार में रविवार को लोक कल्याण मेला अंतर्गत प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के तहत स्ट्रीट फूड वेंडरों के लिए विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस दौरान भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) के मार्गदर्शन में इंडियनर्स मीडिया प्राइवेट लिमिटेड भोपाल द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में लगभग 150 स्ट्रीट फूड वेंडरों ने भाग लिया। विशेषज्ञों ने प्रतिभागियों को खाद्य स्वच्छता, सुरक्षा, गुणवत्ता मानक एवं पोषण संबंधी महत्वपूर्ण दिशा निर्देशों की जानकारी दी। गौरतलब है कि इस प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य वेंडरों को अधिक सक्षम बनाना है ताकि आम नागरिकों को सुरक्षित, स्वच्छ एवं गुणवत्तापूर्ण खाद्य सामग्री उपलब्ध हो सके। इसके साथ ही कार्यक्रम में प्रश्नोत्तरी सत्र के माध्यम से स्ट्रीट फूड वेंडरों को खाद्य सुरक्षा कानूनों, बेहतर कार्य-प्रणालियों और उपभोक्ता स्वास्थ्य संरक्षण के प्रति जागरूक किया गया। इस दौरान उपायुक्त प्रकाश द्विवेदी, सिटी मिशन मैनेजर अभिमन्यु सिंह, प्रशिक्षण प्रदाता एवं बड़ी संख्या में पथ विक्रेता मौजूद रहे।

# गौवंश वध पर हिंदू महासभा सख्त, दोषियों पर देशद्रोह का मुकदमा दर्ज करने की मांग

**रीवा।** बिछिया थाना अंतर्गत गौमाता का कटा हुआ सिर नदी में मिलने की घटना से हिंदू समाज में भारी आक्रोश है। अखिल भारत हिंदू महासभा, रीवा इकाई ने इस घटना की कड़ी निंदा करते हुए इसे हिंदू आस्था पर कुठाराघात बताया है।जिला अध्यक्ष उमेश कुमार कुशवाहा ने कहा कि यह कोई साधारण अपराध नहीं, बल्कि सुनियोजित साजिश है। वर्तमान समय में जब समूचे समाज में नवदुर्गा उत्सव का पर्व श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाया जा रहा है, ऐसे अवसर पर विशेष समुदाय के द्वारा गौमाता का सिर काटना एक गंभीर षड़यंत्र की ओर संकेत करता है। यह कृत्य न केवल हिंदुओं की आस्था को चोट पहुंचाने वाला है, बल्कि जिले की शांति व्यवस्था के लिए भी बड़ा खतरा है। महासभा ने अपनी मांगों में कहा है कि दोषियों पर केवल गौवंश प्रतिषेध अधिनियम ही नहीं, बल्कि देशद्रोह जैसी कठोर धाराओं में भी मुकदमा दर्ज हो। अपराधियों की संपत्ति जब्त कर उसे ध्वस्त (जमींदोज) किया जाए और गौहत्या व तस्करी में संलिप्त नेटवर्क की उच्च स्तरीय जांच कर कठोरतम कार्यवाही हो। महासभा ने स्पष्ट किया कि यदि शासन-प्रशासन लापरवाही बरतता है तो इसकी संपूर्ण जिम्मेदारी उन्हीं की होगी।

# सड़क पर पार्किंग, आवागमन हो रहा अवरुद्ध

## झिरिया मुख्य सड़क किनारे दो होटलें, दोनों में पार्किंग का अभाव



**जागरण, रीवा।** सिविल लाइन थाना क्षेत्र के झिरिया दो होटल हैं दोनों में पार्किंग का अभाव होने से यहां आने वाले वाहनों की पार्किंग सड़क पर हो रही है, जिससे रास्ता जाम होता है। एक होटल यहां पूर्व से है, जिसमें आने वाले वाहनों को सड़क किनारे ही खड़ा करवाया जाता रहा है, इसी के समीप एक अन्य होटल खुल गया है, उसमें भी पार्किंग व्यवस्था नहीं, जिससे सड़क का आधा हिस्सा वाहनों से भर जाता है, इस कारण यहां बार-बार आवागमन अवरुद्ध तो होता है साथ ही दुर्घटना का भी भय बना रहता है।

### मार्तण्ड स्कूल चौराहे से केन्द्रीय विद्यालय मोड़ तक लगी कतार

शासन के नियमानुसार किसी भी प्रतिष्ठान अथवा निवास में भी वाहन पार्क किए जाने की व्यवस्था की जाना है, किन्तु शहर में उक्त नियमों का पालन नहीं किया जा रहा। मार्तण्ड स्कूल चौराहें से लगाकर केन्द्रिय विद्यालय पहुंच मार्ग तक सड़क का एक हिस्सा वाहनों से पटा रहता है, शराब दुकान के सामने भी शराब खरीदने, पीने वाले बेतरतीब वाहन खड़े कर देते हैं, जिससे यहां वाहन क्रॉस करने की गुंजाइश ही नहीं रहती है। वाहनों को हटाने के लिए कुछेक वाहन चालकों में बहस, विवाद की स्थिति भी निर्मित हो जाती है।

# ग्राम पंचायतों में नहीं चल रहा स्वच्छता पखवाड़ा अभियान

## कई जगह लगे वर्षों से कचरे के ढेर, कीचड़, गंदगी से लोग हलाकान



**जागरण, रीवा।** प्रदेश भर सहित जिला मुख्यालय व समीपस्थ क्षेत्रों में सितंबर माह को स्वच्छता पखवाड़ा अभियान के रूप में मनाया जाकर जगह-जगह सफाई अभियान चलाए जा रहे हैं, स्कूल, कॉलेजों में आने वाले विद्यार्थियों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया जा रहा है ताकि शहर को स्वच्छ व सुंदर बनाया जा सके, लेकिन शहर से सटी ग्राम पंचायतें ही शासन-प्रशासन के नियमों का पालन नहीं कर रही। ग्राम पंचायतों में कचरा उठवाने का प्रावधान ही नहीं है, जहां लंबे समय से पड़े कचरे के ढेरों में लगातार वृद्धि होती जा रही है।

**स्वच्छता पखवाड़ा की उड़ा रहे खुलेआम धज्जियां :** शहर से सटी ग्राम पंचायत दुआरी, इटौरा, मैदानी, करहिया, अटरिया आदि पंचायतों द्वारा ग्राम में जमा होने वाला कचरा उठवाया ही नहीं जाता। न ही यहां कचरा वाहन आते हैं, लोग जहां कचरा फेंक देते हैं वही कचरा प्वाइंट बन जाता है, जिसमें लगातार कचरा डाला जाने से कचरे के बड़े-बड़े ढेर लग गए हैं, मैदानी ग्राम पंचायत में निजी स्कूल के समीप कचरे का ढेर लगा है, सड़क किनारे लगभग दो साल से कचरे का ढेर लगा है, जिसे हटवाने की जहमत ग्राम पंचायत द्वारा नहीं उठाई जा रही, लोग गंदगी व कचरे के ढेर से उठने वाली दुर्गंध से हलाकान हो रहे हैं। ग्राम पंचायत इटौरा में भी कई जगह-छोटे-बड़े कचरे के ढेर देखे जा सकते हैं। जिन्हें हटवाया नहीं जा रहा। दुआरी पंचायत में भी कचरा उठवाने का प्रावधान नहीं है। अटरिया में भी ग्रामवासी जहां कचरा डाल देते हैं वहीं कचरे का ढेर लगा है। ग्राम पंचायत करहिया में करीब छह माह पूर्व अतिक्रमण हटवाया गया था जिसका मलबा आज तक नहीं हटाया गया। नाली में पानी बहने के बजाय कचरा भरा है, ग्रामवासियों ने कई बार ग्राम पंचायत से कचरा उठवाने की गुहार लगाई, लेकिन उनकी मांग अनसुनी कर दी गई। ये तो महज कुछ उदाहरण हैं, लगभग अधिकांश ग्राम पंचायतों में इस प्रकार की स्थिति देखी जा सकती है जो शासन-प्रशासन के स्वच्छता पखवाड़ा अभियान की धज्जियां उड़ाने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे।

# मां शक्ति की चुनरी यात्रा निकाली



**जागरण, रीवा।** सच्चा नगर स्थित सीताराम नगर से रविवार को नवरात्रि के पावन अवसर पर चुनरी यात्रा का आयोजन किया गया। चुनरी यात्रा का शुभारंभ मां दुर्गा से जयकारों से किया गया। ढोल-ढमाकों के साथ चुनरी यात्रा सच्चा नगर से होती हुई, मैदानी, करहिया पंचायत होती हुई पुनः सीताराम नगर पहुंची। जहां माता को चुनरी अर्पित की गई। चुनरी यात्रा में महिलाएं लाल साड़ी, चुनरी व पुरुष पीले वस्त्रों में शामिल हुए। चुनरी यात्रा को सफल बनाने में संयोजक व कार्यकर्ता विष्णु नारायण तिवारी, मनोज शुक्ला, अध्यक्ष श्री परशुराम जनकल्याण सेवा समिति शशि कुमार मिश्रा, चौबे बाबू, प्रियंका तिवारी, ममता शुक्ला सहित बड़ी संख्या में मातृ शक्तियां शामिल थीं।

# अखिल भारतीय अग्रवाल महासभा ने माता को चढ़ाई चुनरी



**रीवा।** अखिल भारतीय अग्रवाल महिला महासभा इकाई जिला रीवा के तत्वावधान में अग्रवाल समाज भवन फ़ोर्ट रोड रीवा स्थित कांच के मंदिर में माता को चुनरी चढ़ाई गई। चना, फ़ल हलुआ आदि का भोग लगाया गया। तत्पश्चात महासभा की महिलाओं ने नवरात्रि के पावन पर्व के षष्टमी के दिन माता कात्यायनी की आराधना की। भजन कीर्तन में मुख्य रूप से मीना बंसल, सुनील अग्रवाल एड., गीता अग्रवाल, राखी अग्रवाल, अनीता अग्रवाल, रानू अग्रवाल, शैलजा अग्रवाल आदि महिला पुरुष शामिल रहे।

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी अनुभाग हुजूर, जिला-रीवा (म.प्र.)**

क्र. 413/प्रवाचक/2025
रीवा, दिनांक 11/09/2025

अपीलार्थी दिनकर दुबे तनय स्व. अशोक कुमार दुबे वगै. सभी निवासी ग्राम समान तहसील हुजूर रीवा द्वारा तहसीलदार तहसील हुजूर के राजस्व प्रकरण क्रमांक 0091/-27/2001-02 में पारित आदेश दिनांक 17.05.2001 के विरूद्ध अपील प्रस्तुत की गई है। जो दिनकर दुबे वगै. विरूद्ध महेन्द्र कुमार दूबे वगै. मौजा समान से विचाराधीन है, जिसमें आगामी सुनवाई तिथि 09 10. 2025 नियत है। अपीलार्थी के द्वारा निवेदन किया गया है कि, उत्तरवादी की तलबी स्थानीय समाचार पत्र में प्रकाशन कराया जाकर न्यायालय में उपस्थित कराई जावे।

अनुविभागीय अधिकारी
अनुभाग हुजूर,
जिला रीवा (म.प्र.)

RN-84552

## राजनीतिक/प्रशासनिक



### संक्षिप्त खबरें

#### स्कूलों के बैंक खातों में आज राशि होगी अंतरित

**विसं भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव सोमवार को हरदा जिले के खिरकिया में शिक्षा का अधिकार अधिनियम अंतर्गत 20 हजार 652 अशासकीय विद्यालयों को 489 करोड़ रुपये सिंगल क्लिक से अंतरित करेंगे। राशि आरटीई में अध्ययनरत बच्चों की वर्ष 2023-24 की 8 लाख 45 हजार बच्चों की फीस की प्रतिपूर्ति होगी। शिक्षा का अधिकार अधिनियम में गैर-अनुदान प्राप्त अशासकीय विद्यालयों में वंचित समूह एवं कमजोर वर्ग के बच्चों को उनके समीप के विद्यालय में प्रथम प्रवेशित कक्षा की न्यूनतम 25 प्रतिशत सीटों पर निःशुल्क प्रवेश का प्रावधान है। वर्तमान में शिक्षा का अधिकार अधिनियम के तहत प्रदेश में लगभग 8 लाख 50 हजार बच्चे अशासकीय विद्यालयों में निःशुल्क शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं।

#### राजधानी में एक अक्टूबर को हो सकता है अवकाश

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** राजधानी में एक अक्टूबर को स्थानीय अवकाश घोषित किया जा सकता है। इस संबंध में जिला प्रशासन ने सामान्य प्रशासन विभाग को प्रस्ताव भेजा है। प्रस्ताव मंजूर होता है, तो कर्मचारी-अधिकारियों को लगातार दो दिन का अवकाश मिल सकता है। हर साल भोपाल में 4 स्थानीय अवकाश होते हैं। इनमें मकर संक्रांति, रंगपंचमी, गणेश चतुर्थी और भोपाल गैस त्रासदी की बरसी पर अवकाश घोषित किए जाते हैं। सरकार ने 27 अगस्त को गणेश चतुर्थी पर पूरे राज्य में स्थानीय अवकाश घोषित किया था। ऐसे में जिला प्रशासन 27 अगस्त के अवकाश को 1 अक्टूबर के लिए मांग कर रहा है।

#### भारतीय मजदूर संघ की कार्यकारिणी गठित

**भोपाल।** भारतीय मजदूर संघ की कार्यकारिणी गठित कर दी गई है। इसमें 16 कर्मचारियों को पद दिए गए हैं। इसमें पीएचई मूरैना से द्वारका कुशवाहा को अध्यक्ष बनाया है। वहीं कार्यकारी अध्यक्ष के तौर पर पीएचई के श्रीराम लाल शर्मा का चयन किया गया है। पीएचई के मनोहर लालू को उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। दीपनारायण उपाध्यक्ष, शिवेन्द्र पांडे उपाध्यक्ष, प्रदीप कुमार महामंत्री, कुलदीप सिहं राजपूत सहमंत्री, अशोक चतुर्वेदी मंत्री, विजय राज सोनी मंत्री, विनोद जी बोयत मंत्री, दिनेश ठाकुर मंत्री, इलियास खान मंत्री और मृणाली पांडे करेले मंत्री के तौर पर चयनित किए गए हैं।

# कमलेश्वर पटेल के बाद अरुण ने प्रदेश कांग्रेस को दिखाया आइना

## बढ़ रहा विवाद: इंदौर शहर अध्यक्ष ने दिग्विजय सिंह के आंदोलन पर उठाए सवाल

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** जिन उद्देश्यों को लेकर प्रदेश कांग्रेस में संगठन सृजन अभियान चलाया गया था, वह पार्टी नेताओं के बीच सामंजस्य की दृष्टि से कोसों दूर है। आलम यह है कि पहले सीडब्ल्यूसी सदस्य कमलेश्वर पटेल ने प्रदेश प्रभारी पर सवाल खड़े



किए थे, तो अब केन्द्रीय मंत्री रहे वरिष्ठ नेता अरुण यादव ने प्रदेश संगठन की कार्यपद्धति पर ही सवाल खड़े कर दिए हैं। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष रहे अरुण यादव ने रविवार को सोशल मीडिया पर एक पोस्ट डाली है। इसमें उन्होंने प्रदेश संगठन के मध्य समन्वय और एकजुटता पर सवाल खड़े किए हैं। उन्होंने एक्स पर लिखा की पार्टी एवं पार्टी की विचारधारा के लिए वैचारिक और सतही संघर्ष आज समय की मांग है सिर्फ भाषणों एवं बयानों से जहरीली विचारधाराओं से संघर्ष कर पाना नामुमकिन है,सभी को साथ रखकर अपनी विचारधारा को लेकर समन्वय और एकजुटता से हम संघर्ष करेंगे,तभी प्रदेश में हमारी सरकार बनाने का सपना साकार होगा। उन्होंने आगे लिखा कि जिस साहस और ईमानदारी के साथ हमारे नेता राहुल गांधी संघर्ष कर रहे हैं, उसका एक प्रतिशत भी मध्यप्रदेश में हम अंगीकार कर लें, तो संघर्ष की राह आसान हो जाएगी।

### पटेल ने गुटबाजी पर खड़े किए थे सवाल

गौरतलब है कि कुछ दिनों अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी सदस्य



कमलेश्वर पटेल ने प्रदेश के प्रभारी हरीश चौधरी और पीसीसी चीफ जीतू पटवारी की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े किए थे। तब उन्होंने इन नेताओं से कहा कि उनका दोनों का काम सबको साथ लेकर चलने का है,लेकिन ऐसा नहीं हो रहा। उन्हें इस तरह से संगठन नहीं चलाना चाहिए। उन्होंने कहा कि गुटबाजी और प्रतिस्पर्धा अपनी जगह है,लेकिन गुटबाजी इतनी ज्यादा भी नहीं होनी चाहिए। इन नेताओं की जिम्मेदारी है कि समन्वय बनाकर चले ना कि खुद पार्टी बन जाएं।




### पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के बीच मचे घमासान को कर दिया उजागर

इधर इंदौर कांग्रेस अध्यक्ष चिंटू चौकसे ने रविवार को अपने एक बयान से पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के बीच मचे घमासान को





उजागर कर दिया। चिंटू ने पूर्व सीएम दिग्विजय सिंह के इंदौर शीतलामाता बाजार को लेकर किए गए आंदोलन पर सवाल खड़े कर दिए। उन्होंने इंदौर के गांधी भवन में हुई समन्वय समिति की बैठक में कहा कि शहर में भोपाल और दूसरे स्थानों से आने वाले नेता बिना किसी सूचना के अपने स्तर पर आयोजन रख लेते है। ऐसा अब नहीं चलेगा। चाहे वह पूर्व मुख्यमंत्री हो या कोई अन्य नेता हो। इस तरह की गतिविधियां अनुशासन हीनता की श्रेणी में आता है। शहर में किस तरह के हालात है और कैसे आयोजन करना है,यह हमें बेहतर पता होता है। इसलिए कोई भी आयोजन शहराध्यक्ष की बिना मंजूरी के नहीं होना चाहिए।

### दिल्ली की नजर प्रदेश के केवल बड़े नेताओं पर

इधर अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की नजर मध्यप्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं पर हैं।



पिछले दिनों पूर्व सीएम कमलनाथ और राज्यसभा सांसद दिग्विजय सिंह के बीच हुई बयानबाजी के उपरांत हाईकमान ने हस्तक्षेप किया था, तब दोनों नेताओं को आपसी मनमुटाव नहीं होने की बात कहनी पड़ी थी। लेकिन पार्टी हाईकमान राज्य के दूसरे बड़े नेताओं की नाराजगी को लगातार नजरादांज करते आ रहा है, जबकि कांग्रेस का एक बड़ा जनाधार इन्हीं नेताओं पर कायम है।

### खींचतान की वजह से सार्वजनिक विरोध

कांग्रेस से जुड़े जानकारों का कहना है कि पार्टी के वरिष्ठ नेताओं द्वारा अपने ही नेताओं पर सार्वजनिक तौर पर सवाल खड़ा करना उनके आक्रोश से ज्यादा इस बात की ओर इशारा कर रहा है कि पार्टी में अंदरुनी खींचतान जमकर मची हुई है। हालांकि कांग्रेस नेतृत्व कई बार सभी नेताओं के एकजुट होने का प्रदर्शन जरुर करता है,लेकिन हकीकत में ऐसा नहीं है। संगठन सृजन अभियान के बाद इस तरह की स्थिति उत्पन्न हुई है,जिसने प्रदेश कांग्रेस को मजबूत बनाने की जगह और कमजोर किया है।

# पांच साल पुराने मामले पर चार साल पहले नौकरी छोड़ चुके अफसर को चार्जशीट

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** प्रदेश के वन महकमे ने एक ऐसे अधिकारी के खिलाफ चार्जशीट जारी करने के निर्देश दे दिए,जो चार साल पहले भारतीय वन सेवा से मुक्त हो चुके हैं। मजे की बात यह है कि जिस मामले में पूर्व अफसर को नोटशीट दी गई है, वह पांच साल पुराना है। जानकारी के अनुसार जिन अधिकारी को चार्जशीट देने का आदेश दिया गया है, वो सिद्धार्थ गुप्ता वर्ष 2015 बैच के आईएफएस अधिकारी रहे हैं, जिन्होंने आईएफएस की सेवाएं छोड़कर भारतीय राजस्व सेवा को ज्वाइन किया। गुप्ता 2021 बैच के (आईआरएस) अधिकारी हैं। अपने वन विभाग के दायित्व के दौरान गुप्ता वर्ष 2019 से 2020 तक बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व के उप संचालक रहे थे। इस दौरान उन पर बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व के ईको सेंसिटिव जोन (ईएसजेड) में धमोखर बफर क्षेत्र से सटे ग्राम महामन में निजी भूमि पर वाटर पार्क निर्माण की अनुमति देने का आरोप लगा है। विभागीय सूत्रों की माने तो इस मामले पर तत्कालीन एपीसीसीएफ सुनील अग्रवाल ने उप संचालक को लिखित रूप से निर्देशित किया था कि वाटर पार्क निर्माण से न तो वन्यजीवों पर प्रतिकूल असर पड़ेगा और न ही वृक्षों का नुकसान होगा और यह कार्य ईएसजेड अधिसूचना के तहत प्रतिबंधित गतिविधियों में नहीं आता। अग्रवाल ने इस संबंध में कहा था कि प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड से पर्यावरणीय स्वीकृति की आवश्यकता है या नहीं, इसकी जांच की जाए।

### निर्माण के बाद सामने आया मामला

जानकारी के अनुसार महामन में वाटर पार्क के निर्माण के बाद यह मामला सुर्खियों में आया। इस संबंध में शिकायत हुई, तो वरिष्ठ अधिकारियों ने मामले को संज्ञान में लिया और जांच के आदेश दिए गए। पिछले दिनों विभाग की टाइम लिमिट बैठक के दौरान विभाग के अपर मुख्य सचिव अशोक वर्णवाल ने तत्कालीन उप संचालक को दोषी मानते हुए उन्हें चार्जशीट जारी करने का निर्देश दिए। विभागीय सूत्रों का कहना है कि इस मामले पर न तो एसीएस ने पूरे प्रकरण के बारे में जानकारी ली और न ही बैठक में मौजूद पीसीसीएफ स्तर के अधिकारियों ने उन्हें यह नहीं बताया कि संबंधित अनुमति तत्कालीन उप संचालक ने उस समय एपीसीसीएफ (भू-प्रबंध) रहे सुनील अग्रवाल के लिखित निर्देश पर दी थी।

# स्वदेशी अपनाना विकसित भारत के लिए मजबूत कदम : देवड़ा

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा ने कहा कि स्वदेशी अपनाओ अभियान विकसित भारत के निर्माण की दिशा में मजबूत कदम है। इस समय नवरात्रि चल रही है, दशहरा और दीपावली आने वाली है, हम सब का दायित्व है कि स्वदेशी अपनाएं और भारत को समृद्ध बनाएं। उप मुख्यमंत्री देवड़ा ने यह बात रविवार को भोपाल के लखेरापुरा मार्केट के दुकानदारों के बीच जाकर कही। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी का संलल्प है कि 2047 में हमारा देश विकसित राष्ट्र की श्रेणी में आए और हमारा भारत देश विश्व गुरू के रूप में स्थापित हो। उन्होंने स्वदेशी संकल्प पत्र स्वयं भरा और ग्राहकों से अपील की कि वे भी स्वदेशी सामग्री खरीदने का संकल्प लें। श्री देवड़ा ने सभी को सामूहिक रूप से स्वदेशी अपनाने की शपथ भी दिलाई। उप मुख्यमंत्री श्री देवड़ा ने लखेरापुरा मार्केट में स्वदेशी अपनाओ अभियान के तहत स्थानीय व्यापारी बंधुओ से भेंट कर उन्हें अभियान के संबंध में जानकारी दी।

# सिंहस्थ में भारतीय संस्कृति का वैभव पूरी दुनिया देखेगी:सीएम

## उज्जैन में विकास कार्यों के कार्यक्रम में मुख्यमंत्री हुए शामिल

**विशेष संवाददाता , भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि सिंहस्थ-2028 में भारतीय संस्कृति का वैभव पूरी दुनिया देखेगी। इसके लिए सरकार जहां क्राउट मैनेजमेंट पर ध्यान दे रही है,तो वहीं मध्यप्रदेश और उज्जैन की कनेक्टिविटी बढ़ाने की दिशा में विशेष ध्यान दिया जा रहा है। मुख्यमंत्री रविवार को उज्जैन में उज्जैन में नवीन संयुक्त प्रशासनिक भवन के साथ अन्य विकास कार्यों के शिलान्यास कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने बताया कि सिंहस्थ 2028 के लिए हाल ही में 2675 करोड़ रुपए की लागत राशि से 33 प्रमुख कार्यों को मंजूरी दी गई है।उज्जैन के प्रमुख मंदिरों का भी विस्तारीकरण किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सरकार चाहती है कि जिला कार्यालय एक ही छत के नीचे होने



चाहिए। लगभग 135 करोड़ रुपये की लागत से उज्जैन में बन रहा संयुक्त प्रशासनिक भवन लोक-कल्याण और सुशासन का उदाहरण बनेगा। यह अत्याधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर और सुविधाओं से सुसज्जित होगा। अधिकारियों के लिए नवीन आवासीय भवन बनाए जायेंगे। उन्होंने बताया कि सिंहस्थ-2028 के लिए शिप्रा नदी पर लगभग 30 किलोमीटर लंबे सुविधायुक्त नवीन घाटों का निर्माण किया जा रहा है। साथ ही पुराने घाटों का उन्नयन कर 5 करोड़ श्रद्धालुओं के स्नान की व्यवस्था की जा रही है। शिप्रा नदी पर ब्रिजों की श्रृंखलाओं का निर्माण किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सिंहस्थ के लिए साधु-संतों की मंशानुसार कार्य हो रहे हैं। शिप्रा नदी पर 77 करोड़ से अधिक की लागत से बनने वाले 4 नए पुलों से आने वाले दिनों में मोक्षदायिनी शिप्रा मैया पुलों वाली नदी भी कहलाएंगी। यह उज्जैन की काया पलटने वाले विकास कार्य हैं जो सिंहस्थ-2028 को भव्यता प्रदान करेंगे। डॉ. यादव ने कहा कि बहुत जल्द मेट्रो ट्रेन भी उज्जैन में आएगी। कृषकों के लिए भावांतर योजना लागू कर लगभग 35 लाख से अधिक किसानों को लाभ दिया जायेगा।

**मऊगंज के गनिगमा का मामला**

# किसान को गाली देकर तू कौन पूछने वाला तहसीलदार सस्पेंड

**जागरण, मऊगंज।** जमीन विवाद में किसान की कॉलर पकड़कर गाली-गलौज करने वाले मऊगंज तहसीलदार बीके पटेल को रीवा कमिश्नर बीएस जामोद ने सस्पेंड कर दिया। किसानों से अभद्रता का वीडियो वायरल होने पर सीएम डॉ. मोहन यादव ने नाराजगी जताई थी। इसके बाद कमिश्नर ने कलेक्टर से रिपोर्ट तलब की। कलेक्टर संजय कुमार ने एडीएम से जांच रिपार्ट मांगी। मामला उपतहसील देवतालाब के गनिगमा का है। वीडियो में दिख रहा था कि गांव पहुंचे तहसीलदार ने किसान सुषमेश पांडे की कॉलर पकड़कर झकझोर दिया। मारपीट के लहजे में तहसीलदार ने किसान को गालियां बकते हुए पूछा था तू है कौन? बकवास मत करना। इस किसान की पहचान के रूप में हुई। एक अन्य किसान कौशलेश प्रजापति ने भी तहसीलदार पर गाली देने का आरोप लगाया था। बताया जाता है कि गनिगमा गांव में दो प्रजापति परिवारों में जमीन विवाद था। कोर्ट के फैसले के बाद प्रशासन कब्जा दिलाने पहुंचा था। इसी दौरान तहसीलदार पटेल बेकाबू हो गए और अभद्रता पर उतर आए। मौके पर नायब तहसीलदार उमाकांत शर्मा, लौर के टीआई और सिविल कोर्ट के नाजिर भी मौजूद थे। अमले का कहना है कि तहसीलदार के भ्रम के कारण यह स्थिति बनी। वहीं निलंबित किए गए तहसीलदार का कहना है कि वहां लोगों ने लोहे की सब्बल निकालकर धमकाया था। ग्रामीण मारपीट की नीयत से दौड़े। बचाव के लिए किसानों के खिलाफ कार्रवाई की, ताकि कानून-व्यवस्था की स्थिति बिगड़ने से रोकी जा सके। उन्होंने वीडियो को भी एडिटेड बताया है। हालांकि, तहसीलदार पटेल का नाम विवादों से पहले भी जुड़ता रहा। वकीलों के साथ अभद्रता और आरटीआई के तहत गलत जानकारी देने के आरोप भी उन पर लग चुके हैं। जानकारी देने की बजाय पटेल ने लिख दिया था कि वकील भारत के नागरिक नहीं हैं। इस पर भी काफी हंगामा हुआ था।

# एम्स ने खरीदी 3 करोड़ की मशीन, बढ़ेगी जांचों की रफ्तार

## नई मशीन हर घंटे 2 हजार टेस्ट करने में सक्षम, एलएफटी, आरएफटी, ब्लड शुगर और थायराइड जांच में मिलेगा फायदा

**कार्यालय संवाददाता, भोपाल।** अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान भोपाल में अब मरीजों को कम समय जांच रिपोर्ट उपलब्ध हो सकेगी। अभी छोटी जांच की रिपोर्ट में दो से तीन दिन लग जाते हैं, लेकिन अब यह व्यवस्था बदल जाएगी। एम्स से मिली जानकारी अनुसार संस्थान ने 3 करोड़ रुपए से नई कोबास मशीन खरीदी है। इसकी खासियत यह है कि हर घंटे 2 हजार सैंपल जांचने की इसमें क्षमता है।



यानि एक दिन में 48 हजार सैंपलों की जांच की सकेगी। एम्स प्रबंधन ने बताया कि तीन शिफ्ट में काम करने और कुछ समय मशीन को आराम देने के लिए भी निकाल दें तो हर दिन औसतन 30 हजार सैंपलों की जांच की जा सकती है। एम्स द्वारा जो 3 करोड़ रुपए से नई कोबास मशीन खरीदी गई है, उसका संचालन बायोकेमिस्ट्री विभाग करेगा। शनिवार को संस्थान में सांसद आलोक शर्मा, विवेक तन्खा और भरत कुशवाह ने इस मशीन का लोकार्पण किया। कोबास प्रो एडवांस्ड इंटीग्रेटेड क्लिनिकल मशीन से कई प्रकार की जांचें एक साथ की जा सकेंगी। इस नई सुविधा से मरीजों के लिए समय पर और सटीक जांच संभव होगी। एम्स के अधिकारियों ने बताया कि इस मशीन की सहायता से 230 से अधिक प्रकार के नैदानिक परीक्षण किए जा सकेंगे। कोबास प्रो उपकरण उच्च दक्षता और त्वरित परिणाम देने की क्षमता रखता है। एक ही मशीन में इतनी सारी जांचें करने की क्षमता के कारण अब और अधिक मरीजों को समय पर जांच का लाभ मिलेगा। बायोकेमिस्ट्री विभाग के प्रोफेसर डॉ. अशोक कुमार ने बताया कि कोबास-प्रो एक अत्याधुनिक, पूरी तरह से एकीकृत जैव रसायन विश्लेषक है। यह मध्य प्रदेश के किसी भी सरकारी अस्पताल में पहली मशीन है। एम्स प्रबंधन ने बताया कि मशीन की खरीदी एम्स ने की लेकिन इसके लिए रिएजेंट की सप्लाई कंपनी द्वारा की जाएगी, जिसकी कीमत संस्थान अदा करेगा।

# मेट्रो के ट्रैक-रैक ओके, पर स्टेशनों की व्यवस्था देखने के बाद मिलेगी हरी झंडी

**जागरण संवाददाता, भोपाल।** शहर में 2016 से शुरू हुआ मेट्रो लाइन बिछाने का सफर 2025 के आखिर में अब पूरा हो गया है। मेट्रो के अधिकारियों की मानें तो अब अक्टूबर में मेट्रो का संचालन शुरू किया जा सकता है। 8 किमी के प्रायोरिटी कॉरिडोर में चलने वाली भोपाल मेट्रो के ट्रैक को यात्री संचालन के लिए रिसर्च डिजाइन एंड स्टैंडर्ड ऑर्गेनाइजेशन (आरडीएसओ) द्वारा पहले ही फिट करार दिया चुका है। जबकि इन ट्रैक पर दौड़ने वाले रैक भी पूरी तरह से फिट हैं। रैक को पिछले डेढ़ साल में हर तरह के मौसम में विभिन्न गति सीमाओं पर चलाकर देखा गया है। प्रायोरिटी कॉरिडोर के 8 में से 5 स्टेशन 100 फीसदी कंप्लीट हैं। केवल 3 स्टेशनों पर सौंदर्यीकरण का कार्य चल रहा है। अधिकारियों की मानें तो इन कार्यों से मेट्रो के संचालन पर फर्क नहीं आएगा। संचालन के साथ साथ इन कार्यों को भी पूरा किया जाता रहेगा। अब अगला मुख्य कार्य इन स्टेशनों पर संचालन, सुविधा व सुरक्षा संबंधी व्यवस्थाओं की समीक्षा का है। कमिश्नर मेट्रो रेल सेफ्टी (सीएमआरएस) व उनकी टीम अपने एक दिवसीय निरीक्षण में यदि इन व्यवस्थाओं से संतुष्ट हो जाती है, तो इसके बाद मेट्रो का संचालन कभी भी शुरू किया जा सकता है। सीएमआरएस की अनुमति के बाद संचालन शुरू करवाना राज्य सरकार की जिम्मेदारी है।



**सुभाष नगर से सीधे पहुंच सकेंगे एम्स**

भोपाल मेट्रो के शुरू होते ही सुभाष नगर से एमपी नगर, डीबी मॉल, रानी कमलापति और एम्स पहुंचना आसान हो जाएगा। वहीं भेल क्षेत्र में रहने वाले लोग भी रानी कमलापति रेलवे स्टेशन से सीधे अल्कापुरी और एम्स उतर सकेंगे। इस तरह से पहले चरण में शहर के 6 लाख से ज्यादा लोगों को मेट्रो की सुविधा का लाभ मिलेगा। ऐसे में इस क्षेत्र में लोगों की महंगे परिवहन साधनों और सिटी बस पर निर्भरता कम होगी और 8 किमी रूट पर संचालन शुरू होने से ज्यादा लोग इस सुविधा का लाभ ले सकेंगे। इससे वाहनों से होने वाले प्रदूषण में भी कमी आएगी।

### जांच के बाद सीएमआरएस की टीम भी दिखी संतुष्ट

आरडीएसओ की टीम के कड़े परीक्षण के बाद 25 सितंबर को एक दिवसीय निरीक्षण कार्यक्रम के बाद सीएमआरएस और उनकी टीम भोपाल मेट्रो को विभिन्न पैमानों पर परखने के बाद संतुष्ट दिखी। इसके बाद सीएमआरएस को एक और निरीक्षण करने के लिए भोपाल आना है और यह निरीक्षण अब कभी भी हो सकता है। इस दौरान टीम भोपाल मेट्रो के सभी आठ स्टेशनों पर यात्री सुविधाओं और सुरक्षा का कड़ा निरीक्षण करेगी, जांच के दौरान सीएमआरएस यदि स्टेशन की व्यवस्थाओं से संतुष्ट हुए तो मेट्रो को संचालन के लिए तैयार माना जाएगा। मेट्रो के अधिकारियों की मानें तो इन सभी आठ स्टेशनों पर लगभग सभी कार्य पूर्ण हो चुके हैं। डीआरएम ऑफिस, अल्कापुरी और एम्स स्टेशन पर सौंदर्यीकरण के कुछ कार्य बचे हुए हैं।

# कलेक्ट्रेट के पास चेकिंग के दौरान सिपाही पर बोलेरो चढ़ाने की कोशिश, बाल-बाल बची जान

**क्राइम रिपोर्टर, भोपाल।** कलेक्ट्रेट के पास शनिवार शाम चेकिंग के दौरान सिपाही पर बोलेरो चढ़ाने की कोशिश की गई। समय रहते सिपाही पीछे हट गया और जान बच गई। पुलिस ने गाड़ी रोकी तो चालक व उसके साथी ने अभद्रता कर दी। बाद में पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ शासकीय कार्य में बाधा पहुंचाने समेत अन्य धाराओं में केस दर्ज कर लिया। कोहेफिजा पुलिस के मुताबिक 28 वर्षीय अनुज तिवारी आरक्षक हैं। वह यातायात थाना भोपाल में पदस्थ हैं। शनिवार शाम साढ़े चार बजे सिपाही एएसआई प्रभुदयाल व आरक्षक सूरज के साथ कोहेफिजा तिराहा कलेक्ट्रेट कार्यालय के पास वाहन चेकिंग कर रहे थे, तभी उन्हें एक बोलेरो गाड़ी तेज रफ्तार में आती हुई दिखाई दी। पुलिसकर्मियों ने रुकने का इशारा किया, लेकिन आरोपी चालक ने गाड़ी नहीं रोकी। गाड़ी रोकने का प्रयास कर रहे पुलिसकर्मियों पर गाड़ी चढ़ते-चढ़ते बच गई। गाड़ी चालक सीट बेल्ट भी नहीं लगाए था। जब पुलिसकर्मियों ने गाड़ी के कागजात मांगे तो पता चला कि गाड़ी किसी अन्य व्यक्ति के नाम पर थी। पुलिस ने चालक से ट्रैफिक नियमों को तोड़ने व ओवर स्पीड से गाड़ी चलाने का बोलकर चालानी कार्रवाई के लिए कहा तो आरोपी चालक ने अपने साथी अनस के साथ मिलकर पुलिसकर्मियों से गाली-गलौच कर अभद्रता की। बिना चालान भरे वहां से चले गए। सिपाही की शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

# इंडसइंड बैंक में 2000 करोड़ का घोटाला!

**नई दिल्ली, जेएनएन।** इंडसइंड बैंक अकाउंटिंग लैप्स मामले की जांच में नया खुलासा हुआ है। मुंबई पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) की शुरुआती जांच में सामने आया कि बैंक के उस समय के शीर्ष प्रबंधन अधिकारियों ने अकाउंटिंग बुक्स में एडजस्टमेंट किए जाने की बात स्वीकार की है। यह मामला लगभग 2000 करोड़ रुपए के गड़बड़ी से जुड़ा है। पिछले सप्ताह ईओडब्ल्यू ने बैंक के पूर्व सीएफओ गोबिंद जैन, पूर्व डिप्टी सीईओ अरुण खुराना व पूर्व सीईओ सुमंत कथपालिया के बयान दर्ज किए। खुराना को बाद में फिर से समन भेजा गया। जांच से जुड़े सूत्रों का कहना है कि खुराना की भूमिका बेहद अहम है, क्योंकि वे उन बदलावों और एडजस्टमेंट से वाकिफ थे जो बैंक की बुक्स में कथित तौर पर किए गए थे।

## प्रथम पृष्ठ के शेष

### सियासी रैली: बदइंतजामी....

हमें स्थानीय लोगों से विश्वसनीय जानकारी मिली है और हमारे पास कुछ सीसीटीवी फुटेज भी हैं। इनसे पता चलता है कि करूर जिले में सत्तारूढ़ पार्टी के कुछ पदाधिकारियों ने आपराधिक साजिश रची थी।

पार्टी की दलील-हादसे के पीछे षडयंत्र, पुलिस से छिनी जाए जांच: टीवीके ने घटना के पीछे षड्यंत्र का आरोप लगाया कि यह हादसा आकस्मिक नहीं, बल्कि एक साजिश का नतीजा था। याचिका में टीवीके ने भीड़ पर पथराव, कार्यक्रम स्थल पर पुलिस लाठीचार्ज का भी हवाला दिया। पार्टी ने सरकार के सुरक्षा निर्देशों के उल्लंघन के आरोपों को भी खारिज किया। टीवीके की कानूनी शाखा के समंवयक अरिवाझगन ने कहा, घटना में एक आपराधिक साजिश थी। इसीलिए राज्य की किसी एजेंसी के बजाय सुप्रीम कोर्ट से स्वतंत्र रूप से जांच का अनुरोध किया है।

**भगदड़ की वजह?:** कार्यक्रमों में भगदड़ की सबसे बड़ी वजह भीड़ का सही आंकलन नहीं कर पाना है। आयोजन स्थल पर अपेक्षा से कई गुना ज्यादा भीड़ जमा हो जाती है और स्थानीय प्रशासन हाथ खड़े कर देता है। भीड़ बढ़ने से सारे इंतजाम धरे रह जाते हैं। विजय की रैली में भी यही हुआ। विजय ने 10 हजार लोगों की अनुमति मांगी थी, लेकिन 27,000 लोग जुटे। हालांकि, प्रत्यक्षदर्शी ये आंकड़ा करीब एक लाख बता रहे हैं।

**असहनीय पीड़ा से गुजर रहा: विजय:** विजय ने हाल ही में नई राजनीतिक पार्टी बनाई है। इसी को लेकर वे राज्यभर में रैलियां कर रहे हैं। इसी दौरान 27 सितंबर को करूर में उनकी रैली थी। इसमें भारी भीड़ जुटी और भगदड़ मच गई, जिसमें महिलाओं-बच्चों समेत 39 लोग मारे गए और दर्जनों घायल हुए। घटना के बाद विजय ने कहा कि वे असहनीय, अवर्णनीय पीड़ा और दुख से छटपटा रहे हैं, जिसे शब्दों में बयां नहीं किया जा सकता।

राज्य सरकार ने टीवीके पर लगाए हैं आरोप: रिपोर्ट के मुताबिक, तमिलनाडु सरकार ने भगदड़ के पीछे टीवीके को जिम्मेदार बताया है। सरकार ने कहा कि विजय रैली में 6 घंटे देरी से आए, अपने वाहन की लाइट बंद रखी, भारी संख्या में भीड़ जुटने दी, उनके लिए पानी तक का इंतजाम नहीं किया, यातायात बाधित किया गया और अनुमति की शर्तों का उल्लंघन किया। सरकार ने कहा, 10,000 लोगों की अनुमति के बावजूद 25,000 से ज्यादा लोग एकत्र हुए।

### नाबालिग बेटी को गोली..

इससे डरकर छोटी बेटी की चीख निकल गई, जिसे पड़ोसियों ने सुना। इसके बाद भरत से इस बारे में पूछा तो उसने कहा कि दिव्या के ऊपर पंखा गिर गया है।

**पुलिस को पीएम रिपोर्ट का इंतजार :** एडिशनल एसपी सुरेंद्र पाल सिंह डावर ने कहा-दिव्या का शव बरामद कर लिया है, उसे पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा है। रिपोर्ट आने के बाद ही कुछ कहा जा सकेगा। एसडीईआरएफ जवान अरविंद केन ने बताया कि रात होने से तलाशी अभियान रोक दिया था। रविवार सुबह लोहे के कांटे फेंके गए, उनमें फंसकर शव बाहर आ गया।

वारदात के पहले हुआ था झगड़ा : पुलिस के मुताबिक, दिव्या दूसरी जाति के लड़के से प्यार करती थी और शादी करने पर अड़ी थी। परिजनों के समझाने पर भी नहीं मान रही थी। 23 सितंबर की रात करीब 9 बजे पिता-बेटी में झगड़ा हुआ। गुस्से में भरत ने दिव्या को गोली मार दी। फिर शव को बोरे में भरकर तिरपाल से बांधा और गलेथा पंचायत में पैतृक गांव भगवान सिंह का पुरा ले गया। यहां शव को पत्थर बांधकर क्वॉरी नदी में फेंक दिया। भरत के इस खुलासे के बाद पुलिस वहां पहुंची जहां दिव्या का शव फेंका था। दो दिन की तलाश के बाद रविवार सुबह शव नदी में मिल गया।

### वेतन असमानता की .......

और ऑटोमोबाइल (53 प्रतिशत) क्षेत्रों के प्रोफेशनल्स सबसे ज़्यादा थे। रिपोर्ट में बताया गया कि करियर ब्रेक का वेतन अंतर पर सबसे ज़्यादा प्रभाव पड़ता है, ऐसा मानने वालों में 5-10 साल के अनुभव वाले पेशेवर(54 प्रतिशत) और 10-15 साल के अनुभव वाले पेशेवर (53 प्रतिशत) शामिल थे। वेतन अंतर की धारणा के मामले में विमानन (57 प्रतिशत), शिक्षा (52 प्रतिशत) जैसे क्षेत्र रियल एस्टेट (21 प्रतिशत), एफएमसीजी (18 प्रतिशत) और बैंकिंग (12 प्रतिशत) से कहीं आगे निकल गए। जबकि तेल एवं गैस तथा खुदरा जैसे पारंपरिक उद्योगों ने अधिक सकारात्मक दृष्टिकोण प्रस्तुत किया। प्रौद्योगिकी केंद्र हैदराबाद (59 प्रतिशत) और बेंगलुरु (58 प्रतिशत) आईटी वेतन असमानताओं के बारे में सबसे अधिक चिंतित थे। सर्वेक्षण में पाया गया कि वरिष्ठ पेशेवर लैंगिक वेतन अंतर को अधिक स्पष्ट रूप से देखते हैं। 10-15 वर्षों (46 प्रतिशत) और 15+ वर्षों (47 प्रतिशत) के अनुभव वाले लगभग आधे उत्तरदाताओं ने कहा कि यह अंतर 20 प्रतिशत से अधिक बना हुआ है।

## संक्षिप्त समाचार

### सामाजिक समरसता बिगाड़ने की हो रही कोशिश : गिरिराज



**लखनऊ, जेएनएन।** उत्तर प्रदेश में आई लव मोहम्मद पोस्टर को लेकर भड़की तनावपूर्ण स्थिति पर केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने तीखी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने मौलवियों को चेतावनी देते हुए कहा कि वे लगातार गजवा-ए-हिंद की कोशिशों में लगे हैं। गिरिराज सिंह ने आरोप लगाया कि जहां-जहां मुस्लिमों की आबादी ज्यादा है, वहां सामाजिक समरसता बिगाड़ने की कोशिश की जा रही है और इस पूरे खेल में सबसे प्रमुख नाम असदुद्दीन ओवैसी का है। गिरिराज सिंह ने कहा कि 1947 में ही मुस्लिमों को पाकिस्तान भेज देना चाहिए था और वहां से हिंदुओं को भारत बुला लेना चाहिए था।

### जेन जी केस : पूर्व पीएम व पांच का पासपोर्ट होगा रद्द

**काठमांडू, जेएनएन।** नेपाल के जेन जी आंदोलन के दौरान युवा प्रदर्शनकारियों पर हुई गोलीबारी की जांच के लिए गठित न्यायिक आयोग ने पूर्व प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली सहित पांच प्रमुख व्यक्तियों को बिना अनुमति काठमांडू छोड़ने से रोक दिया है। सुप्रीम कोर्ट के रिटायर्ड जस्टिस गौरी बहादुर कार्की की अध्यक्षता में गठित इस आयोग ने यह निर्देश जारी किया। आयोग ने इनके पासपोर्ट निलंबित करने का भी आदेश दिया। इनमें पूर्व पीएम केपी शर्मा ओली और पूर्व गृह मंत्री रमेश लेखक सहित पांच लोगों के पासपोर्ट निलंबित करने के निर्देश दिए हैं और कई के रद्द भी कर दिए गए हैं। पूर्व पीएम शेरबहादुर देउवा और पूर्व विदेश मंत्री डा आरजू देउवा द्वारा हाल ही में जारी किए गए नए पासपोर्ट को रद्द करने का भी निर्देश दिया गया।

### एयरपोर्ट, स्कूलों और कई संस्थानों को बम की धमकी

**नई दिल्ली, जेएनएन।** दिल्ली एयरपोर्ट, विभिन्न स्कूलों और अन्य संस्थानों को शनिवार को ईमेल के जरिए बम धमकी दी गई। दिल्ली पुलिस का कहना है कि सभी जगह बम निरोधक दस्ते और डॉग स्क्वॉड तैनात किए गए हैं। पुलिस के मुताबिक एयरपोर्ट पर यात्रियों की आवाजाही पर कड़ी नजर रखी जा रही है, जबकि स्कूलों से छात्रों और स्टाफ को सुरक्षित बाहर निकाला गया है। इससे पहले सुबह जम्मू एयरपोर्ट प्रशासन को ईमेल भेजा गया था। इसमें एक निजी एयरलाइन को बम से उड़ाने की धमकी दी गई। हालांकि जांच के बाद जांच टीम को कुछ नहीं मिला। इससे पहले 13 सितंबर को दिल्ली और बॉम्बे हाईकोर्ट को बम की धमकी मिली थी। दो घंटे की तलाशी के बाद कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला था।

### कुपवाड़ा में घुसपैठ कर रहे दो आतंकी ढेर



**जम्मू, जेएनएन।** जम्मू-कश्मीर में कुपवाड़ा जिले के केरन सेक्टर में सेना ने दो आतंकियों को ढेर कर दिया। ये आतंकी एलओसी पर घुसपैठ की कोशिश कर रहे थे। सूत्रों के मुताबिक, शव एलओसी के बहुत करीब पड़े हैं। सीमा पार से गोलीबारी के खतरे को देखते हुए कड़ी सुरक्षा के बीच उन्हें निकालने का अभियान जारी है। मारे गए आतंकवादियों की पहचान और उनके संगठन की जानकारी अभी सामने नहीं आई है। पिछले 8 दिनों में सेना और आतंकवादियों के बीच यह दूसरा एनकाउंटर है। इससे पहले 20 सितंबर को जम्मू-कश्मीर के उधमपुर में आतंकियों के साथ मुठभेड़ में एक जवान शहीद हो गया था। वहीं एसपीओ समेत दो पुलिसकर्मी घायल हुए थे।

# जेलेंस्की की हथियारों की डील के बाद रूस का यूक्रेन पर 595 ड्रोन और 48 मिसाइलों से हमला

**कीव, जेएनएन।** रूस ने रविवार को यूक्रेन पर ड्रोन और मिसाइलों से बड़ा हमला किया है, जिसमें कम से कम चार लोग मारे गए हैं। रूस ने यह हमला राजधानी कीव को निशाना बनाकर किया था। पिछले महीने कीव पर हुए हवाई हमले में कम से कम 21 लोगों की मौत हुई थी इसके बाद यह पहला बड़ा हमला है। कीव शहर प्रशासन के प्रमुख तैमूर तकाचेंको ने रविवार को टेलीग्राम के ज़रिए हताहतों की पुष्टि की और बताया कि शहर के रिहायशी इलाकों को निशाना बनाकर किए गए इस हमले में 10 अन्य घायल हुए हैं। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार मृतकों में एक 12 साल की बच्ची भी शामिल है। शहर के केंद्र के पास हुए धमाके से घना काला धुआं उठता देखा जा सकता था। तकाचेंको ने टेलीग्राम पर लिखा, रूसियों ने बच्चों का डेथ काउंटर फिर से शुरू कर दिया है। यूक्रेन की वायु सेना ने रविवार को बताया कि रूस ने कुल 595 विस्फोटक ड्रोन और नकली हथियार और 48 मिसाइलें दागीं। इनमें से एयर डिफेंस सिस्टम ने 566 ड्रोन और 45 मिसाइलों को मार गिराया या जाम कर दिया। कीव के अलावा, यूक्रेनी राष्ट्रपति वलोडिमिर जेलेंस्की ने कहा कि बमबारी ने ज़ापोरिज़िया, खमेलनित्सकी, सुमी, मायकोलाइव, चेर्निहाइव और ओडेसा के इलाकों को निशाना बनाया। जेलेंस्की के मुताबिक, देश भर में कम से कम 40 लोग घायल हुए हैं।





रिहायशी इलाकों में भी हुई तबाही।

**अपील**

### जेलेंस्की ने की दबाव बनाने की अपील

जेलेंस्की ने कहा कि यह घिनौना हमला संयुक्त राष्ट्र महासभा वीक के समापन पर हुआ और रूस अपनी असली स्थिति इसी तरह व्यक्त करता है। मॉस्को लड़ाई और हत्याएं जारी रखना चाहता है, इसके लिए दुनिया से सबसे कड़े दबाव की ज़रूरत है। जापोरीज्जिया के क्षेत्रीय प्रमुख इवान फेडोरोव ने कहा कि इलाके में घायल हुए 27 लोगों में तीन बच्चे भी शामिल हैं। उन्होंने बताया कि क्षेत्र की राजधानी में दो दर्जन से ज्यादा इमारतों को नुकसान पहुंचा है। संयुक्त राष्ट्र महासभा में बोलते हुए रूसी विदेश मंत्री लावरोव ने विश्व नेताओं से कहा कि उनका देश यूरोप पर हमला करने का इरादा नहीं रखता है।

**निशाना**

### अस्पताल और स्कूल को भी बनाया निशाना

कीव के मेयर विटाली क्लित्स्को के मुताबिक, रात में शुरू हुए और रविवार को भोर के बाद भी जारी रहे हमलों में रिहायशी इमारतें, सिविल इंफ्रास्ट्र.र, एक चिकित्सा सुविधा और एक किंडरगार्टन को भी निशाना बनाया गया। उन्होंने यह भी बताया कि राजधानी में 20 से ज्यादा जगहों पर नुकसान की सूचना है। एंटी-एयरक्राफ्ट गनफायर की तड़तड़ाहट और हमलावर ड्रोनों की गड़गड़ाहट के बीच यात्री कीव के सेंट्रल रेलवे स्टेशन पहुंचे। ज्यादातर महिलाएं, हवाई हमले की चेतावनी खत्म होने तक प्लेटफ़ॉर्म अंडरपास पर चुपचाप इंतज़ार कर रहीं। बच्चे ऑनलाइन गेम खेल रहे थे।

**निशाना**

### यूक्रेन ने दी जवाबी हमले की धमकी

एरिका नाम की महिला ने बताया कि आसमान फिर से काला हो गया है। ड्रोन हमले से बुरी तरह तबाह हुई एक बहुमंजिला इमारत की ऊपरी मंजिलों का एक बड़ा हिस्सा जलकर खाक हो गया और खिड़कियां उड़ गईं। इमरजेंसी सर्विस कर्मियों ने मलबा हटाने के लिए मशीनों का इस्तेमाल किया। आस-पास के फुटपाथों पर कांच के ढेर बिखरे पड़े थे और सहमे हुए इमारत के निवासी बेंचों पर बैठे थे यूक्रेन के विदेश मंत्री आंद्रेई सिबिहा ने हमले के दायरे को सैकड़ों ड्रोन और मिसाइलों से जुड़ा बताया। सिबिहा ने एक्स पर लिखते हुए कहा, हमें रूस के लिए आगे की कार्रवाई की लागत को बढ़ाना होगा।

**फटकार**

### यूरोपीय देशों ने रूस को लगाई फटकार

हाल ही में अंतरराष्ट्रीय चिंताएं बढ़ गई हैं कि यह लड़ाई यूक्रेन की सीमाओं से आगे भी फैल सकती है क्योंकि यूरोपीय देशों ने रूस को उकसावे वाली कार्रवाई के लिए फटकार लगाई है। इन घटनाओं में रूसी ड्रोन का पोलैंड की धरती पर उतरना और रूसी लड़ाकू विमानों का एस्टोनियाई हवाई क्षेत्र में एंट्री करना शामिल है। रूस ने विमानों के एस्टोनियाई हवाई क्षेत्र में प्रवेश करने से इनकार किया और कहा कि ड्रोन ने पोलैंड को निशाना नहीं बनाया। यह बमबारी राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की की तरफ से अमेरिका से हथियार खरीद के लिए एक मेगा डील के ऐलान बाद हुई है।

**मन की बात का 126वां एपिसोड**

## पीएम का स्वदेशी अपनाने पर जोर बेटी हर क्षेत्र में लहरा रही परचम



**नई दिल्ली, जेएनएन।** पीएम मोदी के रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' का 126वां एपिसोड रविवार को जारी किया गया। इस दौरान उन्होंने श्रोताओं से कहा, 'मन की बात' में आप सभी से जुड़ना, आप सभी से सीखना, देश के लोगों की उपलब्धियों के बारे में जानना, वाकई मुझे बहुत सुखद अनुभव देता है। अपने मन की बात करते हुए, हमें पता ही नहीं चला, इस कार्यक्रम ने 125 एपिसोड पूरे कर लिए हैं।

**भगत सिंह को दी श्रद्धांजलि:** उन्होंने कहा, आज भारत की दो महान विभूतियों की जयंती है। मैं बात कर रहा हूं शहीद भगत सिंह और लता दीदी की। साथियों, अमर शहीद भगत सिंह हर भारतवासी, विशेषकर देश के युवाओं के लिए एक प्रेरणा पुंज हैं। निर्भीकता उनके स्वभाव में कूट-कूटकर भरी थी। देश के लिए फांसी के फंदे पर झूलने से पहले भगत सिंह जी ने अंग्रेजों को पत्र भी लिखा था। उन्होंने कहा था कि मैं चाहता हूं कि आप मेरे और मेरे साथियों से युद्धबंदियों से जैसा व्यवहार करें। इसलिए हमारी जान फांसी से नहीं, सीधा गोली मारकर ली जाए। यह उनके अदम्य साहस का प्रमाण है। मैं शहीद भगत सिंह को आदरपूर्वक श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं। उन्होंने आगे कहा, साथियों, आज लता मंगेशकर की भी जयंती है। भारतीय संस्कृति और संगीत में रुचि रखने वाला कोई भी उनके गीतों को सुनकर अभिभूत हुए बिना नहीं रह सकता। उनके गीतों में वह सबकुछ है, जो मानवीय संवेदनाओं को झकझोरता है। उन्होंने देशभक्ति के जो गीत गाए, उन गीतों ने लोगों को बहुत प्रेरित किया।

**परचमा लहरा रही बेटियां:** प्रधानमंत्री ने कहा, मेरे प्यारे देशवासियों, नवरात्रि के इस समय में हम शक्ति की उपासना करते हैं। हम नारी शक्ति का उत्सव मनाते हैं। बिजनेस से लेकर स्पोर्ट्स तक, एजुकेशन से लेकर साइंस तक.. आप किसी भी क्षेत्र को लीजिए देश की बेटियां हर जगह अपना परचम लहरा रही हैं। आज वह ऐसी चुनौतियों को भी पार कर रही हैं, जिनकी कल्पना तक मुश्किल है। उन्होंने कहा, दो अक्तूबर को गांधी जयंती है। गांधी जी ने हमेशा स्वदेशी को अपनाने पर बल दिया। दुर्भाग्य से आजादी के बाद खादी की रौनक कुछ फीकी पड़ती जा रही थी। लेकिन बीते ग्यारह साल में खादी के प्रति देश के लोगों का आकर्षण बहुत बढ़ गया है।

## मुख्यमंत्री योगी ने कहा-कायर लोग बच्चों के हाथ में आई लव मोहम्मद के पोस्टर पकड़ा रहे

**लखनऊ, जेएनएन।** उत्तर प्रदेश में आई लव मोहम्मद विवाद के बाद अब योगी सरकार ने सख्त एक्शन लेना शुरू कर दिया है। खुद सीएम योगी ने ऐसे लोगों को चेतावनी देते हुए आज बलराम में कहा कि याद रखना जब भी दुस्साहस करोगे ऐसी ही पिटोगे जैसे बरेली के अन्दर पीटे गए थे।

ये लाइन लिखकर खुद सीएम योगी ने अपने सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर एक दो मिनट का एक वीडियो पोस्ट किया है। वीडियो में सीएम योगी ने कानून व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों को सख्त चेतावनी जारी की है। उन्होंने कहा कि किसी भी कीमत पर उन्हें बख्सा नहीं जाएगा। वीडियो में योगी ने कहा कि जिसने भी कानून को हाथ में लेने का



प्रयास किया, जो भी राह चलते हुए राहगीर पर हमला करेगा,जो भी बेटी की सुरक्षा में सेंध लगाने की कोशिश करेगा, और जो भी व्यापारिक प्रतिष्ठानों में आगजनी करने का दुस्साहस करेगा, जो भी पर्व और त्योहारों में उपद्रव करेगा, उसको हम पहले से इस बारे में कह देंगे कि उसको बिना मांगें जहन्नुम का टिकट काटकर दे देंगे। इतना पर्याप्त होगा उसके लिए, ये अराजकता स्वीकार्य नहीं की जाएगी।

### बिना भेदभाव के लाभ तो फिर अराजकता क्यों

आगे कहा कि विकास में हर व्यक्ति की भागीदारी सुनिश्चित की गयी है। गांव-गांव का विकास हो रहा है, कल्याणकारी योजनाओं में बिना भेदभाव शासन की योजनाओं का लाभ उपलब्ध करवाया जा रहा है, बिना भेदभाव के युवाओं को नौकरी और रोजगार पलब्ध करवाया जा रहा है, तो फिर ये अराजकता कैसी। कुछ चंद लोगों को माहौल खराब करने की छूट नहीं देनी चाहिए। सपा पर आरोप लगाते हुए कहा कि ये वही लोग हैं जिन्होंने उत्तर प्रदेश की भ्रष्ट सरकारों के साथ मिलाकर उत्तर प्रदेश की पहचान का संकट खड़ा किया। जिन्होंने उत्तर प्रदेश को बीमारू राज्य बना दिया था।

## लद्दाख की संस्कृति पर हमला कर रहे भाजपा और आरएसएस, वांगचुक की गिरफ्तारी पर बोले राहुल

**नई दिल्ली, जेएनएन।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने रविवार को आरोप लगाया कि लद्दाख के लोगों, संस्कृति और परंपराओं पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और आरएसएस की ओर से हमला किया जा रहा है। उन्होंने लद्दाख को छठी अनुसूची में शामिल करने की भी वकालत की। गांधी की यह टिप्पणी लेह में हुई हिंसा के मद्देनजर आई है। लेह में बुधवार को हुई हिंसा में सुरक्षा बलों की गोलीबारी में चार लोग मारे गये थे और कई अन्य घायल हो गये। तब से, दंगों में संलिप्तता के आरोप में 50 लोगों को हिरासत में लिया गया है। लद्दाख को राज्य का दर्जा देने की मांग कर रहे जलवायु कार्यकर्ता सोनम वांगचुक को रासुका के तहत हिरासत में लिया गया है।



### लद्दाख में पांचवें दिन भी कर्फ्यू

गांधी ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, 'लद्दाख के अद्भुत लोगों, संस्कृति और परंपराओं पर भाजपा और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) हमला कर रहे हैं। लोकसभा में विपक्ष के नेता ने कहा, लद्दाख के लोगों ने आवाज उठाई। भाजपा ने चार युवकों की जान लेकर और सोनम वांगचुक को जेल में डालकर जवाब दिया। हत्या बंद करो, हिंसा बंद करो, धमकी देना बंद करो। उन्होंने कहा, लद्दाख को आवाज दीजिए, उन्हें छठी अनुसूची दीजिए।

### सोनम वांगचुक का पत्नी ने किया बचाव

लद्दाख में हुई हिंसा के मामले में जेल में बंद वांगचुक की पत्नी गीतांजलि अंगमो ने अपने पति का बचाव करते हुए उनके खिलाफ वित्तीय अनियमितताओं और पाकिस्तान से संबंध के आरोपों को खारिज कर दिया है। उन्होंने विरोध प्रदर्शन को शांतिपूर्ण बताते हुए 24 सितंबर को हुई हिंसा के लिए केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल को जिम्मेदार ठहराया है। वांगचुक को राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (एनएसए) के तहत गिरफ्तार किया गया है।

## 'पिंक पावर रन 2.0' में हजारों लोगों ने दिया स्तन कैंसर के खिलाफ संदेश

### सुधा रेड्डी, पेस और मिस वर्ल्ड प्रतिनिधियों ने दिखाई एकजुटता





**हैदराबाद, जेएनएन।** स्तन कैंसर के प्रति जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से आयोजित पिंक पावर रन 2025 के दूसरे संस्करण में रविवार को 20,000 से अधिक लोगों ने हिस्सा लिया। नेकलेस रोड पर हुई इस दौड़ का आयोजन सुधा रेड्डी फाउंडेशन ने किया, जिसमें मशहूर हस्तियों, अंतरराष्ट्रीय प्रतिनिधियों और आम नागरिकों ने एकजुट होकर स्वास्थ्य और जागरूकता का संदेश दिया। दौड़ की शुरुआत सुधा रेड्डी, लिएंडर पेस, मिस वर्ल्ड ऑर्गनाइजेशन की चेयरपर्सन जूलिया मॉरले और मिस वर्ल्ड 2025 ओपल सुचाता चुआंगसरी ने हरी झंडी दिखाकर की। मिस इंडिया वर्ल्ड नंदिनी गुप्ता समेत कई देशों की मिस वर्ल्ड प्रतिनिधियों ने भी भाग लिया। इस बार की थीम स्ट्राइड शाइनरही, जिसमें 3यरू 5किमी और 10किमी की दौड़ आयोजित की गई। विजेताओं को कुल 15 लाख से अधिक के नगद पुरस्कार दिए गए। कार्यक्रम में फिटनेस वर्कशॉप, कैंसर सर्वाइवर्स की कहानियाँ और सोशल मीडिया चैलेंजेज़ भी शामिल रहे। जूलिया मॉरले को एक्सीलेंस इन मेंटोरशिप अवार्ड 2025 से सम्मानित किया गया। अब इस अभियान को 'पिंक पावर रन बियॉन्ड बॉर्डर्स' नाम से 2026 में 140 देशों में ले जाने की तैयारी है। यह पहल मिस वर्ल्ड की 75वीं वर्षगांठ का भी हिस्सा होगी।

### अमेरिका के रेस्टोरेंट में फायरिंग में 3 मरे 8 घायल

**वाशिंगटन, जेएनएन।** अमेरिका के नॉर्थ कैरोलिना में शनिवार रात एक नाव से रेस्टोरेंट पर अंधाधुंध फायरिंग की गई, इस गोलीबारी में 3 लोगों की मौत हो गई, जबकि 8 लोग घायल हो गए। हमलावर फायरिंग के बाद मौके से फरार हो गया। ये घटना साउथपोर्ट यॉट बेसिन इलाके में स्थित अमेरिकन फिश कंपनी रेस्तरां और पब में हुई। न्यूयॉर्क पोस्ट की रिपोर्ट के मुताबिक पुलिस ने कहा कि फायरिंग में 7 लोगों को गोली लगी है, जिनमें से तीन की मौके पर ही मौत हो गई। बाकी घायलों को नजदीकी अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। जहां उनका इलाज जारी हैं। फिलहाल उनकी हालत के बारे में जानकारी शेयर नहीं की गई है। वहीं, साउथपोर्ट के सिटी मैनेजर नोहा साल्डो ने बताया कि नाव सीधे रेस्तरां के पास आई और वहां मौजूद भीड़ पर गोलियां बरसा दीं। इसके बाद नाव तेजी से वहां से निकल गई।

## अर्जेंटीना में 3 युवतियों की हत्या कर इंस्टाग्राम पर भी किया लाइव


**ब्यनर्स आयर्स, जेएनएन।** अर्जेंटीना की राजधानी ब्यूनस आयर्स में तीन युवतियों की हत्या ने पूरे देश को झकझोर कर रख दिया है। बता दें कि, इनकी हत्या न सिर्फ बेरहमी से की गई, बल्कि इसे सोशल मीडिया साइट इंस्टाग्राम पर लाइव भी दिखाया गया। ये वारदात नशे के गिरोह से जुड़ी बताई जा रही है। जानकारी के मुताबिक, मृतकों में 20 वर्षीय मोरेना वेरदी और ब्रेंडा डेल कास्टिलो, जो आपस में चचेरी बहनें थीं, और 15 वर्षीय लारा गुटिरेज शामिल हैं। इनके शव बुधवार को ब्यूनस आयर्स के दक्षिणी इलाके में एक घर के आंगन में दफन मिले। ये तीनों 19 सितंबर से लापता थीं। पुलिस जांच में हुआ बड़ा खुलासा पुलिस जांच में पता चला कि युवतियों को पार्टी का झांसा देकर एक वैन में ले जाया गया। वहां गिरोह के लोगों ने उन्हें यातनाएं दीं और फिर उनकी हत्या कर दी। इस गिरोह का मकसद दूसरों को डराना और यह संदेश देना था कि उनसे नशीली दवाओं की चोरी करने वालों का यही अंजाम होगा। अधिकारियों के अनुसार, यह खौफनाक घटना इंस्टाग्राम के एक निजी अकाउंट पर लाइव दिखाई गई, जिसे 45 लोगों ने देखा। हालांकि इंस्टाग्राम की पैरेंट कंपनी मेटा का कहना है कि उन्हें ऐसा कोई सबूत नहीं मिला है कि वीडियो उनके प्लेटफॉर्म पर लाइव किया गया। अर्जेंटीना की मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, युवतियों की यातना इतनी भयानक थी कि उनके शरीर की पहचान करना मुश्किल हो गया। पुलिस का कहना है कि उनके नाखून उखाड़े गए, उंगलियां काटी गईं और उन्हें पीटने के बाद गला घोंटकर मार डाला गया।

### मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन भी भड़के



**नई दिल्ली, जेएनएन।** प्रसिद्ध जलवायु कार्यकर्ता और शिक्षाविद् सोनम वांगचुक को गिरफ्तारी के बाद जोधपुर जेल भेज दिया गया है। इस कार्रवाई को लेकर झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सरकार पर सवाल खड़े किए हैं। हेमंत सोरेन ने अपने एक्स अकाउंट पर लिखा, उम्मीद की एक और किरण सलाखों के पीछे... जल-जंगल-जमीन, भाषा-संस्कृति-अधिकार की रक्षा एवं देश के लिए समर्पित एक और मजबूत आवाज को गुमनाम बनाने के लिए किए जा रहे षड्यंत्रों पर पूरे देश की नजर है।

### श्रीसीम यौन शोषण मामला चैतन्यानंद आगरा से गिरफ्तार 5 दिन पुलिस रिमांड पर भेजा




**नई दिल्ली, जेएनएन।** दिल्ली के वसंतकुंज स्थित श्रीशारदा इंस्टीट्यूट ऑफ इंडियन मैनेजमेंट-रिसर्च के हेड स्वामी चैतन्यानंद सरस्वती उर्फ पार्थसारथी को दिल्ली पुलिस ने 27 सितंबर की रात आगरा से गिरफ्तार किया। चैतन्यानंद पर कई छात्राओं के यौन उत्पीड़न के आरोप हैं। चैत्यानंद को पटियाला कोर्ट में पेश किया गया, जहां से 5 दिन की पुलिस कस्टडी में भेज दिया गया। इसके पहले फरार चैतन्यानंद की आखिरी लोकेशन आगरा में मिली थी। पुलिस की कई टीमें लगातार छापेमारी कर रही थी। चैतन्यानंद को वसंत कुंज पुलिस स्टेशन लाया गया है, जहां पूछताछ जारी है। दिल्ली पुलिस ने चैतन्यानंद के पास से 2 फर्जी विजिटिंग कार्ड बरामद किए हैं। एक कार्ड में उसे संयुक्त राष्ट्र में स्थायी राजदूत और दूसरे में ब्रिक्स संयुक्त आयोग का सदस्य और भारत का विशेष दूत बताया गया है। आगरा के होटल से स्वामी चैतन्यानंद सरस्वती को गिरफ्तार किया था, उसके रिसेप्शनिस्ट भरत ने बताया कि चैतन्यानंद शनिवार शाम 4 बजे वहां पहुंचे। उन्होंने आगे बताया कि उनके ठहरने के दौरान उनसे मिलने कोई नहीं आया। भरत ने कहा कि नाइट शिफ्ट में काम करने वाले कर्मचारी ने उनकी एंट्री की थी। रात में लगभग 3.30 बजे दो पुलिसकर्मी आए जिन्होंने खुद को दिल्ली क्राइम ब्रांच का इंस्पेक्टर बताया। दोनों ने बाबा से उनके कमरे में 10 मिनट तक बात की और उन्हें अपने साथ ले गए। बाबा ने हमें अपना नाम पार्थ सारथी बताया था।

**कमजोर छात्राओं को बनाया निशाना :** पुलिस के मुताबिक, आरोपी छात्राओं को धमकाकर, अश्लील मैसेज भेजकर और विदेश यात्रा का लालच देकर जाल में फंसाता था। उसने कई बार स्टूडेंट को देर रात कमरे में बुलाया और कम ग्रेड देने की धमकी दी। जांच के दौरान बरामद वॉट्सएप मैसेज में सामने आया था कि चैतन्यानंद छात्राओं को 'बेबी', 'आई लव यू', 'आई अडोर यू' जैसे मैसेज भेजता था। इसके साथ ही उनके बालों और कपड़ों की भी तारीफ करता था। पुलिस जांच में ये भी सामने आया कि तीन महिला वार्डन और फैकल्टी भी आरोपी की मदद करती थीं।

## रणबीर कपूर ने मुंबई में मनाया 43वां जन्मदिन

एक्टर रणबीर कपूर ने रविवार को अपना 43वां जन्मदिन मनाया। रणबीर ने मुंबई में पैपराजी की मौजूदगी में केक काटते हुए जन्मदिन सेलिब्रेट किया। वैसे तो रणबीर सोशल मीडिया से दूर रहते हैं, लेकिन जन्मदिन के मौके पर उन्होंने फैंस को धन्यवाद देते हुए एक वीडियो मैसेज शेयर किया। यह वीडियो उनके लाइफस्टाइल ब्रांड अर्क्स के इंस्टाग्राम अकाउंट के जरिए शेयर किया गया। वीडियो में रणबीर ने कहा, हाय, मैं इस मौके पर आप सभी का धन्यवाद कहना चाहता हूं, जो मुझे मेरे जन्मदिन पर प्यार और शुभकामनाएं भेज रहे हैं। मैं आज 43 साल का हो गया हूं। जैसा आप देख सकते हैं, दाढ़ी में कई सफेद बाल आ गए हैं, और हर साल बढ़ते रहते हैं, लेकिन मेरे दिल में परिवार, दोस्तों, मेरे काम और सबसे ज्यादा आप सभी के लिए बहुत आभार है। आपका समय देने के लिए बहुत-बहुत धन्यवाद। आप मुझे बहुत खास महसूस कराते हैं। रणबीर की मां, नीता कपूर ने भी इंस्टाग्राम स्टोरी में उन्हें जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने रणबीर और आलिया की तस्वीर शेयर करते हुए लिखा, जन्मदिन मुबारक हो मेरी जान। मुझे खुशकिस्मती महसूस होती है कि तुम मेरे जीवन में हो।बता दें कि रणबीर जल्द ही नितेश तिवारी की फिल्म %रामायण में भगवान राम का रोल निभाने वाले हैं। फिल्म में साईं पल्लवी सीता की भूमिका में और यश रावण की भूमिका में नजर आएंगे। फिल्म का पहला पार्ट अगले साल दीवाली पर थिएटर्स में रिलीज होगा।



**खुलासा** सरकारी आंकड़ों ने किया चौकाने वाला खुलासा, 6 महीने में 7000 से ज्यादा लोगों ने की खुदकुशी

## द.कोरिया में शादी और बच्चों की दर में हुई बढ़ोतरी

**सियोल, जेएनएन।** दक्षिण कोरिया की ओर से जारी सरकारी आंकड़ों ने चौंकाने वाला खुलासा किया है। सरकारी आंकड़ों के अनुसार इस साल की पहली छमाही में 7 हजार से ज्यादा लोगों ने आत्महत्या कर ली। सांख्यिकी कोरिया के आंकड़ों के अनुसार, जनवरी से जून के बीच कुल 7,067 लोगों ने आत्महत्या की, जो पिछले साल के इसी समय के 7,844 संख्या से थोड़ी कम है, लेकिन 2023 की पहली छमाही में 7,142 लोगों के बराबर है। इन आंकड़ों में 50 साल से अधिक उम्र के लोगों की हिस्सेदारी सबसे अधिक 22.4 प्रतिशत है, इसके बाद 40 साल (19 प्रतिशत), 60 साल (15.1 प्रतिशत), 30 साल (13.5 प्रतिशत) और 70 साल (9.8 प्रतिशत) के लोग शामिल हैं। वहीं बाकी की संख्या अन्य आयु वर्गों से है। विशेषज्ञों का कहना है कि आत्महत्या को केवल एक व्यक्तिगत समस्या के रूप में नहीं, बल्कि एक व्यापक सामाजिक और संरचनात्मक समस्या के रूप में भी देखा जाना चाहिए और इसके लिए सार्वजनिक स्वास्थ्य हस्तक्षेप की आवश्यकता है। कोरिया इंस्टीट्यूट फॉर हेल्थ एंड सोशल अफेयर्स (केआईएचएएसए) के अंतर्राष्ट्रीय सामाजिक सुरक्षा समीक्षा में हाल ही में प्रकाशित एक लेख में, कोरिया विश्वविद्यालय ग्रेजुएट स्कूल ऑफ पब्लिक हेल्थ के शोधकर्ता चोई मिन-जे ने कहा कि सरकार को उच्च जोखिम वाले समूहों के लिए लक्षित हस्तक्षेपों से आगे बढ़कर सामान्य आबादी में जोखिमों को संबोधित करने वाले चयनात्मक और सार्वभौमिक उपायों को शामिल करना चाहिए।







### पिछले वर्ष की तुलना में अधिक बच्चों ने लिया जन्म

आंकड़ों से पता चला कि दक्षिण कोरिया में जुलाई में जन्म लेने वाले बच्चों की संख्या में पिछले साल की तुलना में लगभग 6 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। इसका एक कारण शादियों में बढ़ोतरी है। सांख्यिकी कोरिया के आंकड़ों के अनुसार, जुलाई में कुल 21,803 बच्चों का जन्म हुआ, जो पिछले साल की तुलना में 20,580 बच्चों के जन्म की तुलना में 5.9 प्रतिशत अधिक है। यह लगातार 13वें महीने वार्षिक वृद्धि का रिकॉर्ड है, लेकिन 1981 में सरकार द्वारा रिकॉर्ड दर्ज करने के बाद से जुलाई का चौथा सबसे कम आंकड़ा है। जनवरी से जुलाई के बीच कुल 147,804 बच्चों का जन्म हुआ। यह आंकड़ा पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में 7.2 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है।

### आत्महत्या की दर द. कोरिया में अधिक

आर्थिक सहयोग और विकास संगठन (ओईसीडी) के सदस्य देशों में दक्षिण कोरिया में वर्तमान में आत्महत्या की दर सबसे अधिक है, जो 2024 में प्रति 100,000 लोगों पर 26.2 थी, जो ओईसीडी के औसत 10.8 से कहीं अधिक है।

### नियंत्रण केंद्र की स्थापना की मांग

कोरिया विश्वविद्यालय ग्रेजुएट स्कूल ऑफ पब्लिक हेल्थ के शोधकर्ता चोई मिन-जे ने एक व्यापक नियंत्रण केंद्र की स्थापना का भी आग्रह किया ताकि यह आकलन किया जा सके कि राजकोषीय, श्रम और अन्य नीतियां आत्महत्या दरों को कैसे प्रभावित कर सकती हैं और जहां इस तरह के जोखिमों की पहचान की जाती है, वहां सही तरीके से पूरे उपायों को लागू किया जा सके।

# लीज नवीनीकरण नहीं कराने वाले हितग्रहियों की निरस्त की जाएगी लीज

## दुकान हो या मकान हर हितग्राही के लिए लीज का नवीनीकरण जरूरी



जागरण, रीवा

शहर में नगर निगम की स्वामित्व वाली दुकानों एवं मकानों के लिए किये गये अनुबंधों का नवीनीकरण नहीं कराने वालों का नगर निगम प्रशासन ने आवंटन निरस्त करने की तैयारी कर ली है। मकानों की लीज अथवा दुकानों का अनुबंध लंबे समय से नहीं कराने वाले हितग्राहियों को नोटिस जारी किया गया था लेकिन निर्धारित अवधि के दौरान हितग्राहियों द्वारा लीज अथवा अनुबंध का नवीनीकरण नहीं कराया गया है। ऐसे हितग्रहियों की लीज अथवा आवंटन निरस्त करने की कार्यवाही की जाएगी। शहर में नगर निगम की लगभग 1500 दुकानों को किराये पर आवंटित किया गया है। इनमें से सैकड़ों हितग्राहियों ने सालों से अनुबंध का नवीनीकरण नहीं कराया है और न ही किराया दे रहे हैं। सैकड़ों की संख्या में ऐसे भी हितग्राही है जो किराया तो हर माह देते है लेकिन लंबे समय से अनुबंध के नवीनीकरण का पंजीयन नहीं कराया है। इसी तरह 30 साल की लीज पर दिये गये मकानों की अवधि समाप्त होने के बाद भी लीज का नवीनीकरण नहीं कराया जा रहा है। गौरतलब है कि नगर निगम रीवा में समायोजित की गई पूर्व रीवा सुधार न्यास की आवासीय एवं व्यावसायिक योजना नेहरू नगर, इंदिरा नगर, यातायात नगर, शोरूम काम्पलेक्स, तानसेन काम्पलेक्स, अम्बेडकर बाजार, कोठी कम्पाउंड, व्यंकट बाजार, गुढ़ चौराहा, हेडगेवार नगर एवं जयप्रकाश नारायण नगर आदि में जिन हितग्राहियो को 31 मई 1994 तक भूखंड, भवन, दुकान, हॉल, फ्लैट आदि 30 वर्षीय लीज पर आवंटित है, उनका मध्यप्रदेश नगर पालिक निगम अचल सम्पत्ति का अंतरण नियम 2016 एवं संशोधित नियम 2021 के नियम 17 प्रावधान के अन्तर्गत लीज नवीनीकरण कराया जाना आवश्यक है। नियम में यह भी प्रावधान है कि यदि लीज नवीनीकरण नहीं कराया गया या लीजडीड अनुबंध के प्रावधानों का उल्लंघन किया गया, तो आवंटन निरस्त कर लीज समाप्त कर दी जावेगी।

**हर 3 साल में 15 प्रतिशत किराया वृद्धि का प्रावधान :** नगर निगम रीवा के स्वामित्व की दुकानें 35 माह के लिए किराए पर आवंटित की जाती है। 35 माह पश्चात् 15 प्रतिशत किराए में वृद्धि कर इनका नवीनीकरण कर अनुबंध का पंजीयन कराने का प्रावधान है। कई काम्पलेक्स के हितग्राहियों द्वारा नवीनीकरण अनुबंध का पंजीयन नहीं कराया जाता है। पंजीयन नहीं कराने से शासन को स्टाम्प शुल्क की क्षति उठानी पड़ रही है। नगर निगम रीवा के राजस्व दल द्वारा लगातार कार्यवाही की जा रही है। इसके बाद भी हितग्राही लगातार लापरवाही बरत रहे हैं।

### दुकानदारों को दिये गये नोटिस

नगर निगम रीवा द्वारा गोलपार्क बस स्टैण्ड, रेवांचल बस स्टैण्ड, खन्ना टॉकीज के सामने, कलेक्ट्रेट के पीछे, सुरुचि काम्पलेक्स, खन्ना चौराहा, कोर्ट के सामने, गौरव काम्पलेक्स गोरहा सब्जी मण्डी, जानकी पार्क, अपना बाजार, सुपर मार्केट, लक्ष्मी मार्केट, गल्ला मण्डी, रानीगंज, परिणय काम्पलेक्स बिछिया, समृद्धि काम्पलेक्स धोबिया टंकी, बांसघाट, इंदिरा मार्केट कटरा, सब्जी मण्डी प्रकाश परिसर गंगा वाटिका, गांधी काम्पलेक्स, महामृत्युंजय काम्पलेक्स, यातायात नगर में निर्मित दुकाने किराए पर 35 माह के लिए आवंटित हैं। इनमें सैकड़ों अधिक हितग्राहियों ने अनुबंध नवीनीकरण एवं पंजीयन नहीं कराया है। उन्हें पूर्व में कई बार नोटिस दी गई है लेकिन अब लीज का नवीनीकरण नहीं कराने पर आवंटन निरस्त करने की कार्यवाही की जावेगी।

# भवन निर्माण सामग्री प्रतिष्ठान आर एंड एस एसोसिएट्स का हुआ भव्य शुभारंभ



**जागरण, रीवा।** भवन निर्माण सामग्री के क्षेत्र में प्रसिद्ध व्यावसायिक प्रतिष्ठान आर एंड एस एसोसिएट्स ने आज जोरी, रीवा में अपने नवीन प्रतिष्ठान का भव्य शुभारंभ किया। जिसका उद्देश्य क्षेत्र में उच्च गुणवत्ता, पारदर्शिता और ग्राहकों को और अधिक सुविधाजनक सेवाएं उपलब्ध कराना है।

इस अवसर पर आयोजित शुभारंभ समारोह में जेके सीमेंट के स्टेट हेड राजकुमार द्विवेदी, एरिया सेल्स मैनेजर राजकुमार त्रिपाठी, राकेश तिवारी, शैलेंद्र सिंह, अनंत ताम्रकार, सेवानिवृत्त एग्जीक्यूटिव इंजी. प्रभाकर सिंह परिहार तथा रीवा जिले के सेल्स प्रमोटर रामनाथ सिंह परिहार, हरिगेंद्र सिंह दद्दू ने फीता काटकर उद्घाटन किया। कार्यक्रम में स्थानीय उद्योगजगत, व्यवसायियों, ग्राहकों एवं मीडिया प्रतिनिधियों की उपस्थिति रही। सेल्स प्रमोटर रामू ने बताया कि आर एंड एस एसोसिएट्स हमेशा से अपने ग्राहकों को विश्वसनीय और अभिनव सेवाएं प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध रहा है। हमारा नया प्रतिष्ठान इसी दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम है। अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस यह प्रतिष्ठान हमारे ग्राहकों को सहज, त्वरित और बेहतर अनुभव के साथ-साथ निःशुल्क तकनीकी सेवाएं भी प्रदान करेगा।

नए प्रतिष्ठान में भवन निर्माण सामग्रियों से जुड़ी उत्पादों की विस्तृत श्रृंखला उपलब्ध होगी। जे के सीमेंट के जोनल हेड काशिफ खान एवं स्टेट हेड टेक्निकल सर्विसेज सुधीर मिश्रा एवं अनुराग देव गुप्ता ने वर्चुअल माध्यम से प्रतिष्ठान के संचालक सुनील ताम्रकार एवं रामू को शुभकामनाएं प्रेषित की।

## संगठन की मजबूती के साथ करें निकाय चुनाव की तैयारी : संजय सिंह



**रीवा।** पारिवारिक कार्यक्रम के चलते प्रखर वक्ता सांसद संजय सिंह अल्प प्रवास के लिए रविवार को रीवा पहुंचे। एक निजी होटल में रीवा के आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं से मुलाकात की और संगठन मजबूत करने का मूलमंत्र दिया, और कार्यकर्ताओं से संघर्ष और सेवा दो तरह से काम करने का आह्वान किया। तत्पश्चात राज्यसभा सांसद संजय सिंह आम आदमी पार्टी के नेता पूर्व रीवा विधानसभा प्रत्याशी इंजी. दीपक सिंह के निज निवास इंद्रा नगर बरा रीवा पहुंचे, चाय चर्चा में सिंगरौली महापौर प्रदेशाध्यक्ष रानी अग्रवाल भी सम्मिलित हुई, जहां प्रदेश संगठन को लेकर और विंध्य की राजनीति को लेकर गहरा चिंतन और मंथन किया। आगामी नगरीय निकायों के चुनाव पार्टी किस तरह से मजबूती से लड़े इस पर चर्चा हुई। संजय सिंह ने कहा निरंतरता और अनुशासन से ही सफलता प्राप्त की जा सकती है, विंध्य की धरती उपजाऊ है, कई बार नए लोगों को यहां से मौका मिला है, और आगे भी संघर्षों से प्राप्त किया जा सकता है, चर्चा में विशेष रूप से जिलाध्यक्ष एडवोकेट राजीव सिंह शेरा उपस्थित रहे।

# सामूहिक प्रयासों से घर-घर बने औषधीय वाटिका : डॉ. सिंह



**रीवा।** औषधीय गृह वाटिका की स्थापना एवं उपयोग हेतु सामूहिक प्रयास आवश्यक हैं जिससे परिवार को स्वस्थ रखने के घरेलू उपाय को प्राथमिक उपचार की तरह सफलतापूर्वक अपनाया जा सकता है साथ ही धन की बचत भी की जा सकती है। उक्त उद्बोधन विस्तार वैज्ञानिक डॉ. किंजल्क सी सिंह के हैं जो ग्राम पड़िया में खान पान, स्वच्छता तथा स्वास्थ्य रक्षा में सामूहिकता के महत्व पर आयोजित प्रशिक्षण में 28 प्रशिक्षणार्थियों को घरेलू औषधियों के परंपरागत ज्ञान विषय पर प्रशिक्षित कर रही थीं।

कृषि विज्ञान केंद्र, रीवा तथा रिलायंस फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में फाउंडेशन के ज़िला अधिकारी पुष्पेंद्र पांडेय ने स्वच्छता अभियान अंतर्गत स्वास्थ्य हेतु स्वच्छता विषय पर प्रकाश डालते हुये सभा को व्यक्तिगत, घरेलू तथा बाहरी साफ-सफाई के लिये प्रेरित किया। केंद्र के खाद्य वैज्ञानिक डॉ. चन्द्रजीत सिंह ने जानकारी दी कि महिला कृषकों को कृषक परीक्षण अंतर्गत औषधीय वाटिका स्थापित करने के लिये हरश्रृंगार, हड़जोड़, चिरायता, गिलोय, नीम, मीठी नीम और ऐलोवैरा के पौधे केंद्र की ओर से उपलब्ध करवाये गये, साथ ही आपने ऋतु अनुसार खानपान की सलाह भी दी। प्रशिक्षणार्थियों की ओर से प्रतिभागी मनोज सिंह ने कार्यक्रम को ग्राम विकास हेतु एक अभिनव और आवश्यक प्रयास बताया साथ ही सभी प्रतिभागियों ने स्वच्छता का संकल्प लिया। उपरोक्त ग्राम आधारित कार्यक्रम, अधिष्ठाता कृषि महाविद्यालय डॉ. एसके त्रिपाठी के दिशा निर्देशन में तथा कृषि विज्ञान केंद्र प्रमुख एवं वरिष्ठ वैज्ञानिक, डॉ. अजय कुमार पांडेय के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया।

# कुशवाहा समाज को सिर्फ वोट बैंक न समझे राजनीतिक दल




**जागरण, रीवा।** सम्राट अशोक विजयदशमी के अवसर पर कुशवाहा समाज रीवा के जिला स्तरीय सामाजिक एवं राजनीतिक चिंतन-मंथन की बैठक का आयोजन रविवार को स्वयंवर विवाह घर कॉलेज चौराहा में किया गया। इस संबंध में जानकारी देते हुए कुशवाहा समाज एड. आनंद कुशवाहा ने बताया कि यह आयोजन सम्राट अशोक विजयदशमी के पावन अवसर पर केवल स्मरण का नहीं बल्कि सामाजिक एकता, नई दिशा और समाज की शक्ति को संगठित करने का है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में समाज के युवाओं, महिलाओं एवं वरिष्ठजनों को एक मंच पर लाकर सामाजिक जागरूकता, शिक्षा, रोजगार, राजनीतिक सहभागिता और संगठन की मजबूती पर विशेष चर्चा की गई। समाज के उत्थान हेतु नई रणनीति बनाने के लिए यह बैठक महत्वपूर्ण साबित होगी। उन्होंने कहा कि समाज खुले मन से राजनीतिक दलों का समर्थन करता है लेकिन राष्ट्रीय राजनीतिक दलों द्वारा समाज की जनसंख्या के हिसाब से प्रतिनिधित्व एवं स्थान नहीं दिया जा रहा अब हमें एकत्रित होकर इन राष्ट्रीय राजनीतिक दलों को यह बताना होगा कि कुशवाहा समाज केवल उनका राजनीतिक वोट बैंक नहीं है और इस बात का रोना भी राजनीतिक दलों द्वारा नहीं रोना चाहिए कि पास के जिलों में कुशवाहा समाज को प्रतिनिधित्व दिया जा रहा है पास के जिलों में अगर कुशवाहा समाज को नेतृत्व दिया जा रहा है तो वहां के लोगों ने राजनीतिक दलों को मतदान किया है और यहां पर यहां के कुशवाहा समाज के द्वारा राजनीतिक दलों को समर्थन एवं मतदान किया गया है यदि कुशवाहा समाज को उचित स्थान और प्रतिनिधित्व नहीं मिला तो आने वाले समय में कुशवाहा समाज के लिए सारे विकल्प खुले हैं,

वरिष्ठ समाजसेवी प्रभात वर्मा ने बताया बैठक का मुख्य उद्देश्य समाज को नई सामाजिक एवं राजनीतिक चेतना प्रदान करना, संगठन को मजबूत करना तथा आने वाली पीढ़ियों के लिए एक सुनहरा भविष्य तैयार करना है। जल्द ही कुशवाहा समाज रीवा का संगठन का विस्तार जिले स्तार में विधानसभा में और ग्राम पंचायत स्तर पर तैयार कर कुशवाहा समाज के नेतृत्व को विकसित करने का कार्य किया जाएगा। इस दौरान समाज के वरिष्ठ डॉ. एलएम कुशवाहा, राजन वर्मा, पीएल कुशवाहा, इंद्रलाल कुशवाहा, मंगल प्रसाद, राम सरोज वर्मा, जेपी कुशवाहा, संतोष कुशवाहा, बबलू सरपंच करहिया, विश्वकांत कुशवाहा, रजनीश कुशवाहा, एड. आनंद कुशवाहा, अर्पण कुशवाहा, रमेश कुशवाहा, सीमा कुशवाहा, राजकुमारी कुशवाहा, उमाशंकर कुशवाहा, शिवकर कुशवाहा राजू, कमलेश कुशवाहा सहित सैकड़ो की तादाद में रीवा एवं मऊगंज जिले से कुशवाहा समाज के लोग उपस्थित हुए।

# भावान्तर योजना सोयाबीन उत्पादक किसानों के लिये लाभप्रद

**रीवा।** भावान्तर योजना किसानों के लिये लाभदायक है। भावांतर योजना में एफएक्यू मानक अनुसार किसान की जितनी उपज है, सरकार उसको भावांतर योजना अन्तर्गत लाभ प्रदान करेगी। अर्थात किसी भी किसान को उसकी एफएक्यू की उपज का एमएसपी की राशि 5328 रूपये प्रति क्विंटल का लाभ प्रदाय किया जायेगा। किसान अपने सोयाबीन के रकबे और उत्पादकता के आधार पर मंडी में सोयाबीन का भावान्तर योजना में लाभ प्राप्त कर सकेंगे। इसका मतलब यह है कि 40 प्रतिशत की ही विक्रय बाध्यता नहीं हैं। राज्य शासन द्वारा किसान के रकबे और उत्पादकता के आधार पर उपज को मंडी में भावांतर योजना में लाभ प्रदान करेगी। इससे अधिक मात्रा पर भी राज्य शासन द्वारा भावान्तर की राशि का लाभ कृषकों को उनके खाते में प्रदान किया जायेगा। इस योजना में भ्रम यह है कि व्यापारी द्वारा कार्टेल बनाकर रेट कम कर दिया जाएगा, जबकि खुली नीलामी कैमरे की निगरानी में होगी, जिसमें जिला प्रशासन का प्रतिनिधि उपस्थित रहेगा। यदि किन्हीं कारणों से सोयाबीन का बाजार मूल्य गिरता है तो सरकार मण्डी में एफएक्यू सोयाबीन की राशि का एमएसपी तक के भावान्तर की राशि का लाभप्रदान करेगी। अर्थात एफएक्यू सोयाबीन में मंडी से प्राप्त विक्रय राशि एवं राज्य शासन द्वारा भावांतर योजना की अंतरित राशि के बराबर की राशि का लाभ प्रदाय किया जायेगा।

# सपा जिला कमेटी की बैठक में संगठन विस्तार की बनी कार्य योजना

## शहीद-ए-आजम भगत सिंह की मनाई गई जयंती



**जागरण, रीवा।** समाजवादी पार्टी जिला कार्यकारिणी रीवा की आवश्यक बैठक होटल राज पैलेस में जिला अध्यक्ष अमरेश पटेल की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में मुख्य अतिथि की हैसियत से सपा के राष्ट्रीय सचिव शिव सिंह पटेल उपस्थित रहे। बैठक के प्रारंभ में शहीद-ए-आजम भगत सिंह को उनके जयंती अवसर पर याद किया गया। बैठक में संगठन विस्तार के एजेंडे पर पार्टी नेताओं ने अपनी बात रखी साथ ही समाजवाद के जनक डॉ राम मनोहर लोहिया एवं नेता मुलायम सिंह की पुण्यतिथि मनाए जाने का भी निर्णय लिया गया। बैठक में प्रमुख रूप से प्रदेश पदाधिकारियों में अजय शुक्ला, जगदीश सिंह यादव, एमडी खान, संतकुमार पटेल, राजमणि यादव, अशोक यादव, एड. राकेश कुमार, रामचंद्र यादव, प्रदीप बंसल, जिला ब्लॉक विधानसभा कमेटी के नेता नत्थूलाल सेन, मास्टर मोहम्मद शरीफ, आरबी यादव, शिवनाथ यादव, मोहम्मद तौहीद, रामकिशोर आदिवासी, दिलीप पटेल, सुखलाल कुशवाहा, सज्जन यादव, सत्यभान पाल, जवाहरलाल पाल, मुन्नीलाल वर्मा, अरुण कुमार प्रजापति, हीरालाल चौधरी, खुशीलाल पटेल, रामनाथ पटेल, प्रेमलाल यादव, मोहनलाल साहू, जंगाली कोल, रोहित पटेल, विजय नारायण साकेत, नागेंद्र चक्रवर्ती, राहुल प्रसाद वर्मा, राजकुमार राय, विकास कुमार साकेत, प्रीतम प्रजापति, मयंक सिंह, सुखीनंद वर्मा, अनीश खान, कैलाश प्रसाद यादव, मेवालाल बसोर, कृष्णकुमार पटेल, गुड्डु पटेल, अमन पटेल, प्रेमलाल यादव, अशोक पटेल आदि पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित रहे। यह जानकारी जिला मीडिया प्रभारी जय सिंह पटेल ने दी।

# चाकघाट नगर परिषद में भी बगावत की आहट




**जागरण, रीवा।** गुढ़ व नईगढ़ी के बाद जिले के चाकघाट नगर परिषद में अध्यक्ष के खिलाफ वगावत की आहट है। नईगढ़ी व गुढ़ का मामला कलेक्टर न्यायालश तक पहुंच चुका है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार चाकघाट नगर परिषद के 15 में से 11 पार्षद अब अध्यक्ष के साथ-साथ उपाध्यक्ष के खिलाफ बगावत पर उतर आये हैं। पार्षद अगर खुलकर सामने आ गये तो चाकघाट के अध्यक्ष और उपाध्यक्ष की कुर्सी खतरे में पड़ सकती है। पार्षदों के आक्रोश का कारण नगर परिषद क्षेत्र में किए गए कार्यों को कारण बताया जा रहा है।

बताया गया है कि नाराज पार्षद नगर परिषद चाकघाट में अध्यक्ष पर अनिमितता का आरोप लगा रहे हैं। कहा जा रहा है कि 20 हजार रुपये महीने में ट्रैक्टर लगाकर 45000 हजार रुपये का भुगतान किया जाने का आरोप है। पार्षदों का यह भी आरोप बताया जा रहा है कि नगर परिषद् द्वारा तहबाजारी के नाम पर हाइवे पर अवैध वसूली की जाती है जिससे स्थानीय व्यापारी भी नाराज चल रहे हैं। चाकघाट व्यापार मंडल इस अवैध वसूली के खिलाफ कभी भी सड़क पर आ सकता है। बताया गया है कि पहले यह वसूली मंत्री चौराहे पर की जाती थी, लेकिन अब मंत्री चौराहे को छोड़ कर शराब दुकान के बगल में अवैध वसूली की जा रही है। हालांकि पार्षदों का आरोप अभी उभर कर सामने नहीं आया है।

# बसपा नेता देवेंद्र सिंह ने मुख्यमंत्री को लिखा पत्र



**जागरण, रीवा।** त्योंथर, चाकघाट क्षेत्र प्राकृतिक, ऐतिहासिक और सांस्कृतिक दृष्टि से मप्र का महत्वपूर्ण हिस्सा है। यहां नदी, पहाड़, पुरातत्व और धार्मिक स्थलों की अनूठी धरोहर मौजूद है, लेकिन सत्तालोलुप और स्वार्थी राजनीति की उपेक्षा के कारण किसान, मजदूर और युवा आज भी अपने अधिकार और अवसरों से वंचित हैं।

मुख्यमंत्री को भेजे पत्र वह इन मांगों को प्राथमिकता से पूरा किया जाए और इन्हें धरातल पर उतारने की ठोस कार्ययोजना का आग्रह किया है।

- चाकघाट में पुराने पुल पर स्टॉप डैम का निर्माण, दोनों और घाटों का सौंदर्यीकरण एवं काशी-सूरत की तर्ज पर वाटर स्पोर्ट्स और स्टीमर संचालन।
- स्कन्द माता (कंदाइन देवी) मंदिर से सोहागी अड़गढ़नाथ तक रोपवे का संचालन (मैहर की तरह)।
- देऊर कोठार (विश्वस्तरीय बौद्ध स्तूप) को अंतर्राष्ट्रीय बौद्ध सर्किट में शामिल कर वैश्विक स्तर का विकास।
- क्षेत्र के पहाड़ों को एडवेंचर स्पोट्‌‌स, पैराग्लाइडिंग व पैरासेलिंग के लिए विकसित किया जाए।
- पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा उद्घाटित कोल गढ़ी (आदिवासियों का किला) को अतिक्रमण मुक्त कर संरक्षित किया जाए।
- भुलनिया मंदिर का जीर्णोद्धार एवं अतिक्रमण मुक्त कराया जाए।
- किसानों को आवारा पशुओं से निजात दिलाने के लिए स्थायी समाधान हो।
- मुख्यमंत्री का आगमन तभी सार्थक सिद्ध होगा जब इन मांगों पर ठोस कदम उठते हुए अरबों रुपये की इन योजनाओं का लाभ सीधे तौर पर त्योंथर वासियों तक पहुंचे।

## अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन सम्मान दिवस 1 अक्टूबर को

**रीवा।** समाज की अमूल्य धरोहर वृद्धजन न केवल जीवन के अनुभवों के साक्षी होते हैं बल्कि उनकी सत्यनिष्ठा, त्याग और आदर्श चरित्र से आने वाली पीढ़ियों को प्रेरणा प्राप्त होती है। इन्हीं पूज्यनीय विभूतियों के सम्मान हेतु ब्रह्मकुमारीज संस्थान, शान्ति धाम झिरिया रीवा में 1 अक्टूबर बुधवार अपराह्न 3 से 5 बजे तक भव्य अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन सम्मान समारोह का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम में विंध्य क्षेत्र के वे वरिष्ठ नागरिक सम्मानित किए जाएंगे जिन्होंने अपने जीवन में सत्य, धर्म और सेवा के प्रकाश से समाज को आलोकित किया है तथा सदैव मार्गदर्शन व प्रेरणास्त्रोत बने हैं।

# सेवा पखवाड़ाः दिव्यांगजनों को वितरित किये गये उपकरण व कृत्रिम अंग

## रेडक्रास का सेवाकार्य सराहनीय : कमिश्नर बीएस जामोद



**जागरण, रीवा।** सेवा पखवाड़ा अन्तर्गत रेडक्रास सोसायटी रीवा द्वारा गतदिवस दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण व कृत्रिम अंग वितरित किये गये। जिला दिव्यांग पुर्नवास केन्द्र में आयोजित कार्यक्रम में रीवा संभाग के कमिश्नर बीएस जामोद ने कहा कि रेडक्रास का सेवाकार्य सराहनीय है। उन्होंने रेडक्रास द्वारा संचालित ब्लड बैंक व सेपरेशन यूनिट का निरीक्षण किया। कमिश्नर श्री जामोद एवं पूर्व महापौर वीरेन्द्र गुप्ता ने दिव्यांगजनों को कृत्रिम अंग वितरित किये। अतिथियों ने दिव्यांगजनों को ट्राइसाइकिल तथा एमएसआईडी किट व व्हील चेयर वितरित किये।

कार्यक्रम में चेयरमैन रेडक्रास सोसायटी डॉ प्रभाकर चतुर्वेदी ने रेडक्रास द्वारा किये जा रहे सेवा प्रकल्प कार्यों की जानकारी दी। इस अवसर पर संयुक्त संचालक सामाजिक न्याय विभाग अनिल दुबे, डॉ विवेक सिंह, वाइस प्रेसिडेंट जयंत खन्ना, डॉ हर्ष सिंह, एनपीएस परिहार, नीलिमा सिंह, सीमा श्रीवास्तव, डॉ विनोद कुमार श्रीवास्तव, डॉ एस के श्रीवास्तव, डॉ अजीत सिंह, एस डी एम त्रिपाठी, रामायण गौतम, डॉ सुशील त्रिपाठी, मुकुंद प्रसाद मिश्रा, विवेक गौतम, शरद साह, राजेश पांडेय, विजेंद्र गौतम, मनीष शुक्ला, बुद्धसेन नापित, हिमांशु शुक्ला, रमेश कुशवाहा, पीयूष कुमार मिश्रा, डॉ सुरेंद्र प्रताप सिंह, गौरव गुप्ता, संदीप चतुर्वेदी, अशोक श्रीवास्तव, नीरज पांडे एवं रेडक्रॉस के विशेषज्ञ एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन राजेंद्र पांडेय एवं आभार एके खान ने किया।

## उप मुख्यमंत्री व सांसद ने भी सुनी मन की बात



**रीवा।** देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रेरणादायी उद्बोधन को उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ला एवं जिला अध्यक्ष वीरेंद्र गुप्ता, सांसद जनार्दन मिश्रा, पूर्व विधायक पंचूलाल प्रजापति ने कार्यकर्ताओं के साथ सुना।

मन की बात केवल संवाद नहीं, बल्कि देश के हर नागरिक को जोड़ने और समाज को नई दिशा देने का माध्यम है। यह कार्यक्रम जनता के विचारों, संस्कारों और संकल्पों को एक सशक्त रूप प्रदान करता है। मन की बात राष्ट्र के जन-मन की आवाज़ है, जो हमें सेवा, समर्पण और विकास की ओर अग्रसर करती है। इस अवसर पर कार्यकर्ता पदाधिकारी एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# छात्र-छात्राओं ने पोस्टर, नारे और नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत कर समाज को दिया बाल विवाह न करने का संदेश

## नईगढ़ी कॉलेज में बाल विवाह मुक्त भारत अभियान आयोजित कर किया जागरूक



**नईगढ़ी, नि.प्र.।** अहिंसा वेलफेयर सोसायटी मऊगंज समन्वयक सुरेन्द्र प्रसाद चतुर्वेदी ने 25 सितम्बर को बाल विवाह को रोकने के लिए विविध आयामों पर उपस्थित बच्चों को समझाइश दी कि यदि कोई बाल विवाह हो जाता है और वह शासकीय योजनाओं का लाभ लेना चाहता है तो वह योजना से वंचित हो जायेगा इसलिए सभी अपने अपने गांव में हों रहें बाल सगाई और बाल बिदाई को रोकने में इस अभियान में सहयोग करें, जिससे बाल विवाह मुक्त भारत का निर्माण किया जा सके। साथ ही बाल अधिकार संरक्षण आयोग की जानकारी दी गई बच्चों के अधिकारों को बताया गया। कॉलेज परिसर में बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य, प्राध्यापकगण तथा विद्यार्थियों ने मिलकर बाल विवाह जैसी सामाजिक बुराई को समाप्त करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में विशेषज्ञों ने बताया कि बाल विवाह न केवल बच्चों के अधिकारों का हनन है बल्कि यह उनके शैक्षणिक, मानसिक एवं शारीरिक विकास में भी बाधक है। उन्होंने बाल विवाह से उत्पन्न होने वाले दुष्परिणामों जैसे कम उम्र में मातृत्व का खतरा, शिक्षा में रुकावट, पारिवारिक कलह और स्वास्थ्य समस्याओं पर प्रकाश डाला। छात्र-छात्राओं ने पोस्टर, नारे और नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत कर समाज को संदेश दिया कि बाल विवाह अपराध है, इसे रोकना सबका कर्तव्य है। बेटी पढ़ेगी तभी देश आगे बढ़ेगा।

### बाल विवाह न करने की ली शपथ

सभी प्रतिभागियों ने शपथ ली कि वे न तो स्वयं बाल विवाह करेंगे और न ही अपने आस-पास होने देंगे, बल्कि समाज को जागरूक कर इस कुरीति को समाप्त करने में योगदान देंगे। अहिंसा टीम आशीष कुमार शुक्ला ज्ञानेंद्र धर द्विवेदी के अलावा कॉलेज में आयोजित यह अभियान विद्यार्थियों और शिक्षकों के बीच बाल विवाह के प्रति जागरूकता फैलाने का सफल प्रयास रहा।

### बाल मजदूरी अभिशाप

बाल मजदूरी हमारे समाज के लिए एक गम्भीर अभिशाप है। यह न केवल बच्चों के बचपन और उनके अधिकारों को छीन लेता है, बल्कि देश की प्रगति में भी बाधा उत्पन्न करता है। बचपन खेलने, पढ़ने और सपने सँजोने की उम्र होती है, लेकिन गरीबी, अशिक्षा, पारिवारिक मजबूरी और शोषण के कारण लाखों बच्चे छोटी उम्र में ही काम करने के लिए मजबूर हो जाते हैं। बाल मजदूरी बच्चों के शारीरिक, मानसिक और बौद्धिक विकास को रोक देती है। फैक्ट्रियों, चाय की दुकानों, ईंट-भट्टों, खेतों या घरेलू कामों में लगे बच्चे शिक्षा से वंचित रह जाते हैं। उनका स्वास्थ्य भी बिगड़ता है और वे शोषण का शिकार बनते हैं इत्यादि विषयों में प्रतिभागियों को जागरूक किया गया।

# मनुष्य को हर परिस्थिति में ईश्वर आराधना करना चाहिए : राजकुमार मिश्र

## अतरैला बाजार में चल रही श्रीमद्भागवत कथा

**अतरैला नि.प्र.।** शारदेय नवरात्र पर्व के शुभ अवसर पर नव दुर्गा उत्सव समिति अतरैला द्वारा मां दुर्गा पंडाल में भव्य संगीत मय श्रीमद्भागवत कथा का भव्य आयोजन में हो रहा है, चतुर्थ दिवस की कथा के दौरान कथा व्यास आचार्य राजकुमार मिश्र श्रीधाम वृन्दावन ने गजेन्द्र मोक्ष, समुद्र मंथन, वामन अवतार, कृष्ण जन्मोत्सव की अमृत मय श्रीमद्भागवत कथा कहते हुए कहा कि मनुष्य को हर परिस्थिति में ईश्वर की आराधना करना चाहिए। गजेन्द्र मोक्ष कथा के दौरान महराज ने कहा कि विपत्ति काल में भी भगवान हमारे आपदा का हरण करते हैं, बस हमारे भक्ति में निष्ठा और विश्वास होना चाहिए, अंत में व्यासजी ने श्रीकृष्ण जन्मोत्सव की अमृतमय कथा सुनाते हुए, कहा कि जब जब इस धरा में अधर्म आसुरी शक्तियों का बोलबाला हुआ है। धर्म का पतन हुआ है तब तब भगवान श्री हरि विष्णु ब्राह्मण गौमाता साधु संतों देवताओं की रक्षा हेतु इस धरा में मनुष्य के रूप में प्रगट होकर राक्षसों का वध कर साथ ही धर्म की स्थापना कर अपनी लीलाओं से मनुष्य को सुख प्रदान कर धर्म की राह पर चलने की प्रेरणा देते हैं। तत्पश्चात भगवान श्री कृष्ण का जन्मोत्सव झांकी के साथ सभी भक्तों ने बड़े धूमधाम से मनाया। नवदुर्गा उत्सव समिति अतरैला बाजार द्वारा सभी धर्मानुरागी भक्त जनों से श्रीमद्भागवत कथा श्रवण करने की अपील की है।



# मां दुर्गा की भक्ति में सराबोर नईबस्ती वासी



**गोविन्दगढ़ ब्यूरो।** रीवा जनपद के ग्राम पंचायत टीकर के नई बस्ती में 22 सितम्बर को बड़े ही धूम धाम के साथ मां दुर्गा मूर्ति की स्थापना की गई। इसके बाद मां के दरबार में रोजाना विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता हैं। मां की पूजा अर्चना पूरे विधि विधान के साथ पण्डित नारायण शास्त्री के कराई जाती हैं, मां दुर्गा के मुख्य पुजारी योगेशचन्द्र जायसवाल हैं। शारदीय नवरात्रि के प्रथम दिवस स्थापित की गई मां की मूर्ति की पूजा अर्चना पूरे विध विधान के साथ की जा रही हैं। यहा पर रोजना महिलाओं द्वारा सुबह शाम भजन कीर्तन किया जाता हैं। साथ ही रामायण पाठ के आयोजन के साथ भगत भी की जाती हैं। नईबस्ती में स्थापित मां दुर्गा के दरबार में स्थानिय लोगों का विशेष सहयोग रहता हैं। हर कोई अपने स्तर से सुबह से लेकर देर शाम तक मां की पूजा पाठ में लगा रहता हैं। नई बस्ती में सनातनियों के आस्था का पर्व नवरात्र की धूम चरम पर हैं। सभी आदि शाक्ति मां दुर्गा की भक्ति में लीन मां की अराधना में जुटे हुए हैं।

# जीएसटी मुद्दे पर कांग्रेस नेताओं ने किया जनसंपर्क



## कांग्रेस कर रही दुकानदारों से चर्चा

**मनिकवार, नि.प्र.।** देश में जीएसटी की दर कम करने करने पर आज कांग्रेस नेताओं ने मनिकवार,देवरा फरेंदा,तमरी, हिनौती, रघुराजगढ़, सहित कई ग्रामों के दुकानदारों से जनसम्पर्क कर जीएसटी पर चर्चा की। चर्चा करते हुए देवतालाब कांग्रेस प्रत्याशी रहे पदमेश गौतम ने कहा कि कौन-कौन सी वस्तु की कीमत कम हुई है और आप जश्न मना सकते हैं। उपभोक्ताओं ने स्वत कहा कि सरकार पहले हमें लूटा और कम कर एहसान बताया जा रहा है । मंहगाई का असर सरकार को नहीं है, अमीर, नौकरी करने वालों को नहीं है लेकिन गरीब और मध्यम वर्गीय परिवार तो आत्म हत्या कर रहा है ।इस जीएसटी से कुछ भी हासिल नहीं हो रहा है, गरीब को सरकार गाड़ियों से जीएसटी कम किया तो क्या गरीब गाड़ी खरीदते हैं। इस दौरान मऊगंज जिला पूर्व जनपद अध्यक्ष बृजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि जीएसटी कम करने का बड़ा ड्रामा कर देश में जश्न मना रही है, डरी सहमी हुई सरकार के पास बेरोजगारों को लॉलीपॉप दिया है, श्री शुक्ल ने यह भी कहा कि आज देश में बेरोज़गारी और महंगाई पर चर्चा नहीं कर रहे हैं, जबकि पड़ोसी देश पाकिस्तान, श्रीलंका, नेपाल, बंग्लादेश उदाहरण है, देश में बेरोज़गारी का आलम है और लूट का जश्न मना रहे हैं। उन्होंन यह भी कहा कि देश में अब जागरुकता आ रही है। इस दौरान गुरु प्रसाद तिवारी, शिवेंद्र सिंह गहरवार, कृष्णा नंद पाण्डेय,रमेश सिंह, संजय सिंह, गहरवार, पुष्पेंद्र अग्निहोत्री ,जगदीश वर्मा,अजय वर्मा , सहित कई अन्य लोगों शामिल रहे।

# आत्मनिर्भर भारत केवल एक नारा नहीं, बल्कि देश की आर्थिक, सामाजिक और सांस्कृतिक मजबूती का आधार : डॉ. अनिल पटेल

## आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान की तैयारी बैठक सम्पन्न



**आंचलिक डेस्क।** त्योंथर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत भारतीय जनता पार्टी मण्डल गढ़ी द्वारा रविवार को आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान की तैयारी बैठक का आयोजन किया गया। बैठक का संचालन मण्डल अध्यक्ष समीर सिंह जी के नेतृत्व में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर मुख्य वक्ता एवं प्रदेश मीडिया सह प्रभारी डॉ. अनिल पटेल ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को जन-जन तक पहुँचाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि आत्मनिर्भर भारत केवल एक नारा नहीं, बल्कि देश की आर्थिक, सामाजिक और सांस्कृतिक मजबूती का आधार है। डॉ. पटेल ने आगामी कार्ययोजना पर विस्तार से चर्चा करते हुए कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करें, स्वदेशी उत्पादों के उपयोग को बढ़ावा दें और समाज में आत्मनिर्भरता का संदेश लेकर जाएँ। उन्होंने यह भी कहा कि प्रत्येक कार्यकर्ता को स्थानीय स्तर पर जनसंपर्क और संवाद स्थापित कर अभियान को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभानी होगी। बैठक में उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं ने स्वदेशी अपनाकर आत्मनिर्भर भारत के निर्माण का संकल्प लिया और संगठन की नीतियों को धरातल तक पहुँचाने का संकल्प व्यक्त किया। इस अवसर पर मण्डल अध्यक्ष समीर सिंह सहित मण्डल पदाधिकारीगण, वरिष्ठ कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में उपस्थित कार्यकर्ताओं ने डॉ. अनिल पटेल के मार्गदर्शन में अभियान को सफल बनाने के लिए अपनी प्रतिबद्धता जताई।

# प्रजापिता ब्रह्माकुमारी महाविद्यालय में प्रेम, शांति व सद्भावना पर विचार मंथन



**नईगढ़ी, नि.प्र.।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी महाविद्यालय संस्थान में वैश्विक संस्कृति में प्रेम, स्नेह और सद्भावना की भूमिका विषय पर विचार मंथन आयोजित हुआ। संस्था प्रमुख ने कहा कि राष्ट्र निर्माण का मूल मंत्र प्रेम व सद्भावना है और मीडिया की भूमिका इसमें महत्वपूर्ण है। कार्यक्रम में पत्रकार संपति दास गुप्ता, आलोक शर्मा, टी.एन. मिश्रा, संजीव द्विवेदी, विजय जायसवाल, विपिन पांडे, आशीष शुक्ला, प्रमोद साकेत व कुलदीप कुशवाहा ने विचार रखे। एसडीओपी सची पाठक, थाना प्रभारी संदीप भारती व महिला डेस्क प्रभारी प्रज्ञा पटेल ने युवाओं को नशामुक्त जीवन का संदेश दिया। अंत में पत्रकारों को सम्मानित किया गया।

# नवदुर्गा उत्सव समिति टीकर में हो रही आदि शक्ति की आराधना



**गोविन्दगढ़ ब्यूरो।** नव दुर्गा उत्सव समिति टीकर द्वारा इण्ड़ियन बैंक के पास आदि शक्ति मां दुर्गा की स्थापना की गई हैं जिसे लेकर मां के भक्तो में बड़ा ही उत्साह देखने को मिल रहा हैं। टीकर इण्ड़ियन बैंक के पास कई वर्षो से मां दुर्गा की मूर्ति स्थापित की जा रही हैं। इस वर्ष पंडा पप्पू पाण्डेय को बनाया गया जबकि पंण्ड़ित नारायण द्विवेदी हैं। रोजना भजन कीर्तिन के साथ रामायण का पाठ भी किया जाता हैं। नवदुर्गा उत्सव समिति टीकर में आए दिन कुछ न कुछ विशेष आयोजन होते ही रहते हैं जिसे लेकर भक्तो में बड़ा ही उत्सव रहता हैं।

# शारदेय नवरात्रि पर शीतला धाम गड़बड़ा में हजारों भक्तों ने किए दर्शन

**हनुमना, नि.प्र.।** हनुमना नगर से लगभग 30 किलोमीटर दूर पहाड़ के नीचे गड़बड़ा धाम में बहुत ही प्राचीन मां शीतला का मंदिर है जहां पर दूर-दूर से भक्त नवरात्रि के बाद भी आते रहते हैं। माता के दर्शन करने पश्चात मां शीतला की महारानी मनचाहा वरदान भक्तों को देती है और भक्त लोग मान्यता पूरी होने पर माता को विभिन्न प्रकार से भोग पूरी हलवा भंडारा आदि प्रसाद चढ़ाते हैं और और प्रसाद वितरण भी करते हैं जिसकी महिमा सुनकर खटखरी ग्राम पंचायत के मंडलम अध्यक्ष राजू गुप्ता, शाहपुर मंडलम अध्यक्ष दिनकर राल्ही, समाजसेवी दिलीप गुप्ता, राजेश गुप्ता, श्रीकांत गुप्ता सहित हजारों ग्रामीण भक्तों ने मां के दर्शन कर अपना मांथा टेका।



# दुआरी में सार्वजनिक रूप से सुनी गई पीएम के मन की बात



## भरे गए स्वदेशी संकल्प पत्र

**गुढ़ ( नि.प्र )।** देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात के 126वें एपिसोड का सार्वजनिक प्रसारण भाजपा मंडल गुढ़ के अंतर्गत बूथ क्रमांक 246 दुआरी में माँ शारदा पेट्रोल पंप पर किया गया। इस अवसर पर भाजपा मंडल गुढ़ के अध्यक्ष एड.अनंत कुमार गुप्ता विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम के बाद आत्मनिर्भर भारत के लिए स्वदेशी संकल्प पत्र भरे गए तथा उपस्थित जनों को स्वदेशी वस्तुओं के उपयोग हेतु शपथ दिलाई गई। इस कार्यक्रम में मंडल के कई पदाधिकारी, बूथ अध्यक्ष एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता मौजूद रहे। ज्ञात हो कि मंडल गुढ़ के अंतर्गत मन की बात का प्रसारण नियमित रूप से सभी बूथों पर किया जाता है तथा उसकी रिपोर्टिंग संगठन ऐप के माध्यम से की जाती है।

आज के एपिसोड के प्रसारण में प्रमुख रूप से भाजपा मंडल गुढ़ अध्यक्ष एड. अनंत कुमार गुप्ता, पूर्व मंडल अध्यक्ष अरुण सिंह गहरवार, लक्ष्मीकांत शुक्ला, चेतमणि अग्निहोत्री, रामायण प्रसाद अग्निहोत्री, अनिल सिंह गहरवार, बी.के. पाण्डेय,सनत कुमार शुक्ला, प्रभात तोमर, संजय मिश्रा, सच्चिदानंद शर्मा, राजबहोर कुशवाहा, गुलाब सिंह, धीरू शुक्ला, प्रांजल अग्निहोत्री, विंकू सिंह, दिनेश तिवारी, बाबूलाल पटेल, सीताराम वर्मा, सुदीप जायसवाल, नंदलाल बंसल, अखिलेश साकेत, अजीत साकेत, गोकुल साकेत, रामकरण कोल, रमेश साकेत, दिलीप यादव, शियाशरण कुशवाहा, रिंकू साकेत सहित सैकड़ों कार्यकर्ता एवं आमजन उपस्थित रहे।

# नईगढ़ी तहसीलदार सुनील द्विवेदी को मिली सराहना



**नईगढ़ी, नि.प्र.।** मऊगंज जिले में मुख्यमंत्री के गरिमामयी आगमन पर आयोजित भव्य कार्यक्रम 7 सितम्बर को सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस अवसर पर कॉलेज स्टेडियम परिसर, देवतालाब में विकास कार्यों का लोकार्पण, भूमिपूजन एवं हितग्राहियों को सामग्री वितरण का कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री सहित वरिष्ठ जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों तथा बड़ी संख्या में आमजन ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। उपस्थित जनसमूह द्वारा कार्यक्रम की भूरि-भूरि प्रशंसा की गई। कार्यक्रम की सुचारू व्यवस्था एवं सफलता में तहसीलदार सुनील कुमार द्विवेदी और उनकी टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही। इस योगदान के लिए कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी संजय कुमार जैन (आई.ए.एस.) ने श्री द्विवेदी को प्रशस्ति पत्र भेजकर उनके कार्यों की सराहना की है। पत्र में उल्लेख किया गया है कि आपको सौंपी गई जिम्मेदारियों का कुशल निर्वहन, बेहतर समन्वय एवं उत्कृष्ट कार्य हेतु आप और आपकी टीम प्रशंसा की पात्र है। यह सम्मान मिलने पर तहसीलदार सुनील कुमार द्विवेदी ने कहा कि यह उपलब्धि उनकी पूरी टीम की मेहनत और सहयोग का परिणाम है।

# विद्युत एवं सुरक्षा व्यवस्था सुधारने किया मंथन



**सेमरिया, नि.प्र.।** सेमरिया नगर परिषद सेमरिया मे विगत दिनों विद्युत व्यवस्था और सुरक्षा व्यवस्था को लेकर बैठक का अयोजन किया गया। बैठक में सेमरिया थाना से थाना प्रभारी विकास कपीस और विद्युत विभाग से जेई और नगर परिषद अध्यक्ष गीता अविनाश सोनी एवं नगर परिषद सीएमओ निधि सिंह राजपूत और उपाध्यक्ष मुरलीधरशर्मा सहित अन्य पार्षदों की उपस्थिति रही, जिसमें दोनों अधिकारियों ने अतिशीघ्र व्यवस्था को सुधारने का आश्वासन दिया एवं सड़कों से अतिक्रमण खत्म करने के लिए भी आवश्यक चर्चा की गई। साथ ही थाना प्रभारी ने कहा कि नगर मे किसी प्रकार के अपराध की जानकारी मिले तो पुलिस को सूचना दें। बैठक मे पार्षद वार्ड क्र 2 दिलशेर खान, पार्षद वार्ड क्र 8 विजय गुप्ता, पार्षद वार्ड क्र 9 मोबीन खान, पार्षद वार्ड क्र 13 प्रतिनिधि और वार्ड के अन्य पार्षद प्रतिनिधि और अशोक शामिल हुए।

# सेवा सहकारी समिति अतरैला की वार्षिक साधारण सभा 30 को

**जवा ब्यूरो।** सेवा सहकारी समिति मर्यादित अतरैला शाखा जवा में वार्षिक साधारण आम सभा का आयोजन 30 सितंबर को दोपहर 12 बजे किया गया है। उक्त जानकारी देते हुए समिति प्रबंधक अतरैला नरेन्द्र मिश्रा ने बताया कि बैठक की अध्यक्षता प्रशासक राम निधि कोल जवा करेंगे, साधारण आम सभा बैठक में पिछली कार्यवाही का वाचन, खाद बीज उपलब्धता, किसान क्रेडिट कार्ड सहित अन्य बिंदुओं पर चर्चा कर प्रस्ताव पारित किया जायेगा। उन्होंने समिति के समस्त किसानों से वार्षिक साधारण आम सभा में भाग लेने की अपील की है।

# स्वस्थ नारी सशक्त परिवार : आयोजित स्वास्थ्य शिविर में 107 मरीजों की जांच एवं उपचार



**मऊगंज ब्यूरो।** सेवा पखवाड़ा के तहत स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान अन्तर्गत प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र देवतालाब में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 42 गर्भवती महिलाओं की जांच की गयी तथा 15 महिलाओं की ब्लड प्रेशर व डायबिटीज की जांच हुई। इस दौरान 35 किशोरी बालिकाओं की एनीमिया की जांच की गयी। शिविर में 6 नेत्र रोगियों तथा अन्य 9 रोगियों के स्वास्थ्य की जांच की गयी। शिविर में डॉ. प्रद्युम्न शुक्ला, डॉ. लक्ष्मण पटेल, डॉ. पंकज पाण्डेय, डॉ. सुदीप तिवारी, डॉ. रामदरस साकेत तथा डॉ. अर्पिता सिंह ने मरीजों की जांच कर उन्हें समुचित उपचार उपलब्ध कराया।

# ग्राम पंचायत कल्याणपुर के सरपंच निजी मद से करा रहे सड़क निर्माण

**जवा ब्यूरो।** जनपद पंचायत जवा अंतर्गत ग्राम पंचायत कल्याणपुर के सरपंच सुरेन्द्र सिंह के द्वारा एक ओर जहां गरीब कन्याओं का विवाह, गया धाम के लिए बस उपलब्ध कराना सहित अन्य नेक कार्य निरंतर किया जा रहा है। वहीं मुख्य मार्ग खभरिहा से मिश्रान टोला दूरी 900मीटर सड़क निर्माण का कार्य अपने निजी पूंजी लगाकर कराया जा रहा है, जैसे नेक कार्य की ग्रामीणों द्वारा भरपूर सराहना की जा रही है। ज्ञात हो कि ग्राम पंचायत कल्याणपुर का मिश्रान टोला विगत 80वर्षो से रास्ता विहीन था, सड़क न होने से ग्रामीणों को आने जाने में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता था, जिस पर सरपंच सुरेन्द्र सिंह ने सांसद विधायक सहित बगैर किसी तरह के शासकीय मद के निजी पूंजी लगाकर सड़क निर्माण का कार्य कराया जा रहा है, जो समाज के लिए एक अनुकरणीय उदाहरण है। इस संबंध में सरपंच सुरेन्द्र सिंह का कहना है कि मिश्रान टोला में आने जाने के लिए सड़क नहीं थी। लोगों को आने-जाने के समस्या को देखते हुए अपनी निजी पूंजी से सड़क निर्माण का कार्य कराया जा रहा है जिससे ग्रामीणों को समुचित आवागमन उपलब्ध हो सके।



# केंद्र सरकार जीएसटी को पहले बढ़ाकर फिर थोड़ा बहुत घटाकर जनता को कर रही गुमराह : राजू गुप्ता

## जीएसटी को लेकर खटखरी में हुई सामूहिक बैठक



**हनुमना, नि.प्र.।** पूर्व कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष एवं कांग्रेस खटखरी के मंडलम अध्यक्ष राजू गुप्ता के नेतृत्व में खटखरी बाजार के विभिन्न दुकानों में व्यापारियों के साथ सामूहिक बैठक की गई जिसमें कांग्रेस के मंडलम अध्यक्ष राजू गुप्ता ने केंद्र सरकार की निंदा करते हुए कहा कि भोली भाली व्यापारियों के साथ सौतेला व्यवहार कर रही है। उन्होंने आगे कहा कि कांग्रेस पार्टी हमेशा से एक ही दर का आसान पारदर्शी और सरल जीएसटी चाहती थी लेकिन भाजपा सरकार ने मल्टी स्लैब जीएसटी लागू कर पांच प्रतिशत, 12प्रतिशत, 18प्रतिशत और 28 प्रतिशत जैसी जटिल दरें थोप दिया, इसके कारण आम जनता और व्यापारी वर्ग को भारी नुकसान उठाना पड़ा है, आज उन्हें सुधारों को उत्सव बता कर जनता को गुमराह किया जा रहा है, मऊगंज जिले के साथ-साथ प्रदेश तक जीएसटी को लेकर चर्चाएं हो रही है। व्यापारियों से कांग्रेस के पदाधिकारी कि इस बैठक में चर्चा हो रही है कि आखिर केंद्र सरकार जीएसटी को बढ़ाकर और थोड़ा बहुत घटाकर जनता को गुमराह कर रही है। इस बैठक में मुख्य रूप से कांग्रेस पार्टी के मंडलम अध्यक्ष रज्जू गुप्ता खटखरी, गिरजा प्रसाद गुप्ता, रमेश हार्डवेयर, प्रदीप शर्मा, अमन जयसवाल, दिलीप गुप्ता गुड्डू गुप्ता, राजेश गुप्ता, छोटू हलवाई गुप्ता, महेंद्र गुप्ता, अशोक गुप्ता, सैलू गुप्ता, होंडा एजेंसी के साथ अनेक व्यापारी एवं कांग्रेस जन उपस्थित रहे।

# स्पिनर्स के बाद तिलक ने लिखी जीत की कहानी

## टी-20 में पाकिस्तान के खिलाफ लक्ष्य का पीछा करते हुए कभी नहीं हारा भारत, अंतिम ओवर में जीता मैच

जेएनएन, दुबई

तिलक वर्मा ने नाबाद अर्धशतक लगाकर 'संकटमोचक' की भूमिका निभाई और बेहद रोमांचक फाइनल मुकाबले में रविवार को भारत ने चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान का एक बार फिर मानमर्दन करते हुए पांच विकेट से हराकर नौवीं बार एशिया कप जीता। भारत को आखिरी ओवर में दस रन की जरूरत थी और विवादों से घिरे रहने वाले पाकिस्तान के तेज गेंदबाज हारिस रऊफ के हाथ में गेंद थी। तिलक ने दूसरी गेंद पर छक्का लगाया और चौथी गेंद पर रिंकू सिंह ने चौका जड़कर स्टेडियम में मौजूद भारतीय दर्शकों के साथ टीवी के आगे नजरें गड़ाए बैठे प्रशंसकों को जश्न में सराबोर कर दिया। जीत के लिए 147 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत की शुरुआत खराब रही थी और पहले पांच ओवर में 20 रन के भीतर तीन विकेट गिर गए थे। इसके बाद तिलक ने एक मोर्चा संभालकर 53 गेंद में नाबाद 69 रन बनाए, जबकि संजू सैमसन (24) और शिवम दुबे (21 गेंद में 33 रन) ने उनका पूरा साथ दिया। फाइनल से पहले मैदान से बाहर के तनाव के बीच सूर्यकुमार यादव और कोच गौतम गंभीर की इस टीम ने फॉर्म में चल रहे बल्लेबाजों के जल्दी आउट होने के बावजूद बेखौफ खेल दिखाया और दबाव को हावी नहीं होने दिया। पहले कुलदीप यादव ने चार विकेट लेकर पाकिस्तान को 19.1 ओवर में 146 रन पर समेट दिया और उसके बाद तिलक ने अपनी पारी से टीम को जीत तक पहुंचाया। उन्होंने सैमसन के साथ 57 और दुबे के साथ 64 रन की साझेदारी की। मैच का निर्णायक पल रऊफ का 15वां ओवर था, जिसमें भारतीय बल्लेबाजों ने 17 रन निकाले। सुपर 4 चरण में भारतीय प्रशंसकों को भड़काऊ इशारे करने वाले रऊफ ने 3.4 ओवर में 50 रन दे डाले और उन्हें कोई विकेट भी नहीं मिला। इससे पहले अभिषेक शर्मा (पांच) जल्दी आउट हो गए। पाकिस्तान के लिए नई गेंद संभालने वाले शाहीन शाह अफरीदी और फहीम अशरफ ने धीमी गेंदें डाली जिसका फायदा मिला। सूर्यकुमार (एक) और शुभमन गिल (12) के आउट होने के बाद भारतीय खेमे में सन्नाटा पसर गया। इसके बाद संजू और तिलक ने पारी को संभाला। संजू ने सैम अयूब को छक्का जड़ा, लेकिन अबरार की गेंद पर विकेट गंवा बैठे। इससे पहले कुलदीप यादव की अगुआई में स्पिन तिकड़ी के शानदार प्रदर्शन की मदद से भारत ने पाकिस्तान को 19.1 ओवर में 146 रन पर आउट कर दिया।




**प्लेयर ऑफ द मैच : तिलक वर्मा**
**प्लेयर ऑफ द सीरीज : अभिषेक**

### स्पिनर्स ने कराई टीम इंडिया की वापसी

पाकिस्तान ने आक्रामक शुरुआत की। सलामी बल्लेबाज साहिबजादा फरहान (38 गेंद में 57 रन) और फखर जमान (35 गेंद में 46 रन ) ने दसवें ओवर तक 84 रन की साझेदारी कर ली थी। आखिरी दस ओवर में हालांकि भारतीय स्पिनरों ने उन्हें पूरी तरह दबाव में ला दिया। कुलदीप ने चार ओवर में 30 रन देकर चार विकेट लिए, जबकि अक्षर पटेल ने चार ओवर में 26 और वरुण चक्रवर्ती ने 30 रन देकर दो दो विकेट चटकाए। एक समय पर पाकिस्तान का स्कोर एक विकेट पर 113 रन था, जब फखर और अयूब क्रीज पर थे। इसके बाद पाकिस्तानी पारी ताश के पत्तों की तरह ढह गई। भारत ने आखिरी नौ विकेट 33 रन के भीतर चटका दिए। जसप्रीत बुमराह ने 3.1 ओवर में 25 रन देकर दो विकेट लिए। बुमराह ने 20वें ओवर की पहली गेंद पर हारिस रऊफ को बोल्ड करने के बाद विमान गिरने के जैसा इशारा करते हुए उन्हें विदाई दी। पिछले मैच में रऊफ ने भारतीय प्रशंसकों की ओर भड़काऊ इशारे किए थे। भारतीय स्पिनरों ने आखिरी दस ओवरों में मैच की तस्वीर पलट दी। सभी ने धीमी गेंदबाजी करते हुए बाहर की तरफ गेंदें डाली।

- पुरुषों के टी-20 में पाकिस्तान के खिलाफ लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत ने अब तक एक भी मैच नहीं हारा है। यह किसी भी टीम का सबसे ज्यादा मैचों में 100 प्रतिशत जीत का रिकॉर्ड है।
- भारत के पहले तीन विकेट सिर्फ 20 रन पर गिरे और उन्हें तब 127 रनों की जरूरत थी। यह पुरुषों के टी-20 में पहले तीन विकेट जल्दी गिरने के बाद भारत का दूसरा सबसे बड़ा सफल रनचेज है। इस मामले में रिकॉर्ड 2022 टी-20 विश्व कप में पाकिस्तान के खिलाफ 134 रन का है, जब वे 160 रन का पीछा करते हुए 26 पर तीन विकेट खो चुके थे।
- कुलदीप यादव ने टी-20 में चार या उससे ज्यादा विकेट पांच बार लिए हैं, जो भारत के लिए भुवनेश्वर कुमार के साथ संयुक्त रूप से सबसे ज्यादा है। रविवार को कुलदीप के चार विकेटों में से तीन विकेट उनके आखिरी ओवर में आए। यह पांचवीं बार था, जब उन्होंने एक ओवर में तीन (या उससे ज्यादा) विकेट लिए हों। पुरुषों के टी-20 में केवल राशिद खान (6) ने कुलदीप से ज्यादा बार ऐसा किया है।
- पाकिस्तान का स्कोर पहला दो विकेट गिरने के बाद 113 रन था, लेकिन इसके बाद वे 150 से भी कम स्कोर पर आउट हो गए। यह पुरुषों के टी-20 में किसी भी टीम का 150 से कम के स्कोर पर ऑलआउट होने का सबसे बड़ा स्कोर है।
- पाकिस्तान के आखिरी आठ विकेट ने सिर्फ 33 रन जोड़े, जो पुरुषों के टी-20 में उनका अब तक का सबसे न्यूनतम रिकॉर्ड है। उनका पिछला न्यूनतम 56 रन था, जो उन्होंने पिछले साल होबार्ट में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बनाए थे।

"वर्ल्ड कप जीतने के बाद इस टीम में जगह बनाना आसान नहीं था। अगर आप इस तरह का खेल खेलना चाहते हैं, तो इसके लिए आपको कप्तान और कोच से सहायता की जरूरत होती है और मुझे उनसे भरपूर सहयोग मिला। प्रोसेस को फॉलो करना जरूरी है। मेरी यही योजना थी कि पावरप्ले को भुनाना जरूरी है और गेंदबाजड कोई भी हो मैं पहली गेंद से आक्रमण करूंगा।

**- अभिषेक शर्मा**, प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट

"यह एक सुखद अनुभव है, खासकर हम बिना एक भी मैच हारे टूर्नामेंट जीते हैं। ड्रेसिंग रूम से संदेश यही था कि जितना हो सके मैच को डीप ले जाना है, क्योंकि लक्ष्य अधिक नहीं था और हमने शुरुआत में विकेट भी गंवा दिए थे। लेकिन पहले संजू ने तिलक का साथ दिया और फिर शिवम ने भी बेहतरीन बल्लेबाजी की। अंतिम तीन ओवर में जीत के लिए 30 रन चाहिए थे, पैनिक जैसी स्थिति नहीं थी, लेकिन गेम किसी तरफ झुक सकता था। बाउंड्री बड़ी थी, इसलिए बड़े हिट्स लगाना जरूरी था। **- शुभमन गिल**

"हमने बेहतरीन गेंदबाजी की। अगर हमने बल्लेबाजी में अच्छा फिनिश किया होता तो आज कहानी कुछ और हो सकती थी। हमने बल्लेबाजी में स्ट्राइक रोटेट नहीं किया और लगातार अंतराल पर विकेट गंवाए। लेकिन हमें अपनी बल्लेबाजी ठीक करनी होगी। उन्होंने बहुत अच्छी गेंदबाजी की और इसके लिए हमें विपक्षी टीम को श्रेय देना होगा। मुझे अपनी टीम पर गर्व है और हम अधिक मजबूती के साथ वापस आएंगे।

**- सलमान आगा**, कप्तान, पाकिस्तान

- भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव का खराब फॉर्म फाइनल में भी देखने को मिला। पिछली चार पारियों में भारत के टी-20 कप्तान के स्कोर 0, 5, 12 और 1 रहे हैं।

**एशिया कप में सबसे ज्यादा विकेट**

| | |
|---|---|
| कुलदीप यादव | 36 |
| लसिथ मलिंगा | 33 |
| मुरलीधरन | 30 |
| रविंद्र जडेजा | 29 |
| शाकिब अल हसन | 28 |

- भारत ने अब तक पिछले पांच एशिया कप प्रतियोगिताओं में से चार और कुल मिलाकर नौ (सात वनडे और दो टी-20) जीते हैं। किसी भी टीम ने भारत से ज्यादा एशिया कप नहीं जीता है।
- भारत ने 2023 के बाद से बहुराष्ट्रीय टूर्नामेंटों में 17 टी-20 इंटरनेशनल मैच खेले हैं। इसमें उसने सभी में जीत हासिल की है। भारत ने एशियाई खेल 2023 में दो, टी-20 विश्व कप 2024 में आठ और एशिया कप 2025 में सात मैच जीते।

**सबसे ज्यादा छक्के**
**अभिषेक शर्मा 19**
**सबसे ज्यादा चौके**
**अभिषेक शर्मा 32**
**सबसे ज्यादा अर्धशतक**
**अभिषेक शर्मा 03**



**सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज (शीर्ष तीन)**

| देश | खिलाड़ी | मैच | औसत | रन |
|---|---|---|---|---|
| भारत | अभिषेक शर्मा | 07 | 44.85 | 314 |
| श्रीलंका | पथुम निसांका | 06 | 43.50 | 261 |
| पाकिस्तान | फरहान | 07 | 31.00 | 217 |

**सर्वाधिक रन बनाने वाले गेंदबाज (शीर्ष तीन)**

| देश | खिलाड़ी | मैच | विकेट |
|---|---|---|---|
| भारत | कुलदीप यादव | 07 | 17 |
| पाकिस्तान | शाहीन अफरीदी | 07 | 10 |
| यूएई | जुनैद सिद्दीकी | 03 | 09 |

**टूर्नामेंट में सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी**

| देश | खिलाड़ी | विकेट |
|---|---|---|
| भारत | कुलदीप यादव | 7/4 |
| यूएई | जुनैद सिद्दीकी | 18/4 |
| श्रीलंका | नुवान तुषारा | 18/4 |





**टूर्नामेंट में सर्वश्रेष्ठ व्यक्तिगत स्कोर**

| देश | खिलाड़ी | रन |
|---|---|---|
| श्रीलंका | पथुम निसांका | 107 |
| भारत | अभिषेक शर्मा | 75 |
| भारत | अभिषेक शर्मा | 74 |

## एसीसी प्रमुख नकवी से ट्रॉफी लेने से इनकार

भारतीय टीम ने एशियाई क्रिकेट परिषद (एसीसी) के अध्यक्ष और पाकिस्तान के मंत्री मोहसिन नकवी से एशिया कप विजेता की ट्रॉफी लेने से इनकार कर दिया। इसके बाद क्लोजिंग सेरेमनी नहीं हुई। फाइनल से पहले ही अटकलें लगाई जा रही थी कि भारतीय खिलाड़ी जीतने पर नकवी से ट्रॉफी नहीं लेंगे। नकवी पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के अध्यक्ष और अपने देश के गृहमंत्री भी हैं और भारत विरोधी रवैये के लिए जाने जाते हैं। एसीसी अध्यक्ष होने के नाते उन्हें विजयी टीम को ट्रॉफी देनी है और दोनों टीमों से हाथ भी मिलाना है। भारतीय टीम ने हालांकि पाकिस्तान की ओर से किसी से भी हाथ नहीं मिलाने और मैदान से इतर कोई बातचीत नहीं करने की नीति अपनाई है।



### स्कोर बोर्ड

**पाकिस्तान: 146/10 (19.1 ओवर)**

| | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| फरहान का. तिलक बो. वरुण | 57 | 38 | 5 | 3 |
| जमान का. कुलदीप बो. वरुण | 46 | 35 | 2 | 2 |
| अयूब का. बुमराह बो. कुलदीप | 14 | 11 | 2 | 0 |
| हारिस का. रिंकू बो. अक्षर | 0 | 2 | 0 | 0 |
| सलमान का. सैमसन बो. कुलदीप | 8 | 7 | 0 | 0 |
| हुसैन तलत का. सैमसन बो. अक्षर | 1 | 2 | 0 | 0 |
| मोहम्मद नवाज का. रिंकू बो. बुमराह | 6 | 9 | 0 | 0 |
| शाहीन पगबाधा बो. कुलदीप | 0 | 3 | 0 | 0 |
| अशरफ का. तिलक बो. कुलदीप | 0 | 2 | 0 | 0 |
| हारिस रउफ बो. बुमराह | 6 | 4 | 1 | 0 |
| अबरार अहमद नाबाद | 1 | 2 | 0 | 0 |

**अतिरिक्त:** 7, कुल: 19.1 ओवर में 146 रन पर सभी आउट, **विकेट पतन:** 1-84, 2-113, 3-114, 4-126, 5-131, 6-133, 7-134, 8-134, 9-141, 10-146, **गेंदबाजी:** शिवम दुबे 3-0-23-0, बुमराह 3.1-0-25-2, वरुण चक्रवर्ती 4-0-30-2, अक्षर पटेल 4-0-26-2, कुलदीप यादव 4-0-30-4, तिलक वर्मा 1-0-9-0,

**भारत: 150/5 (19.4 ओवर)**

| | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| अभिषेक का. रउफ बो. अशरफ | 5 | 6 | 1 | 0 |
| गिल का. रउफ बो. अशरफ | 12 | 10 | 1 | 0 |
| सूर्यकुमार का. सलमान बो. शाहीन | 1 | 5 | 0 | 0 |
| तिलक वर्मा नाबाद | 69 | 53 | 3 | 4 |
| सैमसन का. फरहान बो. अबरार | 24 | 21 | 2 | 1 |
| शिवम का. शाहीन बो. अशरफ | 33 | 22 | 2 | 2 |
| रिंकू सिंह नाबाद | 4 | 1 | 1 | 0 |

**अतिरिक्त:** 2, कुल: 19.4 ओवर में 5 विकेट पर 150 रन, **विकेट पतन:** 1-7, 2-10, 3-20, 4-77, 5-137, **गेंदबाजी:** शाहीन अफरीदी 4-0-20-1, फहीम अशरफ 4-0-29-3, मोहम्मद नवाज 1-0-6-0, राउफ 3.4-0-50-0, अबरार अहमद 4-0-29-1, अयुब 3-0-16-0.

## खेल एक नजर

### इशान किशन को लगातार दूसरी बार मिली झारखंड टीम की कमान

**रांची, जेएनएन।** विकेटकीपर बल्लेबाज इशान किशन को एक बार फिर 2025-26 के आगामी रणजी सीजन के लिए झारखंड क्रिकेट टीम की कमान सौंपी गई है।



अनुभवी बल्लेबाज विराट सिंह को टीम का उपकप्तान नियुक्त किया गया है। यह लगातार दूसरा साल है, जब किशन को झारखंड टीम की कप्तानी सौंपी गई है। पिछले सीजन किशन ने कुल चार मैचों में कप्तानी की थी, जिसमें दो मैच ड्रॉ हुए थे और दो मैचों में झारखंड की टीम को जीत मिली थी। हालांकि टीम नॉकआउट चरण तक पहुंचने में सफल नहीं हो पाई थी। किशन इस घरेलू सीजन की शुरुआत में चोट के कारण दलीप ट्रॉफी का पहला मैच भी नहीं खेल पाए थे। वह नॉटिंघमशायर के साथ काउंटी कार्यकाल के दौरान इंग्लैंड में चोटिल हुए थे।

### जूनियर विश्व कप: अनुष्का का दूसरा स्वर्ण, एड्रियन को रजत

**नई दिल्ली, जेएनएन।** उभरती हुई निशानेबाज अनुष्का ठोकुर ने रविवार को आईएसएसएफ जूनियर विश्व कप में महिलाओं की 50 मीटर राइफल थ्री पोजिशंस स्पर्धा में शीर्ष स्थान हासिल कर दूसरा स्वर्ण जीता, जबकि एड्रियन करमाकर ने इसी स्पर्धा के पुरुष वर्ग में रजत पदक हासिल किया। इससे भारत के पदकों की संख्या




13 हो गई है, जिसमें चार स्वर्ण, छह रजत और तीन कांस्य पदक शामिल हैं। व्यक्तिगत तटस्थ एथलीट (एआईएन) तीन स्वर्ण, एक रजत और दो कांस्य पदक से दूसरे स्थान पर है, जबकि इटली दो स्वर्ण और एक रजत पदक के साथ तीसरे स्थान पर है। 18 साल की अनुष्का ने चार दिन में जूनियर विश्व कप में अपना दूसरा स्वर्ण पदक जीता। उन्होंने प्रतियोगिता के पहले दिन महिलाओं की 50 मीटर राइफल प्रोन स्पर्धा में शीर्ष स्थान हासिल किया था। जूनियर पुरुषों की थ्रीपी स्पर्धा में घरेलू निशानेबाज एड्रियन ने फाइनल में 454.8 अंक से रजत पदक जीता।

#### पहली बार आईसीसी के पूर्ण सदस्य के खिलाफ जीत, नेपाल के 148 रन के जवाब में विंडीज 129/9 बना पाई

## दो बार की विश्व चैंपियन वेस्टइंडीज को टी-20 में हराकर नेपाल ने रचा इतिहास

**शारजाह, जेएनएन।** नेपाल ने दो बार के विश्व चैंपियन वेस्टइंडीज को पहले टी-20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में 19 रन से हराकर आईसीसी के किसी पूर्ण सदस्य देश के खिलाफ पहली जीत दर्ज करके इतिहास रच दिया। नेपाल ने इससे पहले 2014 में अफगानिस्तान को हराया था, लेकिन उस समय वह एसोसिएट सदस्य था। यह परिणाम अंतराष्ट्रीय स्तर पर नेपाल की अब तक की सबसे बड़ी जीत थी और यह जीत कैरेबियाई टीम के खिलाफ उनके पहले टी-20 मुकाबले और किसी पूर्ण सदस्य के खिलाफ पहली द्विपक्षीय सीरीज में आई। बल्लेबाजी का न्योता मिलने पर नेपाल ने आठ विकेट पर 148 रन बनाए और फिर वेस्टइंडीज को नौ विकेट पर 129 रन पर रोक दिया। अकील हुसैन और जेसन होल्डर के शुरुआती झटकों से वेस्टइंडीज ने चौथे ओवर में नेपाल का स्कोर दो विकेट पर 12 रन कर दिया। कप्तान रोहित पोडेल (38) और कुशल मल्ला (30) ने 58 रन की साझेदारी करके नेपाल की पारी को संभाला, लेकिन नवीन बिदाईसी ने




दोनों को जल्दी-जल्दी आउट कर दिया। दीपेंद्र सिंह ऐरी (24) और गुलशन झा (22) ने भी उम्दा पारियां खेली। होल्डर ने 19वें ओवर में तीन विकेट चटकाए। उन्होंने कुल चार, जबकि नवीन ने तीन विकेट लिए। जवाब में वेस्टइंडीज की शुरुआत खराब रही। कुशल भुर्तेल ने काइल मायर्स (05) को रनआउट किया। अकीम ऑगस्टे (15) ने दो छक्कों के साथ पलटवार किया, लेकिन नेपाल के स्पिनरों ने जल्द ही रन गति पर ब्रेक लगा दिया। ललित राजवंशी (छह रन पर एक विकेट) और पोडेल (20 रन पर एक विकेट) ने बीच के ओवरों में कसी हुई गेंदबाजी की, जिससे वेस्टइंडीज की पारी लड़खड़ा गई। ऐरी ने कीसी कार्टी (16) को रनआउट किया। होल्डर (05) के भुर्तेल (17 रन पर दो विकेट) की गेंद पर सस्ते में आउट होने के साथ ही कैरेबियाई टीम की जीत की उम्मीदें धूमिल हो गईं। हुसैन (18) और फैबियन एलेन (19) ने नेपाल की जीत के अंतर को कम किया लेकिन वेस्टइंडीज को हार से नहीं बचा पाए।

## मिथुन मन्हास बीसीसीआई के 37वें अध्यक्ष, रोजर बिन्नी की जगह लेंगे

**मुंबई, जेएनएन।** दिल्ली के पूर्व कप्तान मिथुन मन्हास को रविवार को भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के मुख्यालय में उसकी 94वीं वार्षिक आम बैठक (एजीएम) के दौरान निर्विरोध अध्यक्ष चुना गया, जबकि बोर्ड के सचिव देवजीत सैकिया सहित अन्य सदस्य भी निर्विरोध चुने गए। मन्हास (45 वर्ष) बोर्ड के 37वें अध्यक्ष बने। उन्होंने रोजर बिन्नी की जगह ली, जिन्होंने पिछले महीने 70 वर्ष की आयु पूरी करने के बाद पद से इस्तीफा दे दिया था। मन्हास बिन्नी और पूर्व कप्तान सौरव गांगुली के बाद बोर्ड के अध्यक्ष बनने वाले लगातार तीसरे प्रथम श्रेणी क्रिकेटर हैं। पूर्व ऑलराउंडर मन्हास ने 1997-98 और 2016-17 के बीच 157 प्रथम श्रेणी, 130 लिस्ट-ए और 55 आईपीएल मैच खेले। उनके प्रथम श्रेणी में 27 शतक सहित 9,714 रन और लिस्ट ए में 4,126 रन है। नामांकन के अंतिम दिन से पहले 20 सितंबर को नई दिल्ली में बोर्ड के शीर्ष अधिकारियों की एक अनौपचारिक बैठक के बाद वह पद




के दावेदार के रूप में उभरे थे। उन्होंने कुप्रबंधन के कारण जम्मू-कश्मीर राज्य क्रिकेट संघ (जेकेसीए) के मामलों के प्रबंधन के लिए बीसीसीआई द्वारा गठित तीन सदस्यीय तदर्थ समिति के निदेशक के रूप में भी काम किया। एजीएम में कुछ और अहम नियुक्तियों की भी पुष्टि की गई। बीसीसीआई सचिव सैकिया और आईपीएल संचालन परिषद के अध्यक्ष अरुण धूमल को उनके पद पर बरकरार रखा गया है।

## बुल्गारिया के रुझदी ने विश्व रिकॉर्ड के साथ लगातार छठा स्वर्ण पदक जीता

**नई दिल्ली, जेएनएन।** बुल्गारिया के रुझदी ने रविवार को विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप की पुरुष गोला फेंक एफ55 स्पर्धा में विश्व रिकॉर्ड थ्रो के साथ लगातार छठा स्वर्ण पदक जीता। 34 साल के रुझदी ने अपने छठे और अंतिम प्रयास में 12.94 मीटर की दूरी के साथ 12.68 मीटर के अपने ही पिछले विश्व रिकॉर्ड में सुधार किया, जो उन्होंने पेरिस में 2023 विश्व चैंपियनशिप के दौरान बनाया था। इस स्पर्धा में खिलाड़ी बैठकर प्रतिस्पर्धा करते हैं, क्योंकि उनके निचले अंग काम नहीं करते। रुझदी एक कार दुर्घटना में घायल हो गए थे, जिसके कारण कमर के नीचे का उनका शरीर काम नहीं करता। उन्होंने 2015 में दोहा से विश्व चैंपियनशिप के प्रत्येक सत्र में स्वर्ण पदक जीता है। उन्होंने तीसरी बार विश्व रिकॉर्ड प्रयास के साथ खिताब जीता। सर्बिया के नेबोसा ड्यूरिक ने 12.52 मीटर के निजी सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के साथ रजत, जबकि स्कॉटलैंड के लेच स्टोल्टमैन ने 12.02 मीटर के प्रयास से कांस्य पदक जीता। प्रतियोगिता के दूसरे दिन सुबह के सत्र में तीन विश्व रिकॉर्ड बने। मलेशिया के अब्दुल लतीफ रोमली ने पुरुष लंबी कूद टी20 स्पर्धा में 7.67 मीटर के प्रयास से स्वर्ण पदक की हैट्रिक बनाई, जबकि यूक्रेन के वोलोदिमिर पोनोमरेंको ने पुरष गोला फेंक टी12 स्पर्धा में 17.39 मीटर के नए राष्ट्रीय रिकॉर्ड के साथ खिताब अपने नाम किया। रोमली का लंबी कूद स्पर्धा में दबदबा रहा है।

## ईपीएल : क्रिस्टल पैलेस की लगातार 18वीं जीत, लीवरपूल की इस सत्र में पहली हार

#### मैनचेस्टर सिटी ने बर्नले को 5-1 से हराया, चेल्सी की भी लगातार दूसरी हार

**लंदन, जेएनएन।** एडी एनकेतिया के इंजरी टाइम के सातवें मिनट में दागे गोल की बदौलत क्रिस्टल पैलेस ने ईपीएल में लीवरपूल को 2-1 से हरा दिया। इस जीत के साथ क्रिस्टल पैलेस का अजेय अभियान 18 मैच तक पहुंच गया। टीम ने अप्रैल से कोई मैच नहीं गंवाया है। गत चैंपियन लीवरपूल की मौजूदा सत्र में यह पहली हार है। टीम ने अपने अभियान की शुरुआत लगातार पांच जीत के साथ की थी। अंक तालिका के शीर्ष पर लीवरपूल की बढ़त अब सिर्फ तीन अंक की रह गई है। क्रिस्टल पैलेस की टीम दूसरे स्थान पर है। चेल्सी को ब्राइटन के खिलाफ दूसरा लगभग पूरा हाफ 10 खिलाड़ियों के साथ खेलना पड़ा, जिससे उसे 1-3 से शिकस्त का सामना करना पड़ा। चेल्सी की यह लगातार दूसरी हार है। मैनचेस्टर सिटी ने एर्लिंग हेलेंड के 90वें मिनट और फिर इंजरी टाइम में दागे गोल की मदद से बर्नले को 5-1 से शिकस्त दी।




### पहली बार एटलेटिको ने रीयाल मैड्रिड के खिलाफ दागे 5 गोल

**बार्सीलोना।** जूलियन अल्वारेज के दो गोल की बदौलत एटलेटिको मैड्रिड ने ला लीग में रीयाल मैड्रिड के खिलाफ 5-2 की आसान जीत दर्ज की। यह 75 साल में पहला मौका है, जब एटलेटिको ने शहर की अपनी प्रतिद्वंद्वी टीम के खिलाफ पांच गोल किए हैं। अन्य मुकाबलों में स्थानापन्न खिलाड़ी अल्बर्टो मोलेइरो के गोल से तीसरे स्थान पर चल रहे विलारीयाल ने एथलेटिक बिलबाओ को 1-0 से हराया।

## जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक की वार्षिक आमसभा की बैठक आज

**रीवा।** कलेक्टर एवं प्रशासक प्रतिभा पाल की अध्यक्षता में जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक की वार्षिक आमसभा की बैठक 29 सितंबर को प्रातः 10 बजे से कलेक्ट्रेट के बाणसागर सभागार में आयोजित की गई है। महाप्रबंधक ज्ञानेन्द्र पाण्डेय ने संबंधितों से बैठक में उपस्थिति की अपेक्षा की है।

## ईव्हीएम वेयरहाउस का त्रैमासिक निरीक्षण आज

**रीवा।** ईव्हीएम वेयरहाउस का त्रैमासिक निरीक्षण 29 सितम्बर को सुबह 9:30 बजे किया जाएगा। उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने वेयरहाउस निरीक्षण के लिए वेयरहाउस के खोले जाने के समय मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के अध्यक्ष अथवा उनके प्रतिनिधियों से उपस्थिति की अपेक्षा की है।

## अपर मुख्य सचिव की अध्यक्षता में संभागीय समीक्षा बैठक का आयोजन आज

**रीवा।** अपर मुख्य सचिव खाद्य एवं रीवा की संभागीय प्रभारी रश्मि अरूण शमी की अध्यक्षता में संभागीय समीक्षा बैठक 29 सितम्बर को कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई है। बैठक में सुबह 10:30 से दोपहर 12 बजे तक धान उपार्जन तथा सार्वजनिक वितरण प्रणाली से खाद्यान्न वितरण की समीक्षा की जाएगी। तदुपरांत दोपहर 12:30 बजे से आयोजित बैठक में जनप्रतिनिधियों की भी उपस्थिति रहेगी। कमिश्नर रीवा संभाग बीएस जामोद ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को अद्यतन जानकारी के साथ उपस्थित रहने के निर्देश दिए हैं।




## आज से नवीन भवन में संचालित होगा जिला न्यायालय



**रीवा।** जिला न्यायालय का नवीन भवन शासकीय इंजीनियरिंग कालेज के सामने स्थित है। पुराने भवन से समस्त आवश्यक सामग्री नवीन भवन में शिफ्ट कर दी गई है। इस संबंध में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश राकेश मोहन प्रधान ने बताया कि जिला न्यायालय के तहत समस्त न्यायालयों का कार्य संचालन 29 सितम्बर से नवीन न्यायालय भवन में किया जाएगा। न्यायालयों में विचाराधीन व्यावहारिक एवं दाण्डिक प्रकरणों से संबंधित पक्षकार, गवाह, अधिवक्तागण एवं अन्य संबंधित व्यक्ति 29 सितम्बर से नवीन न्यायालय भवन में उपस्थित रहेंगे।

### दुर्गा पंडाल में पूजा करने गया था पूरा परिवार

# कट्टा लेकर घर में घुसे बदमाश लाखों का सामान कर दिया पार

### मोहल्ले वालों में दहशत का महौल, आए दिन टूट रहे घरों के ताले



**जागरण, रीवा**

शहर के समान थाना क्षेत्र में वार्ड क्रमांक 26 लालन टोला में चोरों का आतंक बढ़ता जा रहा है। आए दिन यहां घरों के ताले टूट रहे हैं। किसी प्रकार की कानूनी कार्यवाही न होने से अब चोर हथियारों से लैस होकर घरों में घुस रहे हैं। शनिवार को दुर्गा पंडाल में पूजा करने गया परिवार जब वापस लौटा तो देखा कि घर में हथियार से लैस होकर चोर घुसे हुए हैं। जब तक घर वाले कुछ समझ पाते ही चोर ने कट्टा अड़ाया और वहां से भाग निकला। मामले की सूचना सामान थाना पुलिस को दी गई है। थाना प्रभारी विजय सिंह ने तत्काल मामले में जांच भी शुरु कर दी है। जानकारी के मुताबिक वार्ड क्रमांक 26 लालनटोला बदरांव निवासी भाजपा नेता धीरेन्द्र तिवारी पिता स्व.गोपाल शरण तिवारी ने बताया कि वह और उनका पूरा परिवार करीब 100 मीटर दूरी पर दुर्गा पंडाल पर पूजा के लिए गया हुआ था। वहां से वह करीब 10.15 बजे कपड़ा बदलने लौटे और फिर वह दुर्गा पंडाल में चले गए। जब वह वापस करीब 11 बजे वहां से घर वापस आए और बाउंड्री के गेट से अंदर आए तो देखा कि घर का मुख्य दरवाजा खुला हुआ है और ताला टूटा पड़ा है। उन्हें चोरी का अंदेशा हुआ और वह अंदर गए तो एक चोर कट्टा लिए हुए घर में घुसा हुआ था, उन्हें देखते ही चोर ने उन्हें कट्टा दिखाया और धक्का मारते हुए वहां से निकल गया। चोर के हाथ में सब्बल थी जिसे उसने उनके पैर पर मार दिया। जिससे उनके पांव में चोट लगी और वह गिर गए। चोर बाउंड्री कूदकर भाग निकला। बाहर आकर जब हल्ला गोहार किया तब तक चोर निकल चुके थे। चोर का सब्बल और पेचकस सहित उसकी चप्पल वहीं घर में ही छूट गई। पुलिस को सूचना दी गई। मौके पर पहुंची 112 डॉयल ने जांच की और मामला दर्ज कर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

#### चार पहिया में थे बदमाश

बताया गया कि चोर का इंतजार घर के नजदीक ही दुर्गा पंडाल के पास अन्य दो युवक चार पहिया वाह में कर रहे थे, बताया गया कि जब चोर घर से भागा तो उसी चार पहिया स्विफ्ट में सवार हुआ और तेज गति से कार वहां से भाग निकली। हालांकि कार आस-पास लगे सीसीटीव्ही फुटेज में कैद हो गई है, जिसकी पहचान कर पुलिस तलाश में जुटी हुई है। माना जा रहा है कि आस-पास के असमाजिक तत्व इस घटना में शामिल थे और रैकी कर घटना को अंजाम दिया गया है।

#### आए दिन हो रही वारदात

बता दें कि लालनटोला में आए दिन चोरी की वारदात सामने आ रही हैं, घटना स्थल के समीप खाली पड़ी करीब 18 एकड़ जमीन में शाम होते ही नशेड़ियों का जमावड़ा लग जाता है। इसकी शिकायत कई बार की गई लेकिन पुलिस प्रशासन से इस ओर कोई कार्यवाही नहीं की है। जिससे नशेड़ियों की भीड़ यहां बढ़ती ही जा रही है, स्थानीय लोगो का कहना है कि यह नशेड़ी प्रवृत्ति के लोग ही यहां बैठते है और वह घरो की रैकी कर चोरी व लूट की वारदात को अंजाम देते हैं। अभी तक तो चोर छोटी-मोटी चोरी करते थे लेकिन कार्यवाही नहीं होने से अब वह हथियार से लैस होकर घरों में घुसने लगे हैं।

## मऊगंज जनपद के प्रभारी सीईओ व सहा. ग्रेड-3 निलंबित

### अनियमित भुगतान करने पर की गई कार्रवाई

**जागरण, रीवा।** जनपद पंचायत मऊगंज के प्रभारी मुख्य कार्यपालन अधिकारी रामकुशल मिश्रा व सहायक ग्रेड-3 राजमणि सोधिया को सामान्य सभा/प्रशासनिक सभा का अनुमोदन लिए बिना ही अनियमित भुगतान का दोषी पाए जाने पर कलेक्टठर मऊगंज संजय कुमार जैन द्वारा तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत के पत्रक्रमांक 3033/स्टेनो/ज़पं./2025 दिनांक 7 अगस्त 25 द्वारा प्रस्तुत जांच प्रतिवेदन में भंडार क्रय एवं सेवा उपार्जन नियम, 2015 यथा संशोधित नियम 2022 का पालन नहीं किए जाने, वरिष्ठ कार्यालय द्वारा अनुमोदन नहीं लिए जाने तथा जनपद पंचायत मऊगंज की सामान्य सभा/प्रशासनिक सभा का अनुमोदन प्राप्त किए बिना अनियमित भुगतान किए जाने पर तत्कालीन सीईओ जनपद मऊगंज रामकुशल मिश्रा व सहायक ग्रेड-3 राजमणि सोधिया को दोषी पाए जाने पर मप्र सिविल सेवा (आचरण) नियम 1965(3) तथा मप्र सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) नियम, 1966 के नियम (9) के तहत निलंबित किया जाकर उनका मुख्यालय कार्यालय कलेक्टर, जिला मऊगंज नियत किया गया।

## बड़े बेटे ने आधा दर्जन साथियों के साथ माता-पिता और भाई पर किया हमला

**शाहपुर थाना क्षेत्र के गड़रा की घटना**

**जागरण, रीवा।** मऊगंज जिले के शाहपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम गड़रा में नशे के आदी बेटे ने उस वक्त अपने सगे माता-पिता और भाई पर आधा दर्जन साथियों के साथ हमला कर दिया जब वो उसे गाली गलौज करने से मना कर रहे थे। घटना के दौरान तीनों लोगों को गंभीर चोटे आई हैं जिन्हें उपचार के लिए संजय गांधी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना के संबंध में घायल मिठाई लाल कोल ने बताया कि पड़ोस में रहने वाला उसका बेटा नशे का आदी है जिसको लेकर अक्सर विवाद की स्थिति निर्मित होती है। मिठाई लाल ने बताया कि बीती शाम महेश, राहुल वीरेंद्र कोल शराब के नशे में गाली गलौज कर रहा था, जिसे मना करने पर आरोपियों ने मिठाई लाल उसकी पत्नी राजकली और बेटे महेंद्र के ऊपर लाठी डंडा और तलवार से हमला कर दिया। मारपीट की घटना के दौरान मां बेटे सहित पिता को गंभीर चोटे आई हैं। जिनका उपचार संजय गांधी अस्पताल में चिकित्सकों द्वारा किया जा रहा है।

## स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान के तहत जीडीसी में वृहद स्वास्थ्य शिविर आज

**रीवा।** स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान के तहत उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल की उपस्थिति में 29 सितंबर को कन्या महाविद्यालय रीवा में वृहद स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया है। शिविर प्रातः 10 बजे से आरंभ होगा। शिविर में किशोरियों में एनीमिया स्क्रीनिंग सहित स्वास्थ्य की जांचए उपचार तथा पोषण संबंधी परामर्श व सिकल सेल स्क्रीनिंग की जायेगी।

## बिना परमिट के 22 वाहनों पर परिवहन विभाग की सख्त कार्यवाही, 1.10 लाख रुपये का किया जुर्माना



**जागरण, रीवा।** जिले में सड़क सुरक्षा और यातायात नियमों का कड़ाई से पालन कराने के उद्देश्य से परिवहन विभाग ने विशेष अभियान चलाया। इस कार्रवाई में बिना वैध परमिट के संचालित एक ऑल इंडिया बस सहित 21 ऑटो रिक्शा वाहनों पर कुल 1 लाख 10 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया। विभाग के अधिकारियों ने बताया कि यह अभियान, अनधिकृत संचालन और अन्य उल्लंघनों को रोकने के लिए चलाया गया था, जो सड़क दुर्घटनाओं का प्रमुख कारण बनते हैं। परिवहन की उड़नदस्ता टीम ने रीवा-प्रयागराज, हनुमना और सीधी मार्गों पर सघन जांच के दौरान नियम विरुद्ध चल रहे वाहनों पर कार्रवाई की। बताय गया कि मुख्य रूप से यात्री वाहनों पर कार्रवाई की गई। जादातार बिना परमिट के अवैध रूप से परिचालित हो रहे थे। प्रत्येक वाहन पर जुर्माना लगाया गया, जो मोटर वाहन अधिनियम के तहत निर्धारित दंड राशि के अनुरूप है। इस दौरान वाहन चालकों को चेतावनी दी गई कि भविष्य में ऐसी अनियमितताओं पर और सख्त कार्रवाई की जाएगी। यह कार्रवाई यात्रियों की सुरक्षा को देखते हुए की गई है। बताया गया कि स्थानीय ऑटो ट्रांसपोर्टर संघ ने विभाग से नियमों की जानकारी के लिए जागरूकता अभियान चलाने की मांग भी की है। परिवहन विभाग ने वाहन मालिकों से अपील की है कि वे अपने वाहनों के परमिट, फिटनेस सर्टिफिकेट और अन्य दस्तावेजों को समय पर नवीनीकृत करवाएं, ताकि अनावश्यक जुर्माने से बच सकें। विदित हो कि जिले में यातायात नियमों का उल्लंघन एक बड़ी समस्या है, इसके कारण प्रतिवर्ष सैकड़ों दुर्घटनाएं हो रही हैं। परिवहन विभाग का यह अभियान सड़कों को सुरक्षित बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

## आरक्षक पर जानलेवा हमले का आरोपी धारदार चाकू के साथ गिरफ्तार

**रीवा।** गढ़ पुलिस ने आरक्षक पर चाकू से जानलेवा हमला करने वाले हत्या के प्रयास के फरार आरोपी को चाकू के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी के विरुद्ध पूर्व से आधा दर्जन अपराध पंजीबद्ध थे। जिसके खिलाफ गिरफ्तार वारंट भी जारी थी। पुलिस 30 मई को आरोपी को पकड़ने पहुंची थी तभी आरोपी ने चाकू से आरक्षक पर हमला कर दिया जिसके जिससे आरक्षक पुष्पेंद्र सिंह के सीने में चाकू लगा था। आरोपी रामबहोर साकेत ने शासकीय कार्य में बाधा डालते हुये पुलिस पर जानलेवा हमला कर मौके से फरार हो गया था। घटना के बाद पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 296,115(2),351(2),109(1), 121(1), 132 बीएनएस का प्रकरण कायम किया था। गढ़ पुलिस ने फरार आरोपी रामबहोर साकेत पिता रघुवीर साकेत को रविवार को मुखबिर सूचना के आधार पर काम्बिंग गश्त के दौरान उसके ग्रह ग्राम गंगतीरा से गिरफ्तार किया जिसे न्यायालय में पेश कर जेल भेजा गया है।

## तेज रफ्तार ट्रक ने नगर परिषद कर्मचारी को कुचला, दो गंभीर

### सिरमौर-डभौरा मार्ग में हुआ हादसा



**जागरण, रीवा।** सिरमौर-डभौरा मार्ग में रविवार को बड़ी सड़क दुर्घटना सामने आई। दो बाइकों के बीच हुई टक्कर के बाद पीछे से आ रहे ट्रक ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया। ट्रक ने नगर पंचायत सिरमौर में पदस्थ आउट सोर्स कमर्चारी को कुचल दिया जिससे घटना स्थल पर ही उनकी जान चली गई वहीं दूसरी बाइक में सवार पटवारी सहित एक महिला गंभीर रूप से घायल है, जिनका उपचार संजय गांधी अस्पताल में चल रहा है। घटना के संबंध में मिली जानकारी के मुताबिक सड़क दुर्घटना में नप सिरमौर में पदस्थ कर्मचारी स्वच्छता सहायक गौरव पाण्डेय पिता हरीश कुमार पांडेय निवासी वार्ड क्रमांक 10 सिरमौर की मौत हो गई। जबकि दूसरी बाइक में जवा से सिरमौर आ रहे पटवारी राजभान दीपांकर और पुष्पा प्रसाद घायल हो गए है, जिनका उपचार अस्पताल में किया जा रहा है। घटना के बाद मौके पर सिरमौर पुलिस पहुंची थी जिसने ट्रक को जब्त कर लिया। मृतक के शव को पीएम के लिए अस्पताल पहुंचाने के साथ ही घायलों को एंबुलेंस से अस्पताल भिजवाया गया।

**काल बन कर आया ट्रक :** घटना के संबंध में सिरमौर-डभौरा रोड में अचानक 2 मोटर साइकिलों के बीच टक्कर हो गई। इस दौरान पीछे से आ रहा ट्रक काल बनकर पहुंचा और बाइक सवार नपं सिरमौर के कर्मचारी को कुचल दिया।







## 5 जिलों की पुलिस ने की कॉम्बिंग गस्त, 762 फरार वारंटियों को पकड़ा

### आईजी के निर्देशन पर अपराधियों, निगरानी एवं गुण्डा बदमाश एवं वारंटियों की हुई धरपकड़



**जागरण, रीवा।** पुलिस महानिरीक्षण रीवा जोन गौरव राजपूत के निर्देश पर रीवा, सीधी, सतना, सिंगरौली, मैहर व मऊगंज जिले की पुलिस ने अपने-अपने थाना क्षेत्रों में कॉबिंग गस्त कर फरार स्थाई वारंटियों और वारंटियों को पकड़ा। कॉबिंग गस्त के दौरान अपराधियों, निगरानी बदमाशों एवं वारण्टियों की धरपकड़ कार्रवाई की गई। पुलिस ने कॉबिंग गस्त के दौरान सघन गस्त कर गुण्डा एवं निगरानी बदमाशों की इस दौरान चेकिंग की। रीवा जोन के समस्त जिलों में की गई कार्वाई में पुलिस ने 231 स्थाई वारंटी, 531 गिरफ्तारी वारंटियों के साथ 285 निगरानी चेकिंग व 417 गुण्डा बदमाशों की चेकिंग की। आइजी ने अपराधियों एवं असमाजिक तत्वों पर कसावट लाने के लिए रीवा जोन के समस्त थानों में नियमित रूप से गस्त किए जाने एवं वाहन चेकिंग किए जाने के भी निर्देश दिए है।




## रीवा जिले की पुलिस ने 344 वारंटियों को पकड़ा

पुलिस अधीक्षक रीवा शैलेंद्र सिंह चौहान के निर्देशन पर रीवा जिले के समस्त थानों की पुलिस ने कॉबिंग गस्त कर गुण्डा एवं निगरानी बदमाशों की चेकिंग के साथ फरार वारंटियों की धरपकड़ की। कुल 344 वारंट पुलिस ने तामील करवाए गए। जिले की पुलिस ने 120 स्थाई वारंटी, 224 गिरफ्तारी वारंटियों को न्यायालय में पेश किया वहीं 73 निगरानी बदमाश व 73 गुण्डा बदमाशों की चेकिंग की गई।










जागरण पब्लिकेशन प्रा. लिमि. के लिए मुद्रक/प्रकाशक मदन मोहन गुप्ता द्वारा दैनिक जागरण प्रेस गांधी नगर उर्रहट रीवा (म.प्र.)से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादकः **मदन मोहन गुप्ता।** आर.एन.आई. नं- 1505/57, डाक पंजीयन क्र.- रीवा संभाग 04 /म.प्र. संस्थापक **स्व. गुरुदेव गुप्त**
**कार्यालयः- मोबाइल नं रीवा-** 9098357869, 9425018958 **सतना** - 9993315949 **सीधी**-7089620900 **सिंगरौली**-9424652999 E-mail: rewajagrannew2015@gmail.com